राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 मन की बात देश को आत्मनिर्भर और विकसित ...

पूर्व पुलिस अधिकारी लांस श्रॉयर संभाल ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 80 | पटना, सोमवार, 29 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

हर माह के अंतिम रविवार को होगा पंचायत विकास दिवस का आयोजन: सम्राट

सीएम बोलें- पंचायतों के समग्र विकास और जनभागीदारी को मिलेगी नई दिशा

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखण्ड के टेटिया ग्राम पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को भी सुना। मुख्यमंत्री ने पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये कहा कि अब राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस आयोजित किया जाएगा। इससे वर्ष में 12 अवसर ऐसे मिलेंगे, जब पंचायत प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं ग्रामीण एक साथ बैठकर पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे और स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार को किया जाता है। इसमें आप आवेदन देते हैं और आपके काम जो सरकार के स्तर पर लंबित होते हैं, उसका निष्पादन 30 दिन में किया जाता है। लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक आवेदनों को बिहार सरकार ने निष्पादित किया। उसी तर्ज पर यह दूसरा शिविर है। ये पंचायतों के विकास की चिंता करेगा। जिस प्रकार सहयोग शिविरों के माध्यम से लाखों लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन किया गया है, उसी प्रकार पंचायत विकास दिवस ग्रामीण विकास का प्रभावी मंच बनेगा।

पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है: मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, जल प्रबंधन, सिंचाई, पेयजल, स्वच्छता, हरित विकास, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा और कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने सांसद, विधायक, जिला परिषद, पंचायत समिति, मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं पंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों से ग्राम सभाओं के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस के प्रथम आयोजन की थीम 'महिला हितैषी पंचायत' रखी गई है। उन्होंने बताया कि जीविका दीदियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है तथा बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।

डिग्री कॉलेज के खुलने से बच्चे अपने गांव में ही पढ़ाई कर सकेंगे: मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल तथा 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके। हमने सभी प्रखण्डों में मॉडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। यह मॉडल स्कूल ऐसा बनेगा, जो बच्चों को उच्च गुणवता के साथ शिक्षा प्रदान करेगा। हमलोगों का सपना तब पूरा होगा, जब प्राइवेट स्कूल के बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करेंगे। डिग्री कॉलेज के खुलने से बच्चे अपने गांव में ही पढ़ाई कर सकेंगे। बाहर जाकर जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे यहीं करेंगे।

विकसित भारत और समृद्ध बिहार के लिये आत्मनिर्भर पंचायत और आत्मनिर्भर गांव का होना जरूरी: मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार बनाने के सपने को पूरा करेंगे। विकसित भारत और समृद्ध बिहार के लिये आत्मनिर्भर पंचायत और आत्मनिर्भर गांव का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार 125 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। भविष्य में सोलर ऊर्जा आधारित व्यवस्था विकसित कर लोगों को दीर्घकालिक एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और कानून का राज हर हाल में कायम रखा जाएगा। कार्यक्रम को गन्ना उद्योग मंत्री सह मुंगेर जिला के प्रभारी मंत्री संजय कुमार, सांसद अरुण कुमार भारती और पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने भी संबोधित किया।

ये रहे मौजूद:-

कार्यक्रम में विधायक कुमार प्रणय, विधायक नचिकेता मंडल, विधान पार्षद लाल मोहन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुंगेर प्रमण्डल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित अन्य वरीय अधिकारी समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

प्रमुख बिन्दु :-

- हर माह अलग-अलग थीम पर पंचायत विकास से जुड़ी योजनाओं एवं विषयों पर होगा व्यापक विमर्श।
- पंचायत विकास दिवस के पहले आयोजन की थीम 'महिला हितैषी पंचायत' रखी गई
- पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है
- सांसद, विधायक, जिला परिषद, पंचायत समिति, मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं पंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों से ग्राम सभाओं के माध्यम से अपनी जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील
- विकसित भारत और समृद्ध बिहार के लिये आत्मनिर्भर पंचायत और आत्मनिर्भर गांव का होना जरूरी है

मुख्यमंत्री ने पटना साइंस कॉलेज का किया भ्रमण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होगा यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज : मुख्यमंत्री

मुख्य बिन्दु :-

- पटना साइंस कॉलेज विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान के अग्रणी केन्द्र के रूप में विकसित होगा ताकि इसका ऐतिहासिक गौरव वापस आ सके
- पटना साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होने वाला यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज भौतिकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान का बनेगा उत्कृष्ट केन्द्र

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना साइंस कॉलेज का निरीक्षण किया तथा परिसर का विस्तृत अवलोकन करते हुए इसके समग्र विकास के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पटना साइंस कॉलेज परिसर में यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज की स्थापना की जाएगी। यह विश्वविद्यालय भौतिकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में उच्चस्तरीय शिक्षा, नवाचार तथा अत्याधुनिक अनुसंधान का उत्कृष्ट रेगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शोधकताओं को विश्वस्तरीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना साइंस कॉलेज की एक गौरवशाली शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक परंपरा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य इस ऐतिहासिक संस्थान को पुनः विज्ञान के अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संस्थान के रूप में विकसित करना है ताकि इसका पुराना गौरव पुनर्स्थापित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये विश्वविद्यालय की स्थापना एवं परिसर के समग्र विकास के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केन्द्रों, उन्नत शैक्षणिक अधोसंरचना तथा अंतर्राष्ट्रीय मानकों के सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि साइंस कॉलेज की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जायेगा। छात्रावास एवं प्ले ग्राउंड्स की व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिये शीघ्र टीम भेजी जायेगी।

सरकार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना साइंस कॉलेज परिसर में स्थापित होनेवाला यूनिवर्सिटी ऑफ फिजिक्स एंड साइंसेज न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के विद्यार्थियों एवं शोधकताओं के लिए ज्ञान, अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता का प्रमुख केन्द्र बनेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साइंस कॉलेज की प्राचार्या प्रो डॉ अलका ने साइंस कॉलेज की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने पटना कॉलेजिएट स्कूल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना कॉलेजिएट स्कूल का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसे मॉडल (आदर्श) स्कूल के रूप में विकसित किया जायेगा। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं तथा बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध करायी जायेगी।

ये रहे मौजूद : -निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, शिक्षा विभाग के सचिव शिवनोद सिंह गुंजियाल, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मौसम

अधिकतम तापमान 35.0°C

न्यूनतम तापमान 22.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	45%
नहीं	55%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	1,43,635
चांदी	2,99,600
सेंसेक्स	77,100
निफ्टी	24,056

संक्षिप्त खबरें

बिहार के दरभंगा जिले में मोहर्रम के बाद बवाल

दरभंगा। बिहार में दरभंगा जिले के कमतौल थाना क्षेत्र के बरिऔल चौक पर रविवार रात मोहर्रम के अवसर पर ताजिया विसर्जन एवं पहलाम के बाद उपद्रव और मारपीट की घटना से इलाके में तनाव फैल गया। उपद्रवियों ने कई घरों, दुकानों और मंदिर परिसर में हमला कर तोड़फोड़ की। घटना में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोप है इस दौरान हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया गया। तनाव को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देररात कुछ लोगों ने बरिऔल चौक और आसपास के क्षेत्रों में उत्पात मचाया। उपद्रवियों ने कई घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की। मंदिर की चाहरदीवारी क्षतिग्रस्त कर दी। दुकानों के शीशे तोड़ दिए तथा इलाके में लगे सीसीटीवी को भी नुकसान पहुंचाया। कई मकानों की एस्बेस्टस की चादरें भी क्षतिग्रस्त कर दी। इस दौरान रास्ते में जो लोग मिले उनके साथ मारपीट की गई।

मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज

प्रात: किरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की मंत्रिपरिषद में जल्द फेरबदल होने की संभावना प्रतीत हो रही है और सत्तारूढ़ दल के शीर्ष स्तर से मिल रहे संकेतों के अनुसार, यह फेरबदल अब कभी भी- संभवतः संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले किया जा सकता है।

इस संबंधी विचार-विमर्श की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई टीम की घोषणा के साथ किया जाएगा। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों की सूची को अंतिम रूप दे चुका है और ह्यनितिन नवीन की टीमह्व की घोषणा जल्द होने की संभावना है। पार्टी के युवा चेहरों को संगठन में प्रमुख पदों की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा अध्यक्ष ने पिछले सप्ताह कुछ केंद्रीय राज्य मंत्रियों के साथ भी विचार-विमर्श किया था। इस बात की प्रबल संभावना है कि कुछ केंद्रीय मंत्रियों को भाजपा में संगठनात्मक भूमिकाएं संभालने के लिए भेजा जाएगा और पार्टी के पदाधिकारियों को मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

कुछ मंत्रियों के विभाग बदले जाने की भी अटकलें हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में अनियमितताओं सहित मंत्रालय से जुड़े कई विवादों के कारण शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

सूत्रों ने संकेत दिया कि अगर फेरबदल होता है तो यह जुलाई में कभी भी हो सकता है। संसद का मानसून सत्र आम तौर पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है। मंत्रिमंडल में फेरबदल की तारीख प्रधानमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम को ध्यान में रखकर तय किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 से 29 जून तक सेशेल्स की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उनके छह से 11 जुलाई के बीच इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जाने की भी संभावना है। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची का भी एक से तीन जुलाई तक नई दिल्ली की यात्रा का कार्यक्रम है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार के शीर्ष अधिकारियों के बीच यह राय प्रबल हो रही है कि अहम मंत्रालयों में नए चेहरों को शामिल किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा क्षेत्रीय, राज्यवार, जातीय और राजनीतिक निष्ठा से जुड़े समीकरणों को ध्यान में रखकर मंत्रिपरिषद में संतुलन बनाने की राजनीतिक मजबूरियां भी हैं।

दो केंद्रीय मंत्रियों पंकज चौधरी और हर्ष मल्होत्रा को क्रमशः भाजपा की उत्तर प्रदेश और दिल्ली इकाई की जिम्मेदारी पहले ही दी जा चुकी है। इस बात की प्रबल संभावना है कि भाजपा एक व्यक्ति, एक पद के अपने नियम का पालन करेगी जिसके कारण दोनों को सरकार से हटना पड़ सकता है। दो अन्य केंद्रीय मंत्रियों जॉर्ज कुरियन और रवनीत सिंह बिट्टू को हाल में संपन्न राज्यसभा चुनावों के लिए भाजपा ने दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया। उच्च सदन में उनका कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो गया। कुरियन अपने पद से पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं जबकि बिट्टू अब भी मंत्री हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने बिट्टू को आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। कांग्रेस के पूर्व नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र बिट्टू प्रभावशाली जाट सिख समुदाय का प्रमुख चेहरा हैं।

सेशेल्स में पीएम मोदी ने कई अहम एमओयू पर किए हस्ताक्षर

यूपीआई लागू करने पर बनी सहमति

प्रात: किरण

विक्टोरिया/एजेंसी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। भारत और सेशेल्स ने कृषि, एक्जिम बैंक, बाहरी अंतरिक्ष में खोज और नए सेशेल्स नेशनल हॉस्पिटल पर चर्चा के लिए ज्ञापन समझौता (एमओयू) एक्सचेंज किया। पीएम मोदी ने कहा, डॉ. पैट्रिक हर्मिनी, दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल और मीडिया के साथियों का धन्यवाद। हमारे इस महत्वपूर्ण स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए मैं राष्ट्रपति हार्मिनी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। उनके द्वारा गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन से सम्मानित किया जाना मेरे लिए और 140 करोड़ भारतवासियों के लिए हर्ष का विषय है। मैं इस सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हुए उन सभी देशों को समर्पित करता हूं, जो क्लाइमेट चेंज की चुनौती से लड़ रहे हैं और पर्यावरण संरक्षण को भावी पीढ़ियों के प्रति अपना दायित्व मानते हैं। गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन सेशेल्स गणराज्य द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया गया एक सर्वोच्च नागरिक और पर्यावरण सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी यात्रा ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर हो रही है, जब सेशेल्स अपनी आजादी के 150 वर्ष पूरे कर रहा है। हम भारत-सेशेल्स राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इन 50 वर्षों की यात्रा में हमने मित्रता को विश्वास में, विश्वास को सहयोग में और सहयोग को जनकल्याण में बदला है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर ने सदियों से भारत और सेशेल्स के संबंधों को सींचा है। इसकी लहरों ने हमारे बीच व्यापार, संस्कृति और मानवीय संबंधों को निरंतर पोषित किया है। हम विश्वास करते हैं कि हिंद महासागर हमारा साझा घर है और इसकी सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि हमारी साझा जिम्मेदारी है। यही भावना हमारे महासागर विजन का आधार है। इस साल फरवरी में राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की भारत यात्रा के दौरान जारी किए गए संयुक्त विजन से हमारी भावी साझेदारी का ब्लूप्रिंट तैयार हुआ है।

राम मंदिर को लेकर अनर्गल आरोप माहौल खराब करने का प्रयास : विहिप

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि राम मंदिर को लेकर लगाए जा रहे अनर्गल आरोप माहौल खराब करने की साजिश है। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के संवाददाता सम्मेलन में लगाए गए हजारों करोड़ की चोरी के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने इसे समाज में विद्वेष फैलाने की साजिश बताया। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के 'सियाराम धाम' बनाने वाले चुनावी वादे को भी आड़े हाथों लिया। आलोक कुमार ने कांग्रेस द्वारा राम मंदिर से कीमती सामान और हजारों करोड़ गायब होने के आरोपों पर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि मंदिर का सारा सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान पूरी तरह सुरक्षित है। विहिप अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि जब सब कुछ सुरक्षित है, तो 'हजारों करोड़ गायब होने' का यह आंकड़ा कहां से आ गया? यह पूरी तरह से हवा-हवाई और समाज में असंतोष पैदा करने की कोशिश है।

आलोक कुमार ने इसे सिर्फ एक राजनीतिक बयान न मानकर एक गंभीर दंडनीय अपराध बताया। उन्होंने जांच एजेंसियों और पुलिस से सख्त कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में अविश्वास, नाराजगी और आस्था को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही इस 'रूमर मोंगरिंग' (अफवाहबाजी) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353 के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। पुलिस को ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने वालों को समन भेजकर पूछताछ करनी चाहिए। उनसे पूछा जाए कि 'हजारों करोड़ की चोरी' के दावे का आधार क्या है और वे इससे जुड़े दस्तावेज व जानकारियां उपलब्ध कराएं। यदि वे सबूत नहीं दे पाते और निश्चित रूप से उनके पास कोई सामग्री नहीं है तो उन्हें कानूनन दंडित किया जाना चाहिए।

मादक पदार्थों की लत राष्ट्र के विकास के लिए गंभीर खतरा : उपराष्ट्रपति

- नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, अभिभावकों और नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा

प्रात: किरण

बेंगलुरु/एजेंसी। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मादक पदार्थों की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि शिक्षा, उत्पादकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के विकास के लिए भी गंभीर खतरा है। उपराष्ट्रपति रविवार को बेंगलुरु में राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के 31वें स्थापना दिवस पर आयोजित 'नशा मुक्त भारत' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, अभिभावकों और नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में व्यापक जनजागरूकता पैदा करना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस. अब्दुल नजीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

संबोधन | पीएम ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 135 वीं कड़ी को किया संबोधित

समुद्र से आसमान तक भारत बन रहा है आत्मनिर्भर : मोदी

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत समुद्र से लेकर आसमान तक रक्षा क्षेत्र में तेजी से अधिक सुरक्षित तथा आत्मनिर्भर बन रहा है और स्वदेशी तकनीक तथा विनिर्माण के दम पर देश नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 135 वीं कड़ी में कहा कि 2026 का आधा हिस्सा बीतने को है और इन छह महीनों में देश ने सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के बेड़े में आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और

आईएनएस अग्रय को शामिल किया गया। इन युद्धपोतों का डिजाइन और निर्माण पूरी तरह स्वदेशी है। श्री मोदी ने कहा कि जून में ही विमानन क्षेत्र में भी बड़ी सफलता मिली है। मेक इन इंडिया के तहत निर्मित सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है और ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि इसी महीने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने स्वदेशी लंबी दूरी की भूमि-आक्रमण क्रूज मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों की साझेदारी से विकसित की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन उपलब्धियों से स्पष्ट है कि आज भारत समुद्र से लेकर आकाश तक अधिक सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है।

पीएम ने स्वदेशी रक्षा शक्ति से सामाजिक बदलाव तक का किया जिक्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व में कहा कि जून का महीना भारत के लिए अनेक उपलब्धियों और प्रेरणादायक पहलों का साक्षी रहा है। उन्होंने स्वदेशी रक्षा क्षमता, विमानन क्षेत्र की प्रगति, योग की वैश्विक लोकप्रियता, असम में हरगिला संरक्षण अभियान, नागालैंड में खेलों को बढ़ावा देने वाली पहल और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक बदलाव आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नई ऊर्जा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 का आधा समय बीतने को है और बीते छह महीनों में देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। जून का महीना विशेष रूप से कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों और प्रेरणादायक घटनाओं से भरा रहा। इन सफलताओं ने न केवल देश की क्षमताओं को प्रदर्शित किया है, बल्कि नागरिकों में भी आत्मविश्वास का संचार किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय नौसेना के बेड़े में तीन नए युद्धपोत शामिल किए गए हैं। इन युद्धपोतों का डिजाइन, निर्माण और तकनीकी विकास भारत में ही हुआ है, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश अब रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वदेशी तकनीक पर आधारित प्रणालियां राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बना रही हैं।

संक्षिप्त खबरें

संगठन को मजबूती और विस्तार को लेकर बैठक की गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत भारतीय जवान किसान पार्टी, बिहार इकाई का रविवार को संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर बैठक की गई। प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व पेटी ऑफिसर अशोक कुमार सिंह अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया गया। श्री सिंह ने बैठक में दीपक कुमार यादव को प्रदेश सचिव,राजपति सिंह को प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर दस मई 026 को मनोनीत किया गया था,जिसे आज की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। नए पदों के निर्वाचन में प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन जयराम सिंह,सूबेदार सिद्धनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष, पटना पश्चिमी के प्रफुल कुमार व उपाध्यक्ष शशी कुमार,प्रखंड अध्यक्ष, पालीगंज महेश कुमार , दानापुर के पप्पू यादव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम कुमार ओझा, अशोक प्रसाद राय, प्रदेश सलाहकार समिति अध्यक्ष डी.के. शर्मा बने।

पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रखंड के सभी 10 पंचायत में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया।प्रत्येक मां के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाली पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ रविवार से किया गया।दियारा से लेकर ऊपड़वार तक के सभी पंचायत के पंचायत भवन में इसका आयोजन हुआ। विकास दिवस की पहली बैठक महिला हितैषी पंचायत विषयक रहा। जिसमें ग्राम सभा के सदस्यों की भागीदारी रही। साथ ही जीविका दीदी की भी उपस्थिति देखी गई। बैठक में महिलाओं के विकास को लेकर चर्चा की गई।प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का भी प्रसारण किया गया। परिसीमन के बाद बचे सभी 10 पंचायत क्रमशः दियारा के पतलापुर, गंगहारा, हेतनपुर, कासिमचक, पुरानी पानापुर, मानस एवं ऊपड़वार के जमसौत, सरारी एवं हथियाकांध पंचायत में इसका आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार जमसौत, सरारी एवं हथियाकांध पंचायत पहुंचे।

135 वां मन की बात के प्रसारण को लेकर सगुना मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत प्रधानमंत्री के 135 वां मन की बात के प्रसारण को लेकर सगुना मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैनपुरा स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर सिंह के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद शिवेश राम मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 135 वां मन की बात सुनने को लेकर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नेता गणमान्य लोग शामिल हुए। सांसद श्री राम ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने विकसित राष्ट्र को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। मन की बात कार्यक्रम से देश के हर वर्ग के लोगों को एवं प्रत्येक उम्र के लोगों को आगे बढ़ाने को लेकर एवं देश में चल रहे कार्यों के बारे में रखते हैं। योग दिवस पर दुनिया के 2500 से ज्यादा स्थानों पर लोगों ने सामूहिक योग किये जाने एवं इसके अलावे वर्षा जल संचय, साफ सफाई, नालंदा विश्वविद्यालय के अलावा कई मुद्दो पर बाते रखी। जिससे लोगों का भी लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर सिंह, उपेंद्र सिंह समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

द्विज समाज सेवा संघ ने की विशेष बैठक

दानापुर। नगर के अंतर्गत द्विज समाज सेवा संघ ने की विशेष बैठक सोनारी मंदिर में आयोजित की गई। संघ के अध्यक्ष आचार्यवायुनंदनमिश्रा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शाहपुर के बिलौटी गांव में हुई घटना की निंदा करते हुए भारत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि दी गई, उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही संघ के कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उनके परिजनों से मिलने की सराहना की गई। श्री मिश्रा रविवार को उनके गांव जाकर परिजनों से मिले। बैठक में संघ के पूर्व वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार मिश्रा के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। बैठक में मुख्य रूप से रविकांत मिश्रा, अभय मिश्रा संगठन मंत्री गोलू झा, चंदन पाठक, जितेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

दरवाजे पर बंधी भैंस चोरी, थाने में शिकायत

फतुहा। थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव निवासी सुनील दास के दरवाजे पर बंधी भैंस अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पीड़ित ने रविवार को फतुहा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, शुक्रवार की रात भैंस हमेशा की तरह घर के बाहर बंधी थी, लेकिन शनिवार सुबह वह गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद भैंस का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

भाजपा नेताओं ने सुना पीएम मोदी के मन की बात

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को कैंप कार्यालय में पीएम मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रो. (डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता, मुख्य प्रवक्ता नरेश महतो, अंजनी कुमार गुप्ता, आनंद मिश्रा पाराशर, मधु प्रिया सहित प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, स्थानीय व्यवसायी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. जगन्नाथ गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी का यह संबोधन बिहार के पर्यावरण, जल संरक्षण एवं कृषि विकास के लिए नई दिशा प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि नदियों, तालाबों एवं कुओं के संरक्षण, जलकुंभी एवं प्लास्टिक कचरे की सफाई में युवाओं की भागीदारी की पीएम द्वारा की गई सराहना अत्यंत प्रेरणादायक है। इससे बिहार में संचालित नमामि गंगे एवं स्थानीय स्वच्छता अभियानों को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

गोह कस्तूरबा गांधी विद्यालय का मीटिंग हॉल जर्जर

गोह (औरंगाबाद) (सं.)। गोह प्रखंड मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के मीटिंग हॉल काफी जर्जर हो गया है। जो कभी भी गिर सकता है। जिसके कारण बड़ा हादसा हो सकता है।यह भवन का निर्माण दस वर्ष पूर्व किया गया था। कुछ ही वर्षों के बाद भवन के दीवार में दरार पड़ना शुरू हो गया था। समय पर मरम्मत नहीं होने से भवन की स्थिति और बेहद खराब हो गईं। विद्यालय के वार्डेन संगीता कुमारी ने बताया कि भवन जर्जर होने के कारण मीटिंग व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बंद कर दिया गया है। जिसकी सूचना वरीय अधिकारी को दे दिया गया है। इसके बावजूद इस समस्या को समाधान करने के लिए कोई दिशा निर्देश नहीं दिया गया है। विदित हो कि गोह में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का संचालन 2007 में किया गया था।

लापता एलएलबी छात्रा दिव्या कुमारी का मिला शव, होटल संचालक पर हत्या का आरोप, परिजनों ने पुलिस पर भी लगाए गंभीर आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी/डोभी। गया जिले के डोभी प्रखंड अंतर्गत अक्षमा गांव की रहने वाली एलएलबी छात्रा दिव्या कुमारी का शव चार दिनों से लापता रहने के बाद झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो गांव के पास एक पुराने माइंस के गड्ढे से बरामद हुआ। हंटरगंज पुलिस ने शव की पहचान चमारी पासवान की बेटी दिव्या कुमारी के रूप में की। घटना के बाद मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतका की मां उर्मिला देवी ने शेरघाटी नई बाजार में होटल चलाने वाले एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक उनकी बेटी को अक्सर फोन कर परेशान करता था और अपने पास बुलाता था। परिजनों के अनुसार 24 जून को युवक दिव्या को कौलेश्वरी पहाड़ लेकर गया था। वहां से लौटने के बाद दिव्या घर आई, लेकिन बाद में आरोपी ने दोबारा फोन कर उसे धमकाकर बुलाया। इसके बाद वह घर से निकली और उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों का आरोप है कि युवक ने ही दिव्या की हत्या कर शव को पुराने खदान के गड्ढे में फेंक दिया। मृतका की बहन ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी मां के साथ आरोपी के होटल पर जानकारी लेने पहुंची तो वहां उनके साथ बदसलूकी और गाली-गलौज की गई। परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिकायत लेकर शेरघाटी थाना पहुंचे तो आवेदन लेने से इनकार कर दिया गया। साथ ही आरोप लगाया कि आरोपी को पुलिस संरक्षण दे रही है। परिजनों ने थाना के एक कर्मी की ब्रेजा कार के इस्तेमाल होने का भी आरोप लगाया है। वहीं डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस सभी आरोपों की जांच कर रही है।

घरेलू कामगार बहनें कानूनी सुरक्षा से वंचित और वेतन भी चिंताजनक

अंतर्राष्ट्रीय घरेलू कामगार दिवस का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन-बिहार द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय घरेलू कामगार दिवस का आयोजन कुल्हड़िया पैलेस में किया गया। इस अवसर पर प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इनके साथ लगभग 300 घरेलू कामगार महिलाएं शामिल हुई। संगठन की राज्य समन्वयक सि. लीमा रोस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि घरेलू कामगारों का पूरे देश में सबसे अधिक मांग है। क्योंकि वे घरों को चलाने के लिए अनिवार्य सेवा प्रदान करती हैं। अन्य रोजगार तक पहुंच नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं घरेलू काम में लगी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब महिलाएं अपने घरों को छोड़कर रोजगार की तलाश में शहरों में आकर बस रही हैं। ये संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू कामगार बहनें जो शहरों में सबसे ज्यादा रोजगार के रूप में कार्य कर रही हैं, वे किसी भी कानूनी सुरक्षा से वंचित है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कानून नहीं होने के कारण उनका स्थिति काफी दयनीय है। उनका वेतन बहुत ही कम है, जो निंदनीय है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला विकास मंच की अध्यक्ष वीणा मानवी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं आपकी मांगों को पहले भी माननीयों के पास रखा था, लेकिन चुनाव बाद इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मैं आपकी मांगों को हमेशा सरकार के समक्ष उठाता रहूंगा।

कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन : पेपर लीक और भ्रष्टाचार के विरोध में फूंका पुतला

फतुहा। रविवार की शाम कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने पेपर लीक और बढ़ते भ्रष्टाचार के गंभीर मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पशुपति नाथ दुबे के नेतृत्व में एकजुट हुए कार्यकताओं ने अपना कड़ा रोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार, कामेश्वर क्रांतिकारी, जितेंद्र सिंह, रासबिहारी सिंह, अशोक दुबे, प्रेम सागर गुप्ता और प्रविंद प्रसाद सिंह सहित कई अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिन्होंने शिक्षा व्यवस्था और सरकारी तंत्र की खामियों को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला।

छात्रों ने चलाया पौधारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पटना। श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज के छात्रों ने रविवार को एक पटना सिटी में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण बचाने की मुहिम को आगे बढ़ाया। इस अभियान में करीब 25 से 30 छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी छात्रों के गले में पहचान पत्र थे और उनके हाथों में आम, नीम और अन्य प्रजातियों के पौधे थे। छात्रों ने खुद गड्ढे खोदकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। अमन ने बताया, हमारा मकसद सिर्फ पौधे लगाना नहीं है, बल्कि लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। हर साल बढ़ती गर्मी और प्रदूषण को देखकर हमने यह पहल की है। यह अभियान राजधानी में विश्व युवक केंद्र एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन ने युवाओं में पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का उदाहरण है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा ने बताया कि 5 जून से 5 जुलाई 2026 तक सघन पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है । तीस हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य फाउंडेशन रखा है । गंगा किनारे के गांव में सघन पौधारोपण किया जा रहा है ।

नेपाल में डॉ. मोहम्मद शमीम को मिला अंतरराष्ट्रीय आवर्ड

प्रात: किरण संवाददाता

काठमांडू/वैशाली। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित में बिहार के वैशाली जिले के पातेपुर निवासी प्रतिष्ठित अ वरल विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद शमीम को AYUSH क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए से सम्मानित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन तथा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल रहे, जबकि भारतीय दूतावास, नेपाल के प्रतिनिधि सुमन शेखर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा (UAE) के प्रतिनिधि कुलदीप चतुर्वेदी ने भी कार्यक्रम में विशेष सहभागिता की। सम्मेलन में भारत के 25 से अधिक राज्यों के साथ-साथ नेपाल, मलेशिया, कनाडा, यूएई, बांग्लादेश और सिंगापुर से आए 254 अ वरल चिकित्सकों, शोधकताओं, शिक्षाविदों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्यमियों एवं मैन्युफैक्चररर्स ने भाग लिया। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण विषय पर आयोजित रहा, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर एक ऐतिहासिक विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया। इस उपलब्धि ने वैश्विक स्तर पर अ वरल चिकित्सा प्रणाली की बढ़ती स्वीकार्यता और प्रभावशीलता को नई पहचान दिलाई। सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशेषज्ञों को से सम्मानित किया गया। वहीं उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उद्यमियों को प्रदान किया गया। डॉ. मोहम्मद शमीम को अ वरल चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, शोध, नवाचार एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर वैशाली सहित पूरे बिहार में हर्ष का माहौल है।

मुहर्रम पर मानवता की मिसाल, मुफ़्त चिकित्सा शिविर व शीतल शर्बत वितरण

- भीषण गर्मी में सेवा का संकल्प, नगर परिषद बरौनी क्षेत्र में सराहनीय पहल

बरौनी (बेगूसराय) ' नगर परिषद् बरौनी क्षेत्र में मुस्लिम पर्व मुहर्रम के अवसर पर मानवता, सेवा और सौहार्द की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की गई. हेल्थ केयर क्लीनिक के बैनर तले एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों एवं ताजिया जुलूस में शामिल प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं. इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक परामर्श प्राप्त किया. कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सेवा भाव से शीतल शर्बत का वितरण भी किया गया. ताजिया जुलूस में भाग ले रहे प्रतिभागियों, कार्यकताओं एवं आम जनों के बीच यह व्यवस्था विशेष रूप से सराहनीय रही. उपस्थित लोगों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया. इस पुनीत एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का नेतृत्व मो. ग्यासउद्दीन एवं डॉ. गणेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया. उनके मार्गदर्शन में पूरी टीम ने सेवा भावना के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया. मौके पर डॉ गणेश कुमार,डॉ आकाश,डॉ रौशनी प्रवीण,डॉ सदाफ नियाज, मो. तनवीर, सिस्टर अमिता, सिस्टर खुशबू सहित अन्य सहयोगी भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और अपनी सेवाएं प्रदान कीं. वहीं, डॉ. जी. कुमार ने कहा कि ‟मुहर्रम केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, सेवा और मानवता का प्रतीक भी है. ऐसे अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता करना हमारा सामाजिक दायित्व है. भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य था. डॉक्टर आकाश ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे.‟ मालूम हो कि इस आयोजन ने न केवल सामाजिक एकता को मजबूत किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि सामूहिक प्रयास से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है. सेवा, समर्पण और सद्भाव की यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही.

बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के स्थायी समिति की बैठक में औरंगाबाद के सदस्यों ने हिस्सा लिया

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सदस्य बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश कार्यालय पहुंचे और वहां बैठक में शामिल होकर संस्था के गतिविधियों में हिस्सा लिया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,महामंत्री धनंजय जयपुरी, संयुक्त मंत्री नागेंद्र केसरी ने बैठक में हिस्सा लिया और वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ द्वारा दिए गए वक्तव्यों का अवलोकन किया।डॉ अनिल सुलभ ने बताया कि बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन ने जिस प्रकार से हिंदी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने के लिए विविध कार्यक्रमों को मूर्त रूप प्रदान कर रही है वह आने वाले भविष्य में एक दिन हिंदी को उच्चतर शिखर पर स्थापित करने में जरूर कारगर साबित होगी।साथ-ही-साथ बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के द्वारा जिस प्रकार से साहित्यिक गतिविधियां आयोजित किए जाते हैं वह जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाए तो बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन का जो अभियान है वह एक दिन जरुर सफल होगा।

सदगुरु कबीर जयंती पर आचार्य कबीरपीठ में होगा भव्य आयोजन

फतुहा। सदगुरु कबीर जयंती के अवसर पर सोमवार को दरियापुर स्थित आचार्य कबीरपीठ में भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विश्व कबीर मानव समाज उत्थान मंच के अध्यक्ष आचार्य परमानंद दास ने बताया कि सुबह 6 बजे बीजक ग्रंथ पाठ, 9 बजे हवन, 11 बजे से सत्संग, भजन एवं प्रवचन तथा शाम 5 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद गिरी, महंत विश्वमोहन दास, हिमराज राम, महंत अमोद गोस्वामी, महंत सुभान दास सहित कई संत-महात्मा एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।

मादक द्रव्यों के निषेध का संकल्प लेने के लिए युवाओं का आह्वान

- सभी प्रकार के नशे से दूर रहें समाज के सभी लोग, तभी होगी जीवन में खुशहाली : वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद
- आयुर्वेद के माध्यम से नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त भारत का संकल्प सम्भव

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। विश्व मादक द्रव्य निषेध दिवस के अवसर पर अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक, शेखपुरा (बेली रोड), पटना के निदेशक वैद्य (प्रो.) दिनेश्वर प्रसाद, एम. डी. (कायचिकित्सा एवं पंचकर्म) ने कहा कि आज नशे की समस्या केवल शराब, तंबाकू, गांजा, अफीम, स्मैक अथवा अन्य मादक पदार्थों तक सीमित नहीं रह गई है। युवाओं को आकर्षित करने के लिए अनेक प्रकार की दवाओं, घरेलू रासायनिक पदार्थों, कृत्रिम नशीले पदार्थों तथा तथाकथित यौन शक्ति, अधिक समय तक सहवास, शक्ति एवं स्टैमिना बढ़ाने के नाम पर बिकने वाले अवैध एवं मिलावटी उत्पादों का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि धूम्रपान, बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, गुटखा, खैनी, जर्दा, तंबाकू, शराब, भांग, गांजा, चरस, अफीम, स्मैक, ब्राउन शुगर, कोकीन, कृत्रिम नशीले पदार्थ, नशीली गोलियाँ, नींद की गोलियाँ, दर्द निवारक दवाओं का दुरुपयोग, खाँसी की कुछ औषधियों का दुरुपयोग, पेट्रोल, थिनर, गोंद, व्हाइटनर, स्प्रे तथा अन्य उड़नशील रासायनिक पदार्थों का नशे के रूप में उपयोग शरीर, मस्तिष्क, हृदय, यकृत, फेफड़ों तथा प्रजनन क्षमता पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है।वैद्य प्रो. प्रसाद ने विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल यौन शक्ति बढ़ाने, सहवास अवधि बढ़ाने, तुरंत जोश, रात्रि शक्ति, शक्ति वर्धक कैप्सूल‟, हर्बल चमत्कारी दवा‟ जैसे भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से युवाओं को भ्रमित किया जा रहा है। इनमें से अनेक उत्पाद बिना गुणवत्ता परीक्षण के बनाए जाते हैं तथा इनमें छिपे हुए रासायनिक तत्व पाए जा सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में नशे को प्रज्ञापराध अर्थात बुद्धि एवं विवेक के विपरीत आचरण माना गया है। नशा शरीर के दोषों, धातुओं एवं मन का संतुलन बिगाड़कर ओज का क्षय करता है तथा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक रूप से दुर्बल बना देता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति के लिए केवल औषधियाँ ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि योग, प्राणायाम, ध्यान, सात्त्विक आहार, नियमित दिनचर्या, पंचकर्म, रसायन चिकित्सा, परिवार का सहयोग तथा सकारात्मक सामाजिक वातावरण भी अत्यंत आवश्यक हैं। अंत में उन्होंने युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे का सेवन बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं के सेवन तथा भ्रामक विज्ञापनों के झांसे में न आएँ और स्वस्थ, संयमित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें। – वैद्य (प्रो.) दिनेश्वर प्रसाद एम.डी. (कायचिकित्सा एवं पंचकर्म) पूर्व प्राचार्य, राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पटना सह-निदेशक, अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक, शेखपुरा (बेली रोड), पटना का एक छोटा-सा सुझावः आज आवश्यकता केवल मादक द्रव्यों से मुक्ति की नहीं, बल्कि हर उस पदार्थ से सावधान रहने की है जो क्षणिक सुख, शक्ति, उत्साह या यौन क्षमता बढ़ाने का झूठा दावा करके युवाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और नैतिक पतन की ओर ले जाता है। नशा किसी भी रूप में हो—वह व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र—तीनों का शत्रु है। आयुर्वेद संयम, सदाचार, संतुलित आहार-विहार, योग, प्राणायाम, पंचकर्म एवं रसायन चिकित्सा के माध्यम से स्वस्थ, संयमित और नशामुक्त जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।

मुख्य पार्षद सुजीत कुमार के आवास के पास से बीते रात चोरो ने स्कॉर्पियो चोरी की

प्रात: किरण संवाददाता

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी बदलपुर जोड़ा तालाब स्थित नगर परिषद के मुख्य पार्षद सुजीत कुमार के आवास के पास से बीते रात चोरो ने स्कॉर्पियो चोरी कर ली घटना रविवार की अहले सुबह की बताई जाती है। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जूटी है। जिसमें ओवर ब्रिज लगे सीसीटीवी में करीब 3:25 सुबह में स्कॉर्पियो जाते दिखाई दे रही है। इस संबंध में स्कॉर्पियो मालिक शंभू नाथ राय ने लिखित शिकायत की है। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो मुख्य पार्षद के रिश्तेदार शंभूनाथ राय के नाम से है । मुख्य पार्षद श्री कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 4:30 बजे जब मेरे बड़े भाई रोज की तरह निकले, तो देखा कि घर के निकट लगा स्कॉर्पियो नहीं है एवं चाबी घर में है। जिसकी तत्काल सूचना खगौल थाने को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी। मुख्य पार्षद ने बताया कि घर के निकट ओवर ब्रिज के पास लगे सीसीटीवी में पहले सुबह स्कॉर्पियो दिखी है। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्य पार्षद के आवास से स्कॉर्पियो चोरी का मामला आया है जिसकी छानबीन की जा रही है।

पालीगंज में सड़क हादसे के दौरान अधेड़ की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

पालीगंज । थाना अंतर्गत महाबलीपुर बाजार में रविवार को एक बालु लदी ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को रौंद दिया। जिससे उस व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जानकारी के अनुसार रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति पटना जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत महाबलीपुर बाजार में सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान सड़क से गुजर रही एक बालू लदी ट्रक उसे रौंद दिया। जिससे उस अधेड़ व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। मृतक की पहचान महाबलीपुर गांव निवासी श्रीलखन चौधरी के 58 वर्षीय पुत्र लिली चौधरी के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गयी। वही आक्रोशित लोगों ने पाली अरवल मुख्य सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज थाने की पुलिस ने लोगो को समझा बुझाकर सड़क से जाम हटवाई तथा शव को कब्जे में ले लिया। उसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वही पुलिस ने बताई की घटना में संलिप्त ट्रक को जप्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

राज्य में पोषण ट्रैकर से आंगनबाड़ी केंद्रों की होगी निगरानी

- पोषण ट्रैकर कमांड सेंटर बनेगा, बच्चों की सेहत की जानकारी होगी सार्वजनिक डैशबोर्ड पर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य में 1 लाख 14 हजार 718 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हो रही गतिविधियों की निगरानी को अधिक सशक्त बनाने की तैयारी चल रही है। समाज कल्याण विभाग अब मुख्यालय स्तर पर पोषण ट्रैकर कमांड सेंटर स्थापित करने जा रहा है, जिसके माध्यम से सभी केंद्रों की हर गतिविधि की ऑन-टाइम निगरानी की जाएगी। यह एक केंद्र प्रायोजित मिशन के तहत राज्य में लागू किया जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद छह वर्ष से कम आयु के बच्चों की पोषण स्थिति, वजन, ऊंचाई और समग्र विकास संबंधी सभी रिपोर्टें पोषण ट्रैकर कमांड सेंटर के सार्वजनिक डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगी। आम नागरिक भी इन आंकड़ों को देख सकेंगे। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने हाल ही में आंगनबाड़ी केंद्रों की सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए पोषण ट्रैकर एप लॉन्च किया है। इस एप के जरिए राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था की गई है। केंद्रों को अब ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस (विकास निगरानी उपकरण) से भी लैस किया गया है, जिससे बच्चों के शारीरिक विकास को सटीक रूप से मापा जा सकेगा। बच्चों (0-6 वर्ष) की पोषण स्थिति और संबंधित रिपोर्ट को पोषण ट्रैकर के सार्वजनिक डैशबोर्ड पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।

मन की बात देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में प्रेरित करने वाला मंच : सरावगी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुना मन की बात का 135वां संस्करण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बातह्ल' के 135वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता, जनभागीदारी और सेवा के लिए प्रेरित करने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारत की अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों और जनकल्याणकारी अभियानों का उल्लेख किया। उन्होंने भारतीय नौसेना में शामिल किए गए स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी डिजाइन से लेकर निर्माण तक पूरी प्रक्रिया भारत में ही संपन्न हुई है। यह आत्मनिर्भर भारत और देश की बढ़ती रक्षा क्षमता का सशक्त उदाहरण है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवमयी ज्ञान परंपरा और भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत का उल्लेख करते हुए देश की सांस्कृतिक और शैक्षणिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया, जिससे स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और उद्यमियों को नई पहचान मिल रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता और विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी तथा युवाओं की भूमिका पर भी प्रेरणादायी विचार रखे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रत्येक ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को सकारात्मक सोच, सेवा भावना और राष्ट्रहित में योगदान करने की प्रेरणा देता है। यह कार्यक्रम देशवासियों को एक भारत-श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। इधर, भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में भी ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन और पूर्व मंत्री नीरज कुमार बबलू ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद शंभू शरण पटेल, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचन्द्र प्रसाद सिंह, सुरेश रुंगटा, पूर्व विधान पार्षद मनोज सिंह, राधा मोहन शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, मुख्यालय प्रभारी अक्षय कुमार, सतीश यादव, कार्यालय मंत्री विनय केशरी, उपेंद्र सिंह, विकास कुमार, विनोद शर्मा, आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सशक्त पंचायतें ही विकसित बिहार की आधारशिला : मंत्री

- अरवल के अमरा एवं बेलखारा पंचायत में प्रथम 'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए पंचायती राज मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सशक्त पंचायत, जागरूक नागरिक एवं सक्रिय ग्राम सभा ही विकसित गांव, विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला हैं। यह बातें पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने रविवार को प्रथम 'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम के दौरान कहीं। वे रविवार को अरवल जिले के अरवल प्रखंड अंतर्गत अमरा एवं बेलखारा ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने अमरा पंचायत में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा दोनों पंचायतों में ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ संवाद कर पंचायतों के समग्र विकास एवं जनभागीदारी पर बल दिया।मौके पर नागरिकों से प्रत्येक माह आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

पंचायत विकास दिवस ग्राम सभाओं को उत्तरदायी बनाने में महत्वपूर्णः अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं भारतीय लोकतंत्र की सबसे सुदृढ़ आधारशिला हैं। लोकतंत्र तभी प्रभावी एवं सार्थक बनता है जब विकास की योजनाएं जनता की सहभागिता से तैयार हों और उनका क्रियान्वयन भी जनसहयोग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'पंचायत विकास दिवस' ग्राम सभाओं को अधिक सक्रिय, उत्तरदायी एवं सहभागितापूर्ण बनाने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। आगे कहा कि राज्य सरकार पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सक्षम, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं तकनीक-सक्षम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पंचायत सरकार भवनों का सुदृढ़ीकरण, डिजिटल सेवाओं का विस्तार, पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमता विकास, तकनीक आधारित अनुश्रवण व्यवस्था तथा ग्राम सभाओं को अधिक प्रभावी बनाने जैसे अनेक प्रयास ग्रामीण स्वशासन को नई मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

महिला जनप्रतिनिधि सुशासन की प्रभावी वाहकः इस माह आयोजित पंचायत विकास दिवस की थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायतः रही। इस अवसर पर महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, आर्थिक स्वावलंबन तथा पंचायतों में अपनी बढ़ती नेतृत्वकारी भूमिका से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

मंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी राज्य की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। महिला जनप्रतिनिधि आज केवल निर्वाचित प्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, समावेशी विकास तथा सुशासन की प्रभावी वाहक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राज्य सरकार महिलाओं के नेतृत्व, निर्णय क्षमता एवं प्रशासनिक दक्षता को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान पंचायत विकास, सुशासन, महिला सशक्तीकरण, स्थानीय विकास योजनाओं तथा ग्रामीण स्वशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही पंचायतों में संचालित योजनाओं, आगामी विकास कार्यों, प्राप्त राशि, व्यय एवं अवशेष राशि की विस्तृत जानकारी ग्राम सभा के समक्ष प्रस्तुत की गई। स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजीएस) के नौ विषयों पर चर्चा करते हुए पंचायत स्तर पर उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का वीडियो प्रदर्शित किया गया। इसके बाद जनसमुदाय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया।

पंचायत विकास दिवस एक सतत जन-अभियानः अंत में मंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्राम स्वराज, सुशासन, पारदर्शिता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी को सुदृढ़ करने का एक सतत जन-अभियान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी, पंचायत प्रतिनिधियों की जवाबदेही तथा नागरिकों के सहयोग से बिहार की पंचायतें आत्मनिर्भर, समावेशी एवं विकासोन्मुख स्थानीय स्वशासन की आदर्श इकाइयों के रूप में स्थापित होंगी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग पंचायतों को अधिक सक्षम, उत्तरदायी एवं तकनीक-सक्षम बनाते हुए विकसित बिहार एवं 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

दिल्ली में प्रशासनिक पदाधिकारियों को दी जाएगी नियमों की ट्रेनिंग

- मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय ने लिखा आईएसटीएम को पत्र
- प्रशिक्षण सत्र पूरा होने के बाद राज्य भर के जिला मुख्यालयों पर बढ़ेगी प्रशिक्षण की सुविधा
- आज प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह (अपर मुख्य सचिव) प्रशिक्षणर्थियों को करेंगे संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान में छह दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जाएगा।

आज से चार जुलाई के बीच होने वाले इस प्रशिक्षण को लेकर निदेशालय के संयुक्त सचिव प्रभात कुमार ने उपरोक्त संस्थान के उप निदेशक (समन्वय) को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में संयुक्त सचिव ने कहा है कि मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 और बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के तहत आईएसटीएम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में बिहार निदेशालय समेत अलग-अलग विभाग एवं जिलों में तैनात पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना तय है।प्रतिभागी के तौर पर सूची में शामिल अधिकारियों में निदेशालय के उप सचिव क्रमशः आलोक कुमार और राज वर्द्धन, प्रशिक्षक पदाधिकारी सतीश कुमार तिवारी, शालिग्राम पांडेय, भगवान साहू, मुंगेर के अपर समाहर्ता (वि. जांच) मनोज कुमार, नवादा लोक शिकायत निवारण के अपर समाहर्ता शम्भू शरण पांडेय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव डॉ. सुनील कुमार, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, भोजपुर (प्रभार) शशि शेखर, पूर्वी चंपारण समाहरणालय के अपर समाहर्ता मो. शिबगतुल्लाह, वैशाली, शेखपुरा और जहानाबाद के अपर समाहर्ता (विधि जांच) क्रमशः एहसान अहमद, संजय कुमार और विनय कुमार सिंह समेत कुल 25 पदाधिकारियों का नाम शामिल है।

संयुक्त सचिव श्री कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद ये सभी पदाधिकारी अलग-अलग जिलों में दूसरे पदाधिकारियों को अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 और बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियमों का प्रशिक्षण दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय बिहार समेत अलग-अलग विभागों एवं जिलों में तैनात पदाधिकारी को अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना तय है। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मुख्यालय स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस को किया जा रहा है। इसकी व्यापकता को ध्यान में रखते हुए इसे राज्य स्तर पर संचालित किए जाने की जरूरत है। इसी के आलोक में इस पूरे आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सभी पदाधिकारी दिल्ली प्रस्थान कर चुके हैं। इन पदाधिकारियों के आवासन की व्यवस्था आईएसटीएम के छात्रावास में की गई है।

उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित पहले दिन यानी 29 जून 2026 के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त श्री दीपक कुमार सिंह (अपर मुख्य सचिव) प्रशिक्षणर्थियों को संबोधित करेंगे। श्री कुमार के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स है। इस ट्रेनिंग के सहारे ही मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जाएंगे।

शिवहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम साह ने थामा राजद का दामन

पटना।राजद प्रमुख लालू प्रसाद के सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता एवं गरीब-गुरबों के उत्थान की विचारधारा और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के जनमुद्दों की राजनीति एवं कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर अखिल भारतीय वैश्य के शिवहर जिलाध्यक्ष व शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम साह ने थामा राजद का दामन। राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बताया कि पटना स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अलोक कुमार मेहता और राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू ने अपने हाथों से शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम साह को राजद की सदस्यता दिलाई।राजद प्रवक्ता ने बताया कि सदस्यता ग्रहण उपरांत पूर्व मंत्री अलोक कुमार मेहता और पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने पुरुषोत्तम साह को राजद का प्रतीक चिन्ह हरा गमछा, टोपी और लालू यादव जी पर लिखी गई गोपालगंज टू रायसीना नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित और स्वागत किया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री अलोक कुमार मेहता और रणविजय साहू कहा कि इसी लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के सोच से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों के लोग राजद परिवार से जुड़ रहे हैं।शिवहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम साह के पार्टी में शामिल होने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर राजद के प्रदेश महासचिव ई. अशोक यादव, भाई अरुण कुमार, राजेश पाल, निरंजन कुमार, नीतू दास सहित कई नेता उपस्थित थे।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 बिहार को स्वच्छ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहलः मंगल

पटना।पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा राज्य में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नयमावली-2026 को लागू किया जाना स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है।श्री पांडेय ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण और कचरा प्रबंधन की चुनौतियों को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई नई नियमावली न केवल कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि आम नागरिकों के बीच स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेगी।प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप बिहार सरकार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जनभागीदारी से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है।श्री पांडेय ने कहा कि नियमावली के तहत प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों जैसे होटल, मॉल, अस्पताल एवं अन्य बड़े प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में ही गीले कचरे का निस्तारण कर खाद तैयार करना अनिवार्य किया गया है।श्री पांडेय ने कहा कि घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए कचरा वाहनों में चार अलग-अलग रंगों के डिब्बों की व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से कचरे को गीला, सूखा, खतरनाक तथा हानिकारक (सेनेटरी) श्रेणियों में अलग-अलग रखना अनिवार्य होगा।पटना में रामाचक बैरिया एवं बाढ़िया में 514 करोड़ की लागत से स्थापित किए जा रहे एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना राज्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। श्री पांडेय ने सिवान जिले द्वारा शुरू किए गए कबाड़ मंडी मोबाइल ऐप की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अभिनव पहल ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक एवं अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे के बेहतर प्रबंधन में सहायक होगी।इस ऐप के माध्यम से ग्रामीण सीधे कबाड़ विक्रेताओं से जुड़ सकेंगे, जिससे कचरे के निस्तारण के साथ-साथ ग्रामीणों को अतिरिक्त आय का अवसर भी प्राप्त होगा।उन्होंने राज्यवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ बिहार के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मिशन निपुण के पांच वर्ष पूरे होने पर विद्यालयों में मनाया जाएगा पठन पर्व

- 1 से 7 जुलाई तक सभी प्राथमिक विद्यालयों में पठन पर्व मनाने का आदेश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। शिक्षा विभाग ने 1 से 7 जुलाई तक राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में पठन पर्व मनाने का आदेश दिया है। यह पर्व मिशन निपुण के 5 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी डीईओ, डीपीओ (समग्र शिक्षा) और बीईओ के पास पत्र भेजकर इसे मनाने का आदेश दिया है। पत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के तहत दूसरी कक्षा के सभी बच्चे रोज 15 मिनट तक अपनी पसंदीदा भाषा; हिन्दी, उर्दू, बांग्ला, मैथिली या अंग्रेजी में कहानी, कविता या अनुच्छेद का जोर-जोर से वाचन करेंगे। सामग्री का चयन बच्चों की आयु व कक्षा के अनुरूप स्कूल के शिक्षक करेंगे। पठन सामग्री का चयन सिलेबस के अलावा स्कूल की लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों एवं अन्य पठन सामग्रियों से किया जाएगा। 'पठन पर्व' को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थी छोटे बच्चों को जरूरत के अनुसार वाचन में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही, जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, उनके लिए घर से ही सहभागिता की व्यवस्था की गई है। स्कूल के शिक्षक अपने पोषण क्षेत्र के बच्चों के अभिभावकों को व्हाट्सएप के माध्यम से कहानियां, कविताएं एवं अन्य पठन सामग्री उपलब्ध कराएंगे तथा जरूरी दिशा-निर्देश साझा करेंगे।

राज्य का खजाना खाली, घोटालेबाजों की भरी हैं जेबें : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार, वित्तीय कुप्रबंधन और सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य का खजाना खाली हो चुका है, जबकि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों और कथित घोटालेबाजों को संरक्षण दिया जा रहा है। पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा कि सरकार के पास कर्मचारियों को समय पर वेतन देने, छात्रों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने, पेंशनधारियों को भुगतान करने और किसानों के बकाया का भुगतान करने तक के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भ्रष्ट लोगों और घोटालेबाजों की जेबें लगातार भर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में बड़े वित्तीय घोटालों की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। न तो राज्य की जांच एजेंसियां और न ही केंद्रीय एजेंसियां कथित अनियमितताओं की गंभीरता से जांच कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। तेजस्वी यादव ने रिशु श्री प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि एक मामूली ठेकेदार कथित तौर पर कई विभागों के टेंडर कैसे हासिल कर रहा था। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि इस मामले में कथित बड़े जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने रिशुश्री प्रकरण समेत विभिन्न कथित वित्तीय अनियमितताओं पर सरकार से विस्तृत स्पष्टीकरण देने की मांग की। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आकस्मिक निधि से रुपये निकाले जाने की भी बात कही। राजद नेता ने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में बड़े भ्रष्टाचार के मामलों में प्रभावशाली लोगों को बचाया जाता है, जबकि छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर मामले को दबाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बजाय कथित रूप से दोषियों को संरक्षण देना बन गई है। मुख्यमंत्री निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने उन्हें अदूरदर्शी, अपरिपक्व और बतोलेबाज बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी निर्णय लेने में विफल रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी यादव ने सरकारी जमीन को कथित तौर पर कम दर पर लंबी अवधि की लीज पर दिए जाने का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने बांस घाट स्थित शवदाह गृह और उससे जुड़े कर संबंधी मामलों का उल्लेख करते हुए सरकार से जवाब मांगा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में पारदर्शी और जवाबदेह शासन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार को सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए और जनता के सामने तथ्य रखने चाहिए।

प्रशिक्षण से बढ़ेगी संगठन की धार, जनता से होगा सीधा संवाद : राजेश

- कांग्रेस के संगठन को नई ऊर्जा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार के9 प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत गांव और प्रखंड स्तर पर कार्यरत कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों में निहित होती है। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं और उन्हें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली तथा जनसरोकारों के प्रति पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्रिय होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य प्रखंड अध्यक्षों को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसमस्याओं के समाधान तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों–बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, किसानों और युवाओं की समस्याओं–को लेकर लगातार संघर्षरत है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी रंजीत मिश्रा ने मंच संचालन किया। प्रशिक्षण शिविर में डॉ मदन मोहन झा , डॉ शकील अहमद खान , कपिलदेव प्रसाद यादव , रंजीत मिश्रा , कुमार आशीष , पंकज यादव , डॉ संजय यादव , विमलेश तिवारी सहित प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

मंत्री चिराग ने सपरिवार पवित्र तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ में माथा टेका

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सपरिवार पवित्र तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ में माथा टेका और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्री चिराग ने कहा कि दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चरणों से पवित्र हुई इस पावन धरा पर आकर मन को असीम शांति और दिव्य ऊर्जा की अनुभूति होती है। श्री चिराग ने गुरु महाराज से देश की सुख, समृद्धि और लोक-कल्याण के लिए प्रार्थना की।आज सपरिवार पवित्र तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात लंगर का महाप्रसाद ग्रहण किया और सेवा की।

स्थायी समिति ने नियम- 19को किया विलोपित, अध्यक्ष पद के लिए पुनः प्रत्याशी हो सकेंगे अनिल सुलभ

- वर्तमान-सत्र की अंतिम बैठक में पारित हुए सात प्रस्ताव, जुलाई में आरंभ होगी अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्वामिनी-समिति 'स्थायी समिति' ने, विगत 29 मार्च में हुई स्थायी समिति में, सम्मेलन-नियमावली के नियम-19 के विलोपन के लिए गए निर्णय की पुष्टि कर दी है। रविवार को संपन्न इस सभा में सर्वसम्मति से इसकी संपुष्टि की गयी। इस निर्णय से सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डा अनिल सुलभ अध्यक्ष पद के लिए पुनः प्रत्याशी हो सकते हैं। अगस्त में समाप्त हो रहे, पाँच वर्ष के इस वर्तमान-सत्र की यह स्थायी समिति की अंतिम बैठक थी। इस बैठक में सात प्रस्तावों को सर्व-सम्मति से पारित किया गया, जिनमें मतदाता निरूपण समिति द्वारा अद्यतन की गयी सम्मेलन की मतदाता-सूची का अनुमोदन, निर्वाचन-पदाधिकारी से आगामी-सत्र के लिए सम्मेलन-अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु प्रक्रिया आरम्भ करने का आग्रह, वित्तीय-वर्ष -२०२५-२६ का अंकेक्षण, स्थायी समिति के विगत पाँच वर्षों के कार्यकाल पर चर्चा सम्मिलित है। राष्ट्र-गान से आरम्भ हुई इस बैठक में माननीय सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष ने वर्तमान-कार्यकाल में सम्मेलन को प्राप्त हुई विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख किया और स्पष्ट किया कि किस प्रकार सम्मेलन के उद्यम से इसकी प्रतिष्ठा संपूर्ण भारतवर्ष में और देश की सीमाओं को तोड़कर अंतर्रष्ट्रीय-स्तर पर हुई है। बैठक में स्थायी समिति के वरिष्ठ सदस्य और पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रास बिहारी सिंह, सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, उपाध्यक्ष बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय, बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष और सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, पूर्व प्राचार्या डा कल्याणी कुसुम सिंह, मुजफ़्फ़रपुर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री उदय नारायण सिंह, सारण ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा, बक्सर ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष महेश्वर ओझा 'महेश', आरा ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो बलिराज ठाकुर, पश्चिमी चंपारण ज़िला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री आनन्द किशोर मिश्र, लखीसराय ज़िला सम्मेलन के अध्यक्ष अरविंद कुमार भारती, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार आजाद, सम्मेलन के अर्थमंत्री कुमार अनुपम, प्रचारमंत्री विभारानी श्रीवास्तव, लोकभाषा मंत्री डा पुष्पा जमुआर, संगठन मंत्री डा शालिनी पाण्डेय, पुस्तकालयमंत्री ई अशोक कुमार, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, भवन-अभिरक्षक प्रवीर पंकज, वरिष्ठ सदस्य प्रो व्रजभूषण शर्मा, वरिष्ठ कवि आरपी घायल, शिवानन्द गिरि, डा संजय माँझी, डा इंदु पाण्डेय, डा विद्या चौधरी आदि माननीय सदस्यों ने विभिन्न प्रस्तावों पर अपने विचार रखे।

संक्षिप्त खबरें

पल्स पोलियो अभियान शुरू, 53 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

विभूतिपुर/समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह अभियान 2 जुलाई 2026 तक चलेगा, जिसमें स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।अभियान के तहत कुल 66,033 घरों का भ्रमण कर 53,932 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 158 टीमें और 49 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। यात्रा कर रहे बच्चों के लिए 18 ट्रांजिट प्वाइंट बनाए गए हैं, जबकि 10 डिपो से वैक्सीन का सुचारू वितरण किया जा रहा है। अधिकारियों ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स अवश्य दिलाने की अपील की।

विभूतिपुर की सभी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर। पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार रविवार को प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में ह्यपंचायत विकास दिवसह्न का भव्य आयोजन किया गया प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रंजन कुमार की देखरेख में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले इस विशेष कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य फोकस सतत विकास लक्ष्य की थीम संख्या-9 महिला हितैषी गाँव पर रहा। पंचायत स्तर पर आयोजित संगोष्ठियों में वक्ताओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी शिक्षा, सुरक्षा और स्थानीय शासन में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इसी क्रम में सभी आयोजन स्थलों पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के मन की बात रेडियो कार्यक्रम से भी जोड़ा गया।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पंचायतों में कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव और आईटी सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी कर्मियों को ससमय उपस्थित रहकर रिपोर्ट और तस्वीरें मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन करते हुए लाइव रिपोर्टिंग सुनिश्चित की गई।

घरेलू विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

मुजफ्फरपुर। जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र के नवादा चौक के निकट रविवार सुबह घरेलू विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि छोटे भाई ने बड़े भाई को जांता से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान संतोष महतो (40 वर्ष), पिता शत्रुघ्न महतो के रूप में हुई है। घटना रविवार सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घर में किसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपित छोटे भाई अशोक महतो ने संतोष महतो के सिर पर जांता से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से संतोष महतो की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मुशहरी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।प्रारंभिक जांच में घटना की वजह घरेलू विवाद बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी और अन्य तथ्यों को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है।

गोह के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लिफ्ट खराब, परेशानी

गोह (औरंगाबाद) (सं.)। गोह प्रखंड मुख्यालय में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लिफ्ट काफी दिनों से खराब है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सामुदायिक भवन में संचालित पीएचसी प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने अस्पताल पहुंचते हैं। पहले तल्ला पर प्रसव कक्ष, वार्ड, दूसरे एवं तीसरे तल्ले पर कई महत्वपूर्ण दफ्तर संचालित है। कर्मियों एवं डिलेवरी मरीजों को सीढ़ी के सहारे ऊपर जाने पड़ता है। जिससे कारण उनलोगों को काफी मुश्किल होता है। बुजुर्गों एवं गंभीर रूप से पीड़ित लोगो को खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में बीएचएम रवि प्रकाश ने बताया कि विभाग को लिफ्ट खराब होने की जानकारी दे दी गई है।

बारिश के लिए अदुपुर में अखण्ड अष्टयाम कलश यात्रा में उमड़ी महिलाओं की भीड़

गड़हा। पिछले कुछ दिनों से लगातार पड़ी रही प्रचण्ड ग्रामीणों से बचाव तथा बारिश के लिए गड़हा प्रखंड के अदुपुर ठाकुरबारी राम जानकी मंदिर में 24 घंटे के अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने पीले वस्त्रों से सुशोभित होकर डीजे बैंड बाजा के साथ विभिन्न गांवों से होकर गंडकी नदी के तट पर पहुंचे जहां ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में गंगाजल भरवारा। अखण्ड अष्टयाम शुरू होते ही माहौल भक्तिमय हो गई। कच्चा बाबा नवल सिंह इंद्र मोहन सिंह विवेक कुमार प्रिंस जी लव प्रताप तुफानी अनमोल मनोज सिंह पंचदेव सिंह सुरेंद्र जी।

पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री कुमार शैलेंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिले के हायाघाट प्रखंड अंतर्गत आनंदपुर सोहरा मध्य विद्यालय में आज पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सह प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र एवं मंत्री वन एवं पर्यावरण रामचंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किये। इस दौरान पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं में जनभागीदारी एवं ग्रामीण समुदाय की सक्रिय भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंचायतों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार सह प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत विकास दिवसह्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि आज से प्रारंभ हुए पल्स पोलियो अभियान के तहत नवजात एवं छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। उन्होंने उपस्थित लोगों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि आज के कार्यक्रम की थीम महिला विकास एवं हितैषी पंचायत निर्माण से जुड़ी है। उन्होंने जीविका दीदी समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार एवं सामाजिक भागीदारी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी तथा सरकार की योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने पंचायती राज विभाग अंतर्गत महिलाओं को आरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाने में सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजें। साथ ही उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जीविका दीदी समूहों को उपलब्ध कराई जा रही 10,000 रुपए की सहायता राशि का उपयोग स्वरोजगार एवं व्यवसाय विकास में करें।हयाघाट के विधायक व मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ह्यमन की बातह्न के माध्यम से नागरिकों से किया जाने वाला संवाद प्रेरणादायक एवं सराहनीय है। उन्होंने पंचायत विकास दिवस के उद्देश्य, ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका एवं पंचायतों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदी समूह की महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा सरकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं सफलता की कहानियाँ प्रस्तुत कीं।कार्यक्रम का मंच संचालन उप विकास आयुक्त श्री स्वप्निल द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में ग्रामीण समुदाय की सहभागिता बढ़ाते हुए सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की जीवंत मिसाल है सती स्थान का नाम संकीर्तन नवाह यज्ञ : मंत्री

● प्रभारी मंत्री पहुंचे सतीस्थान, ग्रामीणों ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बिहार सरकार के पथ निर्माण सह दरभंगा जिला के प्रभारी मंत्री कुमार शैलेंद्र का बिरौल प्रखंड के पररी सतीस्थान पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत तथा सम्मान किया। प्रभारी मंत्री कुमार शैलेन्द्र के सम्मान में सती स्थान परिसर में दरभंगा के सांसद डा गोपाल जी ठाकुर जी की मौजूदगी में स्थानीय मंडल अध्यक्ष हीरा प्रसाद ठाकुर की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया । स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने मंत्री श्री कुमार को पाग अंगवस्त्र से सम्मानित किया तथा कहा कि इनके मार्गदर्शन में दरभंगा जिले का सर्वांगीण विकास हो रहा है तथा आगे दरभंगा का विकास एक इतिहास कायम करेगा।प्रभारी मंत्री श्री कुमार ने मिथिला क्षेत्र को देश स्तर पर धर्म और संस्कृति का प्रमुख केंद्रबिंदु बताते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि प्राचीन समय से ही मिथिला ने देश और दुनिया में धर्म ज्ञान संस्कार तथा बौद्धिक क्षमता का नेतृत्व किया है। सतीस्थान का यह धार्मिक आयोजन इसका जीवंत उदाहरण है।मंत्री ने सतीस्थान के सर्वांगीण विकास तथा इसके पहचान को राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करने की चर्चा करते हुए कहा कि यहां के लोगों में जिस तरह से इस स्थान के प्रति आस्था दिखी है वह इस बात का परिचायक है कि इनकी पूजा से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।मंत्री ने सतीस्थान को देश स्तर पर धार्मिक सर्किट से जोड़ने की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार सरकार तथा भारत सरकार के स्तर पर इसके लिए शीघ्र पहल की जाए मौके पर पूर्व मंत्री हरि सहनी स्थानीय जिलाध्यक्ष विनय पासवान पश्चिम के जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना स्थानीय सरपंच अच्युतानंद ठाकुर भाजपा नेता मदन यादव पिंटू झा रजनीश झा मुखिया सुमन सिंह लक्ष्मण झा प्रकाश चंद्र मिश्र पंकज सिंह निभा देवी बेचैन मांझी रंजीत मिश्रा रजनीश सुंदरम प्रवीण कुमार महाबीर सिंह आदि मौजूद थे

डीएम ने परिवार संग बाबा कुशेश्वरनाथ का किया रुद्राभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने रविवार को अपनी धर्मपत्नी एवं बच्चे के साथ विश्व प्रसिद्ध बाबा कुशेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान में उन्होंने जिले की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा जनकल्याण की कामना की। डीएम के मंदिर आगमन से श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में मंदिर न्यास समिति के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पंडा बाबूकांत झा ने वैदिक परंपरा के अनुसार जिलाधिकारी, उनकी धर्मपत्नी एवं बच्चे से रुद्राभिषेक कराया। पूरे अनुष्ठान के दौरान शिव मंत्रों के उच्चारण और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। पूजा के दौरान डीएम ने परिवार पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान शिव की आराधना में लीन दिखा।पूजा-अर्चना संपन्न होने के बाद मंदिर न्यास समिति के पंडा बाबूकांत झा एवं न्यास समिति के सदस्य संतोष पोद्दार ने मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप जिलाधिकारी कौशल कुमार, उनकी धर्मपत्नी एवं बच्चे को मिथिला की पारंपरिक पाग एवं चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया ,साथ ही बाबा कुशेश्वरनाथ मंदिर का आकर्षक चित्र स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट कर उनका अभिनंदन किया, इस सम्मान समारोह ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत किया,इस अवसर पर मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष सह बिरौल एसडीओ शशांक राज, बीडीओ प्रभा शंकर मिश्रा, थाना अध्यक्ष गौरव प्रसाद, ज्योतिष राज, कर्मी रौशन झा,रामबल्ली राय, शंकर चौपाल, सत्या नन्द सहित मंदिर के पंडा समाज कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ,सभी ने जिलाधिकारी एवं उनके परिवार का स्वागत करते हुए बाबा कुशेश्वरनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और मंदिर की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता से उन्हें अवगत कराया ।

अलीनगर में मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण, ग्रामीणों ने लिया विकास का संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर। दरभंगा जिले के अलीनगर प्रखंड अंतर्गत नरमा नावानगर पंचायत सरकार भवन परिसर में रविवार को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 135वें एपिसोड का सम्मानित मुखिया, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर पंचायत विकास दिवस का भी शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में भाजपा संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी के जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पंचायत की मुखिया श्रीमती अनुराधा सिंह, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद स्थापित करने और जनभागीदारी को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री अपने विचारों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा कि अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया की वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए देशवासियों से संयम और सतर्कता बरतने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने, आवश्यकता न होने पर विदेश यात्राओं को कुछ समय के लिए स्थगित करने, कार पूलिंग अपनाने तथा पेट्रोल-डीजल की बचत करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने किसानों से प्राकृतिक एवं रसायनमुक्त खेती को अपनाने तथा जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया।उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि देशवासियों ने उनकी अपील का सकारात्मक स्वागत किया है। अनेक परिवारों ने नए सोने की खरीद टालने, कई लोगों ने विदेश यात्राएं स्थगित करने तथा कार पूलिंग को अपनाकर ईंधन की बचत एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया है इस अवसर पर पंचायत की मुखिया श्रीमती अनुराधा सिंह ने पंचायत विकास दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार द्वारा पंचायतों को सशक्त बनाने, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने, महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता से जुड़ी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पंचायतों का विकास और अधिक सशक्त हुआ है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और समग्र विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौके पर उप मुखिया प्रमोद झा,सरपंच श्याम राम,उप सरपंच मिथिलेश सिंह,सचिव अभिषेक पांडे,जीविका रानी कुमारी,अमित सिंह,सकीना खातून, पंच मोहम्मद यूसुफ,पप्पू महतो आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

देव के गायत्री परिवार नें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया

औरंगाबाद। सौर तीर्थ देव में आर्दरा नक्षत्र में देव सूर्यकुण्ड पर अवस्थीत गायत्री मंदिर में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्वानों ने कहा कि पढ़ाई लिखाई के साथ साथ अध्यात्मिक एवं धार्मिक ज्ञान भी जरूरी है। इसके लिए गायत्री परिवार ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित कर अलग मिशाल पेश की। उन्होंने कहा कि गीता, रामायण जैसे ग्रंथ पढ़ने से कई तरह के ज्ञान प्राप्त होता है। उस ज्ञान से हमें शांति भी प्राप्त होता है। बसंत प्रसाद जी नें कहा कि नशापान से दुर रहें। नशापान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। शिक्षकों को प्रखंड समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव, सचिव ललित शर्मा जिला समन्वयक नवनीत कुमार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला समन्वयक रामध्यान प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र साहित्य भेंट कर उत्तीर्ण विद्यार्थियों और सहयोगी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस अवसर को प्रेरणादायी बताते हुए भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सूर्य नगरी देव में यह समारोह भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं शिक्षा के समन्वय का प्रेरणादायी उदाहरण सिद्ध हुआ तथा उपस्थित जनों को संस्कारित एवं मूल्यनिष्ठ शिक्षा की दिशा में प्रेरित करता रहा ' इस कार्यक्रम में सैंकड़ों अभिभावक शिक्षक विद्यार्थीयों ने भाग लिया। गरिमामय समारोह में उपस्थित महिलाओं अनिता देवी, गीता देवी, सावित्री देवी,सरिता अग्रवाल,बसंत प्रसाद, अमरेन्द्र चौरसिया, बलिंद्र मेहता,संतोष कुमार शिक्षक मुकेश कुमार,राजेश जी,आनंद कुमार समन्वयक सुमन जी,जम्होर के अशोक प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। उपस्थित समाजसेवीयों नें कहा बहुत हीं शानदार कार्यक्रम देव के माहौल को धार्मिक गतिविधियों का अनुसरण कर विद्यार्थियों को आध्यात्मिक दिशा में ले जाने का प्रयास सराहनीय रहा।

महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ जिलेभर में मनाया गया पंचायत विकास दिवस

● महीनाथ पुर पंचायत में प्रभारी मंत्री लेशी सिंह हुई शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस के तहत रविवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तक चले कार्यक्रमो में जनप्रतिनिधियो ग्रामसभा सदस्यो, पंचायत प्रतिनिधियो, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियो तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणो ने भाग लिया।झंझारपुर प्रखंड के महीनाथपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री सह भवन निर्माण विभाग की मंत्री लेशी सिंह शामिल हुई।इस दौरान जिले के वरीय अधिकारियों ने भी विभिन्न पंचायतो में आयोजित कार्यक्रमो में भाग लेकर विकास योजनाओं की समीक्षा की। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि पंचायते लोकतंत्र की आधारशिला है और गांवो के विकास से ही राज्य एवं राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 के तहत पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाया गया है तथा वार्ड स्तरीय निगरानी समितियो और स्थायी समितियों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सामाजिक न्याय एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं की प्रभावी निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बार पंचायत विकास दिवस की थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायतहै। महिलाओं का सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहो को बढ़ावा, महिला उद्यमिता, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओ की बेहतर उपलब्धता तथा निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) एवं ई-ग्राम स्वराज जैसे डिजिटल माध्यम पंचायतों में पारदर्शिता जवाबदेही और सुशासन को मजबूत कर रहे है।कार्यक्रम के दौरान पंचायतो में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई तथा स्थानीय आवश्यकताओ के अनुरूप नई योजनाओं के चयन एव क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श हुआ। स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यो के अनुरूप पंचायतों की कार्ययोजना तैयार करने पर भी बल दिया गया। उत्कृष्ट पंचायतो के विकास कार्यो का वीडियो प्रदर्शन किया गया तथा प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का सामूहिक प्रसारण भी किया गया।पंचायत विकास दिवस के तहत गरीब मुक्त एवं आजीविका उन्नत पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना युक्त पंचायत, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा, सुशासन तथा महिला हितैषी पंचायत जैसे नौ प्रमुख लक्ष्यो पर विशेष चर्चा की गई।कार्यक्रम के अंत में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की नुक्कड़ नाटक टीम ने गीत-संगीत के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश देते हुए लोगो को जागरूक किया। जिले के सभी प्रखंडो एवं ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

भोजपुर एसपी के विरोध में दरभंगा में प्रदर्शन पुतला दहन कर निलंबन की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भरत भूषण तिवारी न्याय मंच, दरभंगा के बैनर तले रविवार को सैकड़ों लोगों ने भोजपुर के पुलिस अधीक्षक के खिलाफ विरोध मार्च निकालकर पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि वीर शहीद भरत भूषण तिवारी के परिजनों को पुलिस अधीक्षक द्वारा धमकाया गया है। विरोध मार्च लाल बहादुर शास्त्री चौक से शुरू होकर स्टेशन रोड तक गया, जहां भोजपुर एसपी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रतीकात्मक रूप से पुतले को साड़ी, साया, ब्लाउज और चूड़ियां भी पहनाई गईं। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी प्रियंका झा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. शिशिर कुमार झा ने भोजपुर एसपी की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा कि शहीद भरत भूषण तिवारी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं युवा नेता दीपक झा ने आरोप लगाया कि पुलिस अपनी कथित नाकामी छिपाने के लिए शहीद के परिवार पर दबाव बना रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सभा को संबोधित करते हुए मोहम्मद जियाउर रहमान ने भरत भूषण तिवारी प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए भोजपुर एसपी की भूमिका पर सवाल उठाए और उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की। नंदकिशोर शाह तथा मोहम्मद खालिद ने भी मामले में सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने भोजपुर एसपी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए शहीद भरत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस अवसर पर ब्राह्मण फेडरेशन के जिला अध्यक्ष पप्पू चौधरी, रौशन कुमार झा, फुल बाबू टेकटरिया, मो. ऐनूल, गिरिश कुमार झा, विभूति झा, मनिष कुमार झा, कुणाल पांडेय, मो. कफिल, शिवा यादव, दिनेश गंगानी,अतीश झा, मनिया सुरभे बिट्टू मो नईम सिन्टू सिंह मुन्ना खान मुकेश सहनी अभिजीत मुखर्जी सौरभ झा रौशन झा, बिट्टू कुमार, शिवम कुमार झा मुकुंद खां विवेक कुमार घिरज कुमार कृष्ण कुशवाहा चिंटू कुमार रिषभ कुमार मुख्तार अहमद रौशन कुमार झा पिंटू कुमार आशिष कुमार झा मुकेश महराज झा एडवोकेट मनिष कुमार झा मुन्ना भगत रामबिहारी झा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पंचायत विकास दिवस पर ग्रामीणों ने सुनी पीएम के मन की बात

प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर। स्थानीय चट्टी के रसूलपुर पंचायत भवन पर रविवार को मुखिया रीता देवी के नेतृत्व में पंचायत दिवस मनाया गया।मौके पर आयोजित आम सभा में भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।आम सभा में रेडियो पर प्रसारित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात लोगों ने सुनी। मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि पंचायत के विकास और समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा अब हर महीने के आखिरी रविवार को किया जाएगा।साथ ही पीएम के प्रसारित मन की बात को भी सुन ग्रामीण लाभान्वित होंगे।आम सभा में मुख्यरूप से उपमुखिया मनोज सोनी, सरपंच प्रतिनिधि विकास कुशवाहा, बीपीआरओ सूरज कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि मुन्ना मियां, डाटा ऑपरेटर आनंद कुमार, विजय कुमार, मोङ्घ मुतुर्जा साईं, फिरोज मियां, अशोक दुबे, भुवर यादव, कृष्णा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

भारतीय राष्ट्रीयता एवं अस्मिता के अग्रदूत चाणक्य के विचार आज भी प्रासंगिक : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। समग्र संस्कृत विकास समिति, पटना द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने की, जबकि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. दिनेश झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय भारतीय राष्ट्रीयता एवं अस्मिता के अग्रदूत महान नीतिज्ञ चाणक्य के विचारों का दार्शनिक अध्ययन रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने आचार्य चाणक्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा दार्शनिक चिंतन की समकालीन प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने कहा कि आचार्य चाणक्य केवल एक महान राजनेता या कूटनीतिज्ञ ही नहीं थे, बल्कि वे भारतीय राष्ट्रचेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और सुशासन के सशक्त प्रवक्ता थे। उन्होंने कहा कि चाणक्य के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण, नैतिक नेतृत्व, शिक्षा, प्रशासन और सामाजिक समरसता के लिए समान रूप से प्रेरणादायी हैं। नई पीढ़ी को उनके जीवन-दर्शन और नीतियों का अध्ययन कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. दिनेश झा ने कहा कि संस्कृत साहित्य में निहित ज्ञान परम्परा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। आचार्य चाणक्य का चिंतन केवल इतिहास का विषय नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्रीय चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विद्वानों, शिक्षकों एवं संस्कृतसेवियों को वार्षिक सम्मान से सम्मानित किया गया। उपस्थित विद्वानों ने भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण, संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार तथा चाणक्य के आदर्शों को समाज में व्यापक रूप से प्रसारित करने का संकल्प व्यक्त किया।

शिक्षाशास्त्री प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा शुरू

दरभंगा।मेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्री (बी. एड.) सत्र 2025-27 के प्रथम वर्ष एवं सत्र 2024-26 के द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में प्रारंभ हो गई। मुख्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन में रविवार से शुरू यह परीक्षा आगामी 3 जुलाई तक संचालित होगी। प्रथम पाली 10 से एक एवं द्वितीय पाली दो से पांच बजे तक परीक्षा ली जा रही है। प्रथम पाली में प्रथम वर्ष के छात्र तथा द्वितीय पाली में द्वितीय वर्ष के छात्र परीक्षा दे रहे हैं । परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं अनुशासन को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य प्रवेश द्वार पर सभी परीक्षार्थियों की आवश्यक जांच आवंटित स्थान पर भेजा जाता है । केंद्र पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से भी विशेष निगरानी रखी गई।केंद्राधीक्षक डॉ. घनश्याम मिश्र ने बताया कि परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। सभी कक्षों में आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराई गई हैं तथा परीक्षा संचालन में विश्वविद्यालय के दिशा-निदेर्शों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. रामसेवक झा, डा.रामानंद झा, डा. निशा , डा.ऋद्धिनाथ झा,डा.संजीव , गोपाल महतो, अवन कुमार राय, पवन सहनी,श्रीधर आदि मौजूद थे।

नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

मुजफ्फरपुर। दिघरा रामपुर साह के नन्द भवन में माँ कृष्णा देवी नंदकिशोर मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के तत्त्वाधान में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वरीय चिकत्सक डॉ आयुष कुमार ने सौ से अधिक रोगियों का इलाज एवं जाँच निःशुल्क किया. संस्था के द्वारा रोगियों को दवाइयां मुफ्त दी गई. संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर के इस आयोजन से रोगियों एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह है ऐसे आयोजन से ही समाज को स्वस्थ्य एवं सशक्त बनाया जा सकता है.इस मौके पर संस्था के संरक्षक नवीन कुमार मिश्र, भाग्यनारायण मिश्र, संजय पाण्डेय, लालित कुमार सिंह, सुधाकर कुमार, पियूष मिश्रा एवं अन्य मौजूद थे।

मेगा टेस्ट में शामिल हुए 523 परीक्षार्थी

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत सिंधिया घाट में संचालित शैक्षणिक संस्थान डिजाइर इंस्टीट्यूट के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्रों के लिए ह्यमेगा टेस्टह्न का आयोजन किया गया। परीक्षा में दोनों वर्गों के कुल 523 विद्यार्थी शामिल हुए।संस्थान के डायरेक्टर सत्यनारायण महतो, मैनेजिंग डायरेक्टर विकास भारती और फाउंडर आदर्श भारती की देखरेख में परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रबंधन के अनुसार, परीक्षा का परिणाम आगामी 6 जुलाई 2026 को संस्थान के स्थापना दिवस पर जारी किया जाएगा।इस दौरान अव्वल आने वाले मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) के साथ-साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी, 5 जी स्मार्टफोन, रेंजर साइकिल और स्मार्ट वॉच जैसे आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

तीन ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी

मुजफ्फरपुर। जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ चौक स्थित विश्वकर्मा ट्रेडर्स में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर परिसर में खड़े तीन ट्रैक्टरों की बैटरियां खोलकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह जब प्रतिष्ठान के संचालक और कर्मचारी पहुंचे तो ट्रैक्टरों से बैटरियां गायब मिलीं। इसके बाद चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। मुसहरी थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

जिले के 373 ग्राम पंचायतों में मनाया गया पंचायत विकास दिवस महिला हितैषी पंचायत की अवधारणा को मिला नया आयाम

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।ग्रामीण विकास को नई गति देने, ग्राम पंचायतों को अधिक जवाबदेह, सशक्त, पारदर्शी एवं जनसहभागी बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिले की सभी 373 ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों में पंचायत विकास दिवस का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभाओं का आयोजन कर पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई, भावी कार्ययोजना तैयार की गई तथा पंचायत की आय-व्यय एवं अवशेष राशि पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाते हुए पंचायतों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और मजबूत करना रहा। पंचायत विकास दिवस के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्राम सभा आयोजित किए जाने की व्यवस्था की गई है, ताकि पंचायतों में संचालित योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा हो सके तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नई योजनाओं का चयन जनसहभागिता के आधार पर किया जा सके। इस पहल से ग्रामीण स्वयं विकास कार्यों की निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कुढ़नी प्रखंड के सकरी सरैया पंचायत में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी सुश्री आकांक्षा आनंद, पंचायत की मुखिया श्रीमती बेबी कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप विकास आयुक्त ने किया। इस वर्ष पंचायत विकास दिवस का विषय महिला हितैषी पंचायत निर्धारित किया गया। इसी क्रम में पंचायतों के विकास में महिलाओं की भूमिका, उनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण तथा सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वरोजगार तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक स्वावलंबन के साथ-साथ सामाजिक सम्मान एवं आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने अन्य महिलाओं से भी समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्री कुमार गौरव ने कहा कि किसी भी पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है जब महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित हो। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से पंचायत के विकास कार्यों में महिलाओं को अधिकाधिक अवसर देने तथा निर्णय प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक आवश्यकता ही नहीं बल्कि ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला भी है।

महिला हितैषी पंचायत के संकल्प के साथ मनाया गया पंचायत विकास दिवस, डीएम ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का किया आह्वान

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कुढ़नी प्रखंड के सकरी सरैया पंचायत में पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव ने शिरकत कर सरकार द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम ह्महिला हितैषी पंचायतह को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायतों के समग्र विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि पंचायत के विकास कार्यों में महिलाओं को अधिक से अधिक अवसर दें तथा उन्हें नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना पंचायतों का समावेशी और सतत विकास संभव नहीं है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। इस अवसर पर पंचायत के विकास, जनसहभागिता और महिला सशक्तिकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पंचायत विकास दिवस के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और गांवों के समग्र विकास का संकल्प दोहराया गया।

लस्टर आधारित सब्जी खेती की सफलता बनी चर्चा का विषय, किसानों को मिला बंपर उत्पादन

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के सकरा क्षेत्र में इन दिनों किसानों द्वारा उगाई गई सब्जियों की बंपर फसल चर्चा का विषय बनी हुई है। कद्दू, करेला, नेनुआ, टमाटर, कैप्सीकम, हरा मटर, गाजर, चुकन्दर और बैंगन की लहलहाती फसलों को देखने के लिए आसपास के किसान भी पहुंच रहे हैं। बेहतर उत्पादन और फसलों की गुणवत्ता को देखकर किसान इस मॉडल को अपनाने में रुचि दिखा रहे हैं। अच्छी पैदावार के कारण किसानों में उत्साह है और क्षेत्र में इसकी खूब चर्चा हो रही है। प्रखंड अंतर्गत सरमस्तपुर एवं इसके आसपास के इलाके में यह सफलता उद्यान निदेशालय द्वारा संचालित योजना के तहत ईएजीइनोवेशन एंड प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सहयोग से संभव हुई है। योजना के अंतर्गत 40 से अधिक किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, पौध सामग्री, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सरकारी सहायतानुदान का लाभ उपलब्ध कराया गया है।कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर आदर्श ललित ने बताया कि किसानों को खेती की पूरी प्रक्रिया के दौरान तकनीकी सहायता प्रदान की गई। इस पहल के तहत पंकज कुमार ने कद्दू, पवन कुमार एवं ईएजीइनोवेशन समूह ने क्लस्टर आधारित टमाटर की खेती, नीतू कुमारी ने करेला, विनय कुमार ने कैप्सीकम, रूपेश कुमार ने हरा मटर, राजीव कुमार ने गाजर, शंभू कुमार ने चुकन्दर तथा अनिल कुमार ने बैंगन की खेती कर उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य किसानों ने भी नेनुआ सहित विभिन्न सब्जियों की खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।इस अभियान में कृषि सखी,दीदी खुशबू कुमारी व रत्ना देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने किसानों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखते हुए तकनीकी सलाह, फसल प्रबंधन और योजना संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई, जिससे किसानों को समय-समय पर आवश्यक सहयोग मिलता रहा। क्षेत्रीय डी.एच.ओ आभा कुमारी ने बताया उद्यान निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराए गए बीज एवं पौध सामग्री के साथ-साथ किसानों को योजना के तहत सहायतानुदान राशि का लाभ भी दिया जा रहा है। इससे खेती की लागत कम हुई और अधिक किसान व्यावसायिक सब्जी उत्पादन की ओर आकर्षित हुए हैं।स्थानीय किसानों का कहना है कि इस तरह का उत्पादन क्षेत्र में कम ही देखने को मिलता है। बेहतर उपज और बाजार में मिलने वाले अच्छे मूल्य ने किसानों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। अब आसपास के कई किसान भी आगामी सीजन में उन्नत सब्जी खेती से जुड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

बेरुआ पंचायत में पंचायत विकास दिवस का हुआ आयोजन

मुजफ्फरपुर । बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निदेर्शानुसार जिले के गायघाट प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बेरुआ में रविवार को पंचायत विकास दिवस के तहत महिला हितेषी ग्राम पंचायत थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उषा देवी ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव सुभाष कुमार ने किया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत स्तरीय कर्मियों, जीविका समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, किसान सलाहकारों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पंचायत की आय-व्यय, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी कराया गया। बैठक में ग्रामीणों से पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव मांगे गए। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कचहरी सचिव राखी कुमारी, कार्यपालक सहायक संदीप कुमार कर्ण, किसान सलाहकार सुनील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि बृजेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य नुनु साह, वार्ड सदस्य प्रेम कुमार ठाकुर, विभा देवी, आंगनबाड़ी सेविकाएं मीरा कुमारी, इंदु कुमारी, रूबी कुमारी, जीविका समूह की सुदानी देवी, प्रेमलता देवी, इंदु देवी, सुनैना देवी, रंगीला देवी, सीला देवी, रीता देवी सहित अनिकेत कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, राहुल सिंह, सजु सिंह, जितेंद्र सिंह, अमित कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस से डेढ़ करोड़ का 900 ग्राम तस्करी का सोना जब्त, कैरियर एजेंट गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की बी-1 बोगी से लगभग 900 ग्राम तस्करी का सोना बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये आंकी गई है।

मामले में राजस्थान के नोखा निवासी कैरियर एजेंट संजय कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने सोने के बुलियन को अपने शरीर के अंदर छिपा रखा था, जिससे सामान्य तलाशी में कुछ भी बरामद नहीं हुआ। शक होने पर अधिकारियों ने स्कैनर से उसकी जांच कराई। जांच में शरीर के भीतर धातु होने की पुष्टि होने के बाद चिकित्सकीय निगरानी में शौच कराकर 900 ग्राम सोना बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गुवाहाटी से नई दिल्ली सोने की खेप लेकर जा रहा था।

दिल्ली के एक कारोबारी के लिए यह खेप भेजी गई थी। डीआरआई को पूछताछ में गुवाहाटी और नई दिल्ली से जुड़े चार संदिग्ध सोना तस्करों की जानकारी भी मिली है, जिनकी तलाश की जा रही है। डीआरआई सूत्रों के मुताबिक, ईरान युद्धविराम के बाद म्यांमार के रास्ते भारत में फिर से सोने की तस्करी का नेटवर्क सक्रिय हुआ है।

लंबे समय तक तस्करी की गतिविधियां धीमी रहने के बाद अब दोबारा सोने की खेप भारत पहुंचने लगी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बरामद सोना स्विट्जरलैंड से लाया गया था, जिसे गुवाहाटी पहुंचने के बाद अलग-अलग कैरियर एजेंटों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में भेजा जा रहा था।

डीआरआई सूत्रों के अनुसार, संजय कुमार पांडेय को खगड़िया जिले के मानसी स्टेशन के पास ट्रेन में पकड़ा गया। इसके बाद उसे पूछताछ के लिए मुजफ्फरपुर लाया गया। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। डीआरआई अधिकारियों का कहना है कि सोना तस्करी के इस नेटवर्क की गहन जांच जारी है और इसमें शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न इकाइयों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में शुक्रवार की देर रात लगभग 9 वषीर्या एक बच्ची से दुष्कर्म की मामला सामने आया है। बच्ची की शिकायत पर परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपित की जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस निरीक्षक सह कांटी थानेदार रविकांत पाठक ने पीड़ित बच्ची व परिजनों से पूछताछ की एवं इस घटना की विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित बच्ची के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वे सपरिवार शादी समारोह में शामिल होने आए थे, रात में वर - वधू स्वागत समारोह चल रहा था। इसी दौरान आरोपित मनीष कुमार बच्ची का मुंह दबा कर खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद बच्ची रोती हुई लौटी, जब परिजनों ने उससे पूछा तब उसने पूरी बात बताई। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपित मनीष कुमार को पकड़ लिया व जमकर पिटाई की। घटना की सूचना कांटी पुलिस को दी गई, तब मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित मनीष कुमार को हिरासत में ले लिया। वही, एसडीपीओ(वेस्ट)-वन सुचित्रा कुमारी ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है एवं इस घटना में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी की गई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले में विधि सम्मत अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

पुलिस पाठशाला के बच्चों ने संभाली नशे के खिलाफ मुहिम

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर में नशे के बढ़ते नेटवर्क को तोड़ने और लोगों को जागरूक करने के लिए मुजफ्फरपुर पुलिस ने एक अनूठी पहल शुरू की है। ह्यपुलिस पाठशालाह्न से जुड़े रेड लाइट एरिया के बच्चों ने शनिवार को सिकंदरपुर झील किनारे स्थित पार्क में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों से लोगों को रूबरू कराया। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी राजेश कुमार सिंह प्रभाकर सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मुजफ्फरपुर पुलिस द्वारा रेड लाइट एरिया के बच्चों को शिक्षा और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से ह्यपुलिस पाठशालाह्न संचालित की जा रही है। इसी पाठशाला के बच्चों की एक नाटक मंडली बनाई गई है, जो अब नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान का हिस्सा बन चुकी है। बच्चों ने अपने पहले नुक्कड़ नाटक में प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से दिखाया कि किस तरह नशे का कारोबार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है और रेड लाइट एरिया धीरे-धीरे नशे का केंद्र बनता जा रहा है। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि पुलिस और समाज के सहयोग से इस नेटवर्क पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। नाटक देखने के लिए पार्क में बड़ी संख्या में लोग जुटे। बच्चों के सशक्त अभिनय और सामाजिक संदेश ने दर्शकों को भावुक कर दिया। प्रस्तुति समाप्त होने पर लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पुलिस के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आने वाले दिनों में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कंपनीबाग, कल्याणी चौक सहित शहर के अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक कार्यक्रम में पुलिस टीम भी बच्चों के साथ मौजूद रहेगी। ग्रामीण एसपी राजेश कुमार सिंह प्रभाकर ने कहा कि ह्यपुलिस पाठशालाह्न के बच्चों ने नाटक के माध्यम से समाज को एक सशक्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जब आम लोग जागरूक होकर नशे के अड्डों और तस्करों की सूचना पुलिस को देंगे, तब इस अवैध नेटवर्क को जड़ से खत्म करने में बड़ी सफलता मिलेगी। पुलिस को विश्वास है कि बच्चों की यह पहल नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान को और मजबूती प्रदान करेगी।

सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार पुलिस कांस्टेबल ऑपरेटर भर्ती की लिखित परीक्षा रविवार को शहर के 22 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 13,721 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के दौरान चैपमैन परीक्षा केंद्र से एक फर्जी बायोमेट्रिक कर्मी को गिरफ्तार किया गया। आरोपित फर्जी तरीके से केंद्र में प्रवेश कर गया था। परीक्षा शुरू होने से पहले मिठनपुरा थाना पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान जय प्रकाश, निवासी जमुई के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक केंद्र पर जैमर, सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट सत्यापन, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था रही। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग भी कराई गई। वहीं, परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक दंडाधिकारी सह प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी सह समन्वय प्रेक्षक तथा उड़नदस्ता दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुल मिलाकर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई।

संदिग्ध हालात में श्रमिक का शव मिलने से सनसनी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार की अहले सुबह एक श्रमिक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सुबह टहलने निकले लोगों की नजर रेलवे स्टेशन परिसर में पड़े एक शव पर पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी रेलवे पुलिस को दी। इसके बाद जीआरपी और रेलवे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। शव की तलाशी के दौरान पुलिस को एक कीपैड मोबाइल मिला, जिसके आधार पर मृतक की पहचान कांटी प्रखंड के कुशी हरपुर होरिल गांव निवासी स्वर्गीय उमाशंकर ठाकुर के पुत्र विपुल कुमार उर्फ विजन के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, विपुल कुमार मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में केवल एक भाई है, जो टाटा शहर में श्रमिक के रूप में कार्यरत है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रेलवे पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

कांटी की विकास मित्र का निधन पांच मासूम हुए अनाथ

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी प्रखंड के पानापुर हवेली पंचायत में कार्यरत विकास मित्र रंजू कुमारी का शनिवार देर रात पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थीं। उनके असामयिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतका के पति एवं जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम ने बताया कि रंजू कुमारी का पहले मुजफ्फरपुर में इलाज चल रहा था। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए पटना ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली स्थानीय मुखिया प्रियंका कुमारी और सरपंच गीता देवी ने बताया कि रंजू कुमारी बेहद मिलनसार, हंसमुख और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाली महिला थीं। उनके निधन से पंचायत ने एक समर्पित कर्मी और समाजसेवी को खो दिया है।रंजू कुमारी अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्रियों सहित पांच छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं। इनमें एक बेटी दिव्यांग भी है। पटना से जब उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो परिवार का दर्दनाक दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।शव के गांव पहुंचने की सूचना मिलते ही कांटी के बीडीओ डॉ. आनंद कुमार विभूति समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मृतका के आवास पहुंचे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

शादी का झांसा देकर पांच साल तक यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। हथौड़ी थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक युवती का करीब पांच वर्षों तक कथित रूप से यौन शोषण करने और शादी का दबाव बनाने पर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, युवती ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि करीब पांच वर्ष पहले उसकी आरोपी युवक से जान-पहचान हुई, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। इस दौरान आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और लंबे समय तक उसका कथित रूप से यौन शोषण करता रहा।पीड़िता का आरोप है कि जब उसने युवक पर शादी करने का दबाव बनाया तो वह अपने वादे से मुकर गया। इतना ही नहीं, उसने युवती की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। इसके बाद आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और तरह-तरह से प्रताड़ित करता रहा। लगातार मानसिक प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर युवती ने आखिरकार हथौड़ी थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने युवती के कई आपत्तिजनक फोटो और वीडियो अपने मोबाइल फोन में सुरक्षित रखे थे। थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया है तथा उसके मोबाइल से मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है और डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

किसान की जमीन पर दूसरे ने ले लिया कृषि अनुदान, फर्जीवाड़े का आरोप

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ़्फ़रपुर। जिले के गायघाट प्रखंड में कृषि इनपुट अनुदान में कथित फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। एक किसान ने आरोप लगाया है कि उसकी माता के नाम दर्ज कृषि भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी कृषि इनपुट अनुदान की राशि प्राप्त कर ली। मामले को लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि उनकी माता पुकारी देवी के नाम से मौजा ताल बोआरी, थाना संख्या-145, खाता संख्या-751, खेसरा संख्या-283, रकवा 105 डिसमिल भूमि दर्ज है। आरोप है कि इसी जमीन को आधार बनाकर ग्राम दलिया पूर्वी की पूजा देवी, पति सोनू कुमार सिंह ने स्वयं को रैयत किसान दशार्ते हुए कृषि इनपुट अनुदान के लिए आवेदन किया और सरकारी राशि का लाभ उठा लिया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस पूरे मामले में स्थानीय मुखिया सरिता देवी और कृषि समन्वयक सुभेश्वर प्रसाद सिंह की मिलीभगत रही। आरोप है कि दोनों ने गलत तथ्यों का सत्यापन कर फर्जी आवेदन को स्वीकृति दिलाई, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। पीड़ित किसान ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा फर्जी तरीके से निकाली गई सरकारी अनुदान राशि की वसूली की मांग की है।

मुहर्रम जुलूस में वर्दी पहनकर तलवार भांजना पड़ा भारी, दारोगा लाइन क्लोज

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस में वर्दी पहनकर तलवार भांजने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांटी थाना में तैनात दारोगा मुस्तकीम खान पर बड़ी कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कांतेश कुमार मिश्र ने उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि मुहर्रम के दौरान दारोगा का दोनों हाथों में तलवार लेकर करतब दिखाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंचने के बाद उसकी जांच और सत्यापन कराया गया। जांच में पुष्टि हुई कि वायरल वीडियो कांटी थाना में तैनात दारोगा मुस्तकीम खान का ही है। बताया गया कि ताजिया जुलूस के दौरान दारोगा वर्दी में मौजूद थे और भीड़ के बीच दोनों हाथों में तलवार लेकर उसे भांज रहे थे। इस दौरान उनके पास सरकारी पिस्तौल भी दिखाई दे रही थी। किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिसके बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। ग्रामीण एसपी ने कहा कि वर्दी में इस तरह का आचरण पुलिस के आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। इसी आधार पर दारोगा को लाइन क्लोज किया गया है और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि दारोगा का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में भी चर्चा तेज हो गई है।

भारत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने के लिए जन सुराज का कैंडल मार्च

मुजफ्फरपुर। जन सुराज पार्टी, मुजफ्फरपुर की ओर से युवा जिलाध्यक्ष राहुल राज के नेतृत्व में स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कलेक्ट्रेट परिसर से हुई, जहां नेताओं और कार्यकताओं ने दिवंगत भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान तिरहुत युवा प्रकोष्ठ प्रभारी वेद प्रकाश ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और भरत भूषण तिवारी के परिजनों को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा देने की भी मांग की। इसके बाद कैंडल मार्च निकालते हुए कार्यक्रम का समापन खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज में कानून का राज स्थापित करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग दोहराई। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष मो. लाल बाबू, तिरहुत युवा प्रकोष्ठ प्रभारी वेद प्रकाश, जिला महिला अध्यक्ष रंजना कुमारी, जिला महिला मुख्य प्रवक्ता वंदना प्रीतम, नगर अध्यक्ष प्रितेश प्रताप, युवा जिलाध्यक्ष राहुल राज, युवा जिला सचिव राजीव कुमार, नीतीश मिश्रा, मनीष बाबा, प्रियम, इम्तियाज वारसी, वरिष्ठ जन सुराजी शज्जाद एवं प्रतीक भानु सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर जन सुराज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं, युवा साथियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया तथा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से न्याय की लड़ाई जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

बाबा गरीबनाथ-बाबा हरिहरनाथ की निकाली जाएगी भव्य पालकी शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सावन माह के अवसर पर युवा बोलबम सेवा समिति की ओर से आगामी 31 जुलाई को बाबा गरीबनाथ एवं बाबा हरिहरनाथ की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को सिकंदरपुर मिनी ड्राइव में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने पालकी शोभायात्रा के नगर भ्रमण, मार्ग, व्यवस्था और आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि सावन माह को देखते हुए 31 जुलाई को सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति की ओर से पूरे सावन माह में निःशुल्क कांवरिया शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर में कांवरियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में सचिव सुजीत कुमार, महासचिव विक्की शर्मा, उपाध्यक्ष अविनाश रजक, शिवा कुमार, विशाल कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष शिबम महतो, सह सचिव मुकेश चौधरी, राकेश रजक, मीडिया प्रभारी अनिकेत कुमार, सुमित महाकाल, प्रिंस कुमार, नमन कुमार, गोवर्धन कुमार सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

सम्पादकीय

अग्नि-जाल में बदलते शहरी भवन

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत आज विश्व के सबसे तेजी से शहरीकरण करने वाले देशों में शामिल है। आर्थिक विकास, औद्योगीकरण, सेवा क्षेत्र के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर निरंतर हो रहे पलायन ने भारतीय शहरों का स्वरूप तेजी से बदला है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक बहुमंजिला इमारतें, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, कोचिंग संस्थान, होटल, अस्पताल और मिश्रित-उपयोग (**Mixed-Use**) वाले भवन विकास के नए प्रतीक बनकर उभरे हैं। किंतु इस विकास के पीछे एक गंभीर सच्चाई भी छिपी है—शहरी नियोजन की अनदेखी, सुरक्षा मानकों की उपेक्षा और प्रशासनिक शिथिलता। परिणामस्वरूप, आज अनेक शहरी भवन आर्थिक प्रगति के केंद्र होने के साथ-साथ संभावित अग्नि-जाल भी बनते जा रहे हैं। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में हुई अग्नि-दुर्घटनाओं ने इस संकट की भयावहता को उजागर किया है। दिल्ली के कोचिंग संस्थानों, सूरत के कोचिंग सेंटर, कोलकाता के होटल, हैदराबाद की व्यावसायिक इमारतों, मुंबई के अस्पतालों और अनेक बाजारों में लगी आग ने सैकड़ों परिवारों को असमय शोक में डुबो दिया। अधिकांश घटनाओं में एक जैसी कमियाँ सामने आईं—भवनों का अनधिकृत उपयोग, अग्नि-सुरक्षा उपकरणों का अभाव, बंद या अवरुद्ध आपातकालीन निकास, संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और नियमों के पालन में गंभीर लापरवाही। यह स्पष्ट संकेत है कि समस्या किसी एक भवन, किसी एक शहर या किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि हमारे पूरे शहरी विकास मॉडल की है। भारत में मिश्रित-उपयोग वाले भवनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक ही भवन में नीचे दुकानें, ऊपर कार्यालय, उसके ऊपर कोचिंग संस्थान और सबसे ऊपर आवास होना अब सामान्य बात है। यह व्यवस्था आर्थिक दृष्टि से लाभकारी अवश्य प्रतीत होती है, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत जोखिमपूर्ण है। ऐसे भवनों में ज्वलनशील सामग्री, विद्युत उपकरण, गैस सिलेंडर, बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति और सीमित निकास मार्ग आग लगने की स्थिति में उसे विनाशकारी बना देते हैं। यदि भवन मूल रूप से आवासीय उद्देश्य के लिए निर्मित हो और बाद में बिना संरचनात्मक परिवर्तन के व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया जाए, तो खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अनियोजित शहरीकरण इस समस्या की सबसे बड़ी जड़ है। भारत के अधिकांश शहर बिना दीर्घकालिक मास्टर प्लान के फैलते गए। आबादी बढ़ती गई, लेकिन सड़कें नहीं बढ़ीं; भवन ऊँचे होते गए, परंतु अग्निशमन सेवाओं की क्षमता उसी अनुपात में विकसित नहीं हुई। अनेक पुराने बाजारों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अग्निशमन वाहन तक प्रवेश नहीं कर पाते। कई स्थानों पर बिजली के तारों का जाल, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण आग पर नियंत्रण की प्रक्रिया को और कठिन बना देते हैं। ऐसी परिस्थितियों में कुछ ही मिनटों में छोटी आग भी बड़ी त्रासदी में बदल जाती है। इस संकट का दूसरा महत्वपूर्ण कारण नीतिगत विरोधाभास है। एक ओर सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनुमतियों की प्रक्रिया सरल बना रही है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर पर्याप्त बल नहीं दिया जा रहा। कई राज्यों में निश्चित ऊँचाई तक के भवनों को अनिवार्य अग्नि-अनापत्ति प्रमाण-पत्र (**Fire NOC**) से छूट प्राप्त है। परिणामस्वरूप हजारों ऐसे भवन बिना नियमित अग्नि-सुरक्षा निरीक्षण के संचालित होते रहते हैं। कई बार भवन निर्माण की अनुमति एक उद्देश्य के लिए मिलती है, किंतु समय के साथ उसका उपयोग पूरी तरह बदल जाता है। दुर्भाग्य से इस परिवर्तन की प्रभावी निगरानी करने वाली कोई मजबूत प्रणाली विकसित नहीं हो सकी है। प्रशासनिक समन्वय का अभाव भी स्थिति को जटिल बनाता है। भवन निर्माण की अनुमति नगर निगम देता है, भूमि उपयोग परिवर्तन विकास प्राधिकरण देखता है, व्यापार लाइसेंस किसी अन्य विभाग से जारी होता है और अग्नि-सुरक्षा का दायित्व अग्निशमन विभाग पर होता है। इन विभागों के बीच सूचनाओं का समुचित आदान-प्रदान नहीं होने से नियमों का प्रभावी अनुपालन नहीं हो पाता। कई बार भवन निर्माण के समय सभी औपचारिकताएँ पूरी कर ली जाती हैं, लेकिन बाद में भवन में किए गए अवैध परिवर्तन वर्षों तक किसी की निगाह में नहीं आते। भ्रष्टाचार और जवाबदेही का अभाव भी इस समस्या का महत्वपूर्ण पहलू है। यदि निरीक्षण केवल कागजों तक सीमित रह जाएँ और प्रमाण-पत्र वास्तविक जाँच के बिना जारी होने लगें, तो नियमों का अस्तित्व मात्र औपचारिकता बनकर रह जाता है। अनेक दुर्घटनाओं के बाद यह सामने आया कि भवनों में अग्निशामक यंत्र तो लगे थे, किंतु उनकी समय-समय पर जाँच नहीं हुई थी। कई स्थानों पर स्प्रिंकलर प्रणाली कार्य नहीं कर रही थी या आपातकालीन निकास पर ताले लगे हुए थे। यह केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि प्रशासनिक और नैतिक विफलता भी है। नागरिक जागरूकता की कमी भी इस संकट को बढ़ाती है। अधिकांश लोग भवन खरीदते या किराए पर लेते समय अग्नि-सुरक्षा व्यवस्था की जाँच नहीं करते। व्यापारिक प्रतिष्ठान लागत कम करने के लिए सुरक्षा उपकरणों की उपेक्षा करते हैं।

भविष्य की आहट

तीसरे विश्व युद्ध के हालात निर्मित होने लगे हैं। आग्नेय शस्त्रों की दम पर भू-भाग हथियाने, सत्ता जमाने और आर्थिक लाभ कमाने की आंधी चलने लगी है। शक्ति के हाथों मानवता पराजित हो रही है। चालों पर चालें, षड़यंत्रों पर षड़यंत्र और दुश्मन के दुश्मन को दोस्त बनाने के प्रयासों को पंख लग चुके हैं। मुंह में राम, बगल में छुरी की कहावत को चरितार्थ करने वालों के चेहरे नकाब के पीछे छुपे हैं। धूर्तता का ग्राफ निरंतर ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। आदर्श, सिद्धान्त और मयार्दाओं जैसे शब्द किताबों में बंद हो चुके हैं। अमेरिका के दुश्मन ओसामा बिन मोहम्मद बिन अवद बिन लादिन को पनाह देने वाले पाकिस्तान पर उसी अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड जॉन ट्रम्प अपने प्यार, विश्वास और धन लुटाने में पागल हैं। पाकिस्तान ने जहां एक ओर ईरान-अमेरिका जंग में कथित मध्यस्थ बनकर स्वयं को शान्तिदूत की तरह पेश किया है वहीं दूसरी ओर इस्लामी दुनिया के हितों की रक्षा करने हेतु 25 सितंबर 1969 में बनाये गये इस्लामिक सहयोग संगठन यानी ओआईसी के माध्यम से कट्टरता, आतंकवाद और विस्तारवाद को नई दिशा देने में जुटा है। अमेरिका का खाममखास पाकिस्तान अपनी कुटिल चालों से चीन और रूस को भी कुटिलता के साथ अपने पाले में करने की जुगाड में है। छोटे से कट्टरपंथी देश ईरान के आगे अमेरिका जैसा दुनिया का ठेकेदार लाचार नजर आ रहा है। इस्लामिक कानून यानी शरिया को राष्ट्रीय संविधान मानने वाले तुर्की, सऊदी अरब, यमन, सोमालिया, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश आज भी गजवा-ए-दुनिया के ख्वाब देख रहे हैं जिन्हें पाकिस्तान निरंतर भड़काने में लगा है। वर्तमान में कुल 9 देशों के पास परमाणु हथियार हैं जिनमें रूस के पास लगभग 5500 से 5600, संयुक्त राज्य अमेरिका के पास लगभग 5000 से 5200, चीन के पास लगभग 400 से 600, फ्रांस के पास लगभग 290, यूनाइटेड किंगडम के पास लगभग 225, भारत के पास लगभग 180 से 190, पाकिस्तान के पास लगभग 170, इजराइल के पास लगभग 90 तथा उत्तर कोरिया के पास लगभग 50 परमाणु हथियार हैं। परमाणु हथियारों की दम पर कट्टरपंथियों को हौसला देने वाले पाकिस्तान ने आतंकियों को सैन्य प्रशिक्षण देने, संरक्षण देने तथा सहयोग देने वाले राष्ट्रों के साथ मिलकर मानवता विरोधी मुहिम छेड रखी है। इतिहास गवाह है छद्म युद्ध के लिए विभिन्न देशों द्वारा दहशतगर्दों की जमातें तैयार की जाती रहीं। पाकिस्तान ने 1980 के दशक में सोवियत संघ के विरुद्ध अफगान जिहाद हेतु अमेरिका के साथ मिलकर तालिबान को पैदा किया था। भारत के विरुद्ध कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे अनेक आतंकी संगठन तैयार किये थे। अमेरिका ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत सेनाओं को खदेड़ने हेतु अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी यानी सीआईए ने मुजाहिदीन को पैदा किया था जो बाद में अल-कायदा और ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकियों के मुख्य समर्थक बन गये। ईरान ने सन 1982 में लेबनान में शिया समुदाय के प्रभाव को बढ़ाने और इजरायल के खिलाफ लड़ने के लिए हिजबुल्लाह का गठन किया तथा 1990 के दशक में यमन के अंदर हूती यानी अंसार अल्लाह को खडा किया। सऊदी अरब ने 1970-80 के दशक में वहाबी विचारधारा के कट्टरपंथी गिरोहों स्थापित किया जो अप्रत्यक्ष रूप से अल-कायदा का अंग बन गये। सीरिया ईरान के सहयोग ने लेबनान में हमास और हिजबुल्लाह को स्थापित किया था।

मिथिलेश के. सिंह की नई किताब शूद्रों का सच भारत के सामाजिक परिवेश पर एक गहन शोध का प्रतिफल है

उन्होंने ऋग्वेद के कई श्लोकों की रचना भी की थी। पुस्तक ह्यशूद्रों का सचह्न में तथ्यों के आधार पर बताया गया है कि प्राचीन काल मे ब्राम्हणों और क्षत्रियों का विवाह वैश्य तथा शूद्रों से होता था और इसके कई उदाहरण भी परोस दिए गए हैं। बताया गया है कि व्यास की मां मछुआइन, वशिष्ठ की गणिका और मुनिश्रेष्ठ मदनपाल की मां मल्लाहिन थी। पुस्तक उंस भ्रांति को भी तोड़ती है, जिसमे बहुत से लेखक कहते हैं कि सारे शुद्र अनार्य थे और आर्यों ने उनको दास बना लिया था। पुस्तक के लेखक यह बताने का प्रयास करते हैं कि समाज भले वर्ग, वर्ण और जाति के फंदे में फंसता गया, लेकिन भारत में लम्बे समय तक सामाजिक समरसता अबाध गति से आगे बढ़ रही थी। सभी वर्ग और वर्ण अपने निर्धारित कार्यों में जुटे थे और जिस हीन भावना को शूद्रों के अस्तिव से जोड़ने का प्रयास किया गया उसका भारतीय समाज में नामोनिशान नही था। पुस्तक बेंजामिन टुडेलो, अब्दुर्रज्जाक, फाह्यान अलबरूनी और माकोपीलो जैसे लेखकों को कोट कर बताती है कि तब का भारतीय समाज समतामूलक था। अब सवाल उठता है कि शूद्रों को लेकर इस तरह की हीनता और भ्रांति कहां से उपजी।



शैलेश कुमार सिंह
लेखक

अंबेडकर, इस्लाम और वामपंथ जैसी पुस्तक लिख कर पहले ही स्वनामधन्य हो चुके मिथिलेश के. सिंह की नई किताब शूद्रों का सच भारत के बदलते सामजिक और सांस्कृतिक परिवेश पर एक गहन शोध का प्रतिफल है। यह विषय समय समय पर हिंदुस्तानी और विदेशी लेखकों को आकर्षित करता रहा है, लेकिन परस्पर विरोधी विचारधारा की वजह से शोधार्थियों के कौतूहल में कमी नही आई है। इस पुस्तक में लेखक ने भी अपने कौतूहल का नजारा पेश करते हुए इस विषय पर तथ्यों को परखा और लिखा है, लेकिन अंतिम निर्णय का अधिकार पाठकों के हवाले कर दिया है। उदाहरण के तौर पर यूरोपियन विद्वानों का एक स्कूल कहता है कि भारत में शूद्रों को पढ़ने लिखने या अध्ययन करने का अधिकार नहीं था। वैसी स्थिति में लेखक अगस्त्य, वाल्मीकि, वेदव्यास और सूत जी जैसे प्राचीन भारत के महान शुद्र रचनाकारों को सामने रखते हैं और निर्णय का अधिकार पाठकों पर छोड़ देते हैं। उसी तरह से जिन लोगों को लगता है कि शुद्र जन्म से दलित, शोषित या वंचित थे उन्हें पुस्तक याद दिलाती है कि भारतीय इतिहास के प्रथम चक्रवर्ती राजा सुदास शुद्र थे। उन्होंने ऋग्वेद के कई श्लोकों की रचना भी की थी। पुस्तक ह्यशूद्रों का सचह्न में तथ्यों के आधार पर बताया गया है कि प्राचीन काल मे ब्राम्हणों और क्षत्रियों का विवाह वैश्य तथा शूद्रों से होता था और इसके कई उदाहरण भी परोस दिए गए हैं। बताया गया है कि व्यास की मां मछुआइन, वशिष्ठ की गणिका और मुनिश्रेष्ठ मदनपाल की मां मल्लाहिन थी। पुस्तक उंस भ्रांति को भी तोड़ती है, जिसमे बहुत से लेखक कहते हैं कि सारे शुद्र अनार्य थे और आर्यों ने उनको दास बना लिया था। पुस्तक के लेखक यह बताने का प्रयास करते हैं कि समाज भले वर्ग, वर्ण और जाति के फंदे में फंसता गया, लेकिन भारत में लम्बे समय तक सामाजिक समरसता अबाध गति से आगे बढ़ रही थी। सभी वर्ग और वर्ण अपने निर्धारित कार्यों में जुटे थे और जिस हीन भावना को शूद्रों के अस्तिव से जोड़ने का प्रयास किया गया उसका भारतीय समाज में नामोनिशान नही था। पुस्तक बेंजामिन टुडेलो, अब्दुर्रज्जाक, फाह्यान अलबरूनी और माकोपीलो जैसे लेखकों को कोट कर बताती है कि तब का भारतीय समाज समतामूलक था। अब सवाल उठता है कि शूद्रों को लेकर इस तरह की हीनता और भ्रांति कहां से उपजी। इस सवाल के जवाब में लेखक औपनिवेशिक काल के तथ्यों को सामने लाते हैं। यह बताते हैं कि किस तरह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के समय भारतीय समाज की एकता ने अंग्रेजों की नींद में खलल डाल दिया था। ह्यअंग्रेजो की फूट डालो और राज करोह्न की नीति ने भारतीय समाज को असंख्य टुकड़ों में बांट दिया। ऐसी हालत में सामाजिक स्वरूप को बदनाम किया गया। ऐसे वर्ग और जातियों को तैयार किया गया जो पहले से मौजूद नही थे। पुस्तक इशारा करती है कि 1901 में भारत मे बैठी हुई ब्रिटिश हुकूमत ने 2314 जातियों की सूची बनाई थी, लेकिन 1931 में जारी सूची में इसकी संख्या 4114 हो गयी थी, जो एक गहरे षडयंत्र का परिणाम थी। शूद्रों से सम्बंधित समाज के नजरिये में बदलाव लाने में मैक्समूलर, ग्लैडविन, चार्ल्स विल्किंस और जोनाथन डंकन जैसे यूरोपियन लेखकों की भूमिका पर यह पुस्तक प्रकाश डालती है। पुस्तक वामपंथी विचारधारा और शूद्रों को लेकर उनके राजनीतिक प्रयोग को भी सामने लाती है और यह सोचने पर विवश करती है कि जिस दलित, शोषित और वंचित समाज को वामपंथियों ने शुद्र समाज से जोड़ दिया, क्या वह सही व्याख्या है? इस पुस्तक में बाबा साहेब अंबेडकर और मनुस्मृति पर उनके विचारों से जुड़ी भ्रांतियों की भी पड़ताल की गई है। पुस्तक बताती है कि विद्वानों, जिनमे सर विलियम जोंस से महात्मा गांधी तक कई नाम हैं, ने माना कि मनुस्मृति के मूल संस्करण में इतने श्लोक नही थे, जितने बाद में दिखाए गए। उनका मानना है कि बहुतायत श्लोक बाद में जोड़ दिए गए, जिससे इसकी बदनामी हुई। गांधी ने अपनी पुस्तक वर्ण व्यवस्था में माना कि मनुस्मृति में पाई जाने वाली अधिकांश आपत्तिजनक बातें बाद में मिलावट से आईं। पुस्तक इस बात को ध्यान में लाती है कि मनुस्मृति से सम्बंधित अंबेडकर के विचार अंग्रेजी में अनुदित पुस्तकों के पाठन से आये, जिनमे वैसे श्लोक भी शामिल थे, जो क्षेपक थे। लेखक श्री सिंह का मानना है कि इन क्षेपक श्लोकों का अस्तित्व नही होता तो शायद अंबेडकर के विचार मनुस्मृति के लिए थोड़े अलग होते। वैसे अंबेडकर ने अपने निष्कर्ष में साफ किया है कि शुद्र आर्य थे। उन्होंने उनके अनार्य रूप में पराजित योद्धा वाली थ्योरी को नकार दिया था। इस पुस्तक में जातियों के उद्भव पर एक विस्तृत चैप्टर है। इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि प्राचीन समय मे वर्ण का आधार कर्म था और कर्म बदलने से वर्ण भी बदल जाता था। ऐसे भी उदारण उपलब्ध हैं जिसमे एक ही परिवार में कर्म के हिसाब से दो वर्ण के लोगों का उल्लेख है। ऋष्टिसेण के पुत्रों देवापि एवं शांतनु में एक ब्राम्हण तो दूसरा क्षत्रिय था। पुस्तक तार्किक रूप से बताती है कि जातियों का उद्भव और विकास धीरे धीरे हुआ और शुरू में इसके फायदे भी बहुत थे। दरअसल जाति में जातिवाद, छुआछूत तथा अस्पृश्यता के प्रभाव ने इसे विभिन्न दोषों के हवाले कर दिया। लेखक मिथिलेश के सिंह का शोध इतना गहन है कि उसे समीक्षात्मक लेख में समेटना मुश्किल है। इस पुस्तक में आर्य बनाम द्रविड़, यूरोपीय, इस्लामी और हिंदुस्तानी दास प्रथा की विभिन्नताओं जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई है। नेहरू सरीखे गंभीर इतिहास की समझ रखने वालों के साथ रामधारी सिंह ह्यदिनकर ह्य जैसे कवियों की रचना ह्यसंस्कृति के चार अध्याय में लिखी बातों की भी चर्चा की गई है। इसमें सैकड़ों यूरोपियन, इस्लामी और भारतीय लेखकों की पुस्तकों के कोट के साथ तार्किकता की कसौटी के दर्शन होते हैं। मेरा ख्याल है कि जिन पाठकों की रुचि भारत के सामाजिक परिवेश को समझने और सांस्कृतिक विरासत को जानने में है, उन्हें प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित यह पुस्तक जरूर निहाल करेगी।

आसान नहीं है कबीर होना

जन्म के आधार पर मनुष्य की प्रतिष्ठा तय होती थी। ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव ने मनुष्यता को जकड़ रखा था। दूसरी ओर धर्म भी अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका था। हिंदू समाज कर्मकांड, मूर्तिपूजा और पाखंड में उलझा था, तो मुस्लिम समाज भी बाह्य आडंबर और कट्टरता से मुक्त नहीं था। धर्म लोगों को जोड़ने के बजाय बांटने का माध्यम बनता जा रहा था। ऐसे समय में कबीर ने किसी एक धर्म या संप्रदाय का पक्ष नहीं लिया, बल्कि मनुष्य और मनुष्यता का पक्ष लिया। उन्होंने बिना किसी भय के दोनों समुदायों की रूढ़ियों पर समान प्रहार किया। वे कहते हैं—पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय। यह केवल ज्ञान की परिभाषा नहीं, बल्कि उस पूरे धार्मिक ढांचे को चुनौती थी, जो मनुष्य को कर्मकांड में उलझाकर उसके विवेक को कुंठित कर रहा था। कबीर की सबसे बड़ी प्रगतिशीलता यही थी कि उन्होंने जन्म से नहीं, कर्म और आचरण से मनुष्य की पहचान करने की बात कही। उन्होंने जाति व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए कहा– जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। आज यह पंक्ति सामान्य लग सकती है, लेकिन उस दौर में इसे कहना स्थापित सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह था।



ब्रह्मानन्द ठाकुर
लेखक



संत कबीर दास केवल एक कवि नहीं थे, बल्कि अपने समय के सबसे निर्भीक सामाजिक चिंतक और परिवर्तनकारी व्यक्तित्व थे। इसलिए कबीर को समझना केवल उनके दोहे पढ़ लेने से संभव नहीं है। उनके विचारों की वास्तविक शक्ति को जानने के लिए उस समय की राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों को समझना आवश्यक है। किसी भी महापुरुष का मूल्यांकन उसके युग की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के संदर्भ में ही किया जा सकता है। यह मूल्यांकन की वैज्ञानिक पद्धति है। इसलिए कबीर दास को याद करते हुए उस युग और उसके तत्कालीन परिवेश को याद करना होगा। क्योंकि स्थान ,काल और परिवेश से निरपेक्ष हो कर हम किसी भी रचनाकार का सही मूल्यांकन कर ही नहीं सकते। कबीर का समय पंद्रहवीं शताब्दी का भारत था। दिल्ली सल्तनत का प्रभाव था और सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक अस्थिरता तथा आर्थिक विषमता आम जनजीवन को प्रभावित कर रही थी। समाज जातियों में बुरी तरह विभाजित था। जन्म के आधार पर मनुष्य की प्रतिष्ठा तय होती थी। ऊंच-नीच, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव ने मनुष्यता को जकड़ रखा था। दूसरी ओर धर्म भी अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका था। हिंदू समाज कर्मकांड, मूर्तिपूजा और पाखंड में उलझा था, तो मुस्लिम समाज भी बाह्य आडंबर और कट्टरता से मुक्त नहीं था। धर्म लोगों को जोड़ने के बजाय बांटने का माध्यम बनता जा रहा था। ऐसे समय में कबीर ने किसी एक धर्म या संप्रदाय का पक्ष नहीं लिया, बल्कि मनुष्य और मनुष्यता का पक्ष लिया। उन्होंने बिना किसी भय के दोनों समुदायों की रूढ़ियों पर समान प्रहार किया। वे कहते हैं—पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय। यह केवल ज्ञान की परिभाषा नहीं, बल्कि उस पूरे धार्मिक ढांचे को चुनौती थी, जो मनुष्य को कर्मकांड में उलझाकर उसके विवेक को कुंठित कर रहा था। कबीर की सबसे बड़ी प्रगतिशीलता यही थी कि उन्होंने जन्म से नहीं, कर्म और आचरण से मनुष्य की पहचान करने की बात कही। उन्होंने जाति व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए कहा– जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। आज यह पंक्ति सामान्य लग सकती है, लेकिन उस दौर में इसे कहना स्थापित सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह था। कबीर जानते थे कि परिवर्तन केवल उपदेश से नहीं आता, बल्कि साहस से आता है। उन्होंने वही कहा जिसे समाज सुनना नहीं चाहता था।कबीर ने सत्ता से समझौता नहीं किया, समाज की स्वीकृति की चिंता नहीं की और किसी धार्मिक प्रतिष्ठान की कृपा के आकांक्षी नहीं बने। वे अकेले खड़े रहे, क्योंकि उन्हें सत्य पर विश्वास था। यही कारण है कि उनका साहित्य किसी राजदरबार का नहीं, बल्कि जनमानस का साहित्य बना। आज विडंबना यह है कि कबीर के दोहे मंचों पर गूंजते हैं, लेकिन उनके विचार जीवन से गायब होते जा रहे हैं। जातीय अहंकार आज भी जीवित है। धर्म के नाम पर वैमनस्य अब भी फैलाया जा रहा है। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में पाखंड के नए-नए रूप दिखाई देते हैं। हम कबीर के चित्र पर को माल्यार्पण तो करते हैं, पर उनके प्रश्नों से बच निकलना चाहते हैं। हम उनकी जयंती मनाते हैं, लेकिन उनके जैसा सच बोलने का साहस नहीं जुटा पाते। दरअसल, कबीर होना आसान नहीं है। कबीर होना मतलब भीड़ के विरुद्ध खड़े होने का साहस, स्थापित परंपराओं को विवेक की कसौटी पर कसने का साहस, अन्याय के विरुद्ध निर्भीक स्वर उठाने का साहस और मनुष्य को उसकी जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर देखकर प्रेम और समानता का संदेश देने का साहस। समाज की प्रगति केवल परंपराओं को ढोने से नहीं होती। जब परंपराएं विकास में बाधा बनने लगें, तब उन्हें बदलने का नैतिक साहस ही इतिहास रचता है। कबीर ने यही किया। उन्होंने अंधानुकरण का नहीं, स्वतंत्र चिंतन का मार्ग दिखाया। इसलिए वे केवल अपने समय के नहीं, हर उस समय के कवि हैं जब समाज को नए विचार, नई दृष्टि और नए साहस की आवश्यकता होती है।असल, कबीर होना आसान नहीं है। कबीर होना मतलब भीड़ के विरुद्ध खड़े होने का साहस, स्थापित परंपराओं को विवेक की कसौटी पर कसने का साहस, अन्याय के विरुद्ध निर्भीक स्वर उठाने का साहस और मनुष्य को उसकी जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर देखकर प्रेम और समानता का संदेश देने का साहस। समाज की प्रगति केवल परंपराओं को ढोने से नहीं होती। जब परंपराएं विकास में बाधा बनने लगें, तब उन्हें बदलने का नैतिक साहस ही इतिहास रचता है। कबीर ने यही किया। उन्होंने अंधानुकरण का नहीं, स्वतंत्र चिंतन का मार्ग दिखाया। इसलिए वे केवल अपने समय के नहीं, हर उस समय के कवि हैं जब समाज को नए विचार, नई दृष्टि और नए साहस की आवश्यकता होती है।

चैटजीपीटी योग्य शिक्षक के बराबर नहीं हो सकता है

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

तकनीक के तेजी से बदलते दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) मानव जीवन के लगभग हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। शिक्षा भी इससे अछूती नहीं है। आज लाखों विद्यार्थी पढ़ाई, शोध, असाइनमेंट और परीक्षा की तैयारी के लिए चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग कर रहे हैं। कई लोग यह तक मानने लगे हैं कि आने वाले समय में एआई पारंपरिक शिक्षण प्रणाली का स्थान ले सकता है। लेकिन हाल ही में मद्रास हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि चैटजीपीटी या अन्य एआई टूल कभी भी एक योग्य शिक्षक के बराबर नहीं हो सकते। यह टिप्पणी केवल एक कानूनी विवाद का हिस्सा नहीं है, बल्कि आधुनिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों और तकनीक की सीमाओं पर गहन विचार करने का अवसर भी प्रदान करती है। मद्रास हाईकोर्ट के समक्ष तीन कानून के छात्रों का मामला आया था। इन छात्रों की उपस्थिति निर्धारित सीमा से कम थी, जिसके कारण कॉलेज प्रशासन ने उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी। छात्रों ने इस निर्णय को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। प्रारंभिक सुनवाई में एकल पीठ ने छात्रों को राहत प्रदान की थी। हालांकि बाद में दो न्यायाधीशों वाली खंडपीठ ने इस आदेश को रद्द कर दिया और कॉलेज प्रशासन के निर्णय को सही ठहराया। अदालत ने कहा कि उपस्थिति संबंधी नियमों का पालन सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है और इसमें विशेष छूट देना उचित नहीं होगा। इसी दौरान अदालत ने शिक्षा और एआई की भूमिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी की, जो देशभर में चर्चा का विषय बन गई हैं। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने का उद्देश्य केवल किताबों का ज्ञान प्राप्त करना नहीं होता है। विद्यालय और महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं। यहां छात्र अनुशासन, समय प्रबंधन, संवाद कौशल, सामाजिक व्यवहार और पेशेवर मूल्यों को भी सीखते हैं। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भले ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य में मानव बुद्धि के स्तर तक पहुंच जाए, लेकिन वह छात्रों को ईमानदारी, नैतिकता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसी मानवीय विशेषताएं नहीं सिखा सकती। न्यायालय के अनुसार शिक्षा केवल सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक और पेशेवर बनाने की यात्रा भी है। आज इंटरनेट पर लगभग हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध है। कोई भी छात्र कुछ सेकंड में किसी भी विषय पर सामग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन जानकारी और शिक्षा दोनों अलग-अलग चीजे हैं। जानकारी तथ्यों का संग्रह हो सकती है, जबकि शिक्षा उन तथ्यों को समझने, उनका विश्लेषण करने और उन्हें जीवन में सही ढंग से लागू करने की क्षमता विकसित करती है। एक शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ाता। वह विद्यार्थियों को जीवन के अनुभव, व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। कक्षा में होने वाली चचाएं, सवाल-जवाब, बहस और सामूहिक गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चैटजीपीटी किसी प्रश्न का उत्तर दे सकता है, लेकिन वह विद्यार्थी के चरित्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता है। एआई की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल सूचना क्षमता है। वह लाखों दस्तावेजों का विश्लेषण कर सकता है और कुछ सेकंड में उत्तर प्रस्तुत कर सकता है। लेकिन इसके बावजूद उसमें कुछ मूलभूत सीमाएं हैं। एक शिक्षक विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति, उनकी परेशानियों और उनकी सीखने की गति को समझ सकता है। वह जरूरत पड़ने पर उन्हें प्रेरित भी कर सकता है। एआई के पास भावनाएं नहीं होती है। वह केवल उपलब्ध आंकड़ों और एल्गोरिद्म के आधार पर प्रतिक्रिया देता है। जीवन में कई ऐसे निर्णय आते हैं जहां केवल तथ्य पर्याप्त नहीं होते। वहां नैतिकता और विवेक की आवश्यकता होती है। एक अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को सही और गलत के बीच अंतर समझा सकता है। एआई इस भूमिका को पूरी तरह नहीं निभा सकता है। विद्यालय और कॉलेज विद्यार्थियों को समाज में रहना सिखाते हैं। टीमवर्क, नेतृत्व, संवाद और सहयोग जैसे गुण कक्षा और परिसर के वातावरण में विकसित होते हैं। ऑनलाइन चैटबॉट इन अनुभवों का विकल्प नहीं बन सकते। यह मामला कानून के छात्रों से जुड़ा था। कानूनी शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं माना जाता।

संक्षिप्त खबरें

दारौंदा सीएचसी में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

सीवान/दारौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दारौंदा में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरेश कुमार सिंह ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रखंड में कुल 28 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए 68 अस्थायी केंद्रों के अलावा स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगे।

अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से कुचलकर व्यक्ति की मौत

सीवान जिले के दरौली थाना क्षेत्र में रविवार को अवैध बालू लदे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह करीब 10:15 बजे दरौली थाना को सूचना मिली कि अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक व्यक्ति को रौंदते हुए निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही दरौली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान कुछ उग्र ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया तथा सड़क जाम कर दिया। इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल सदर अस्पताल, सीवान भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दोनों घायल पुलिसकर्मियों की स्थिति सामान्य है।

बिजली की अनियमितता से देवपुरा गांव में जले एसी टीवी व मोटर वाटर पंप

रसूलपुर।भीषण गर्मी में एकमा रसूलपुर का ग्रामीण क्षेत्र काफी हलकान है।सुदूर में गांवों दो घंटे पर मात्र 15 से 20 मिनट बिजली आपूर्ति होने से उमस भरे गर्मी में त्राहिमाम त्राहिमाम मची है।देवपुरा पंचायत के देवपुरा गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि वो वोल्टेज के कारण देवपुरा गांववासी अजीत शाही का एसी,सूर्यनंदन शाही, राजेंद्र शाही व नन्हे शाही का पंखा, राजेंद्र शाही व अजय शाही का मोटर वाटर पंप जल गया है।उधर मुकुंदपुर फीडर में दिन और रात मिलाकर कुछ ही घंटे बिजली मिल रही है।मानवबल लाइनमैन मनीष सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में लोड शेडिंग के कारण बिजली कटौती हो रही है। बारिश होने के बाद ही स्थिति में सुधार होगा।

पू उ रे पेंशनर्स एसोसियेशन की मासिक बैठक संपन्न

छपरा कार्यालय। पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा छपरा की मासिक बैठक रविवार को ओम प्रकाश पराशर की अध्यक्षता में शुरू हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में पराशर ने कहा कि आठवें वेतन आयोग का रिपोर्ट शिघ्र जारी किया जाए। मेडिकल भता तीन हजार प्रति माह किया जाए। अंतरिम राहत की घोषणा किया जाए।पचास प्रतिशत महंगाई भत्ता को मूल वेतन में जोड़ें।लू एवं गर्मी से बचाव के टिप पेंशनर्स को दिए। मिथलेश कुमार सिंह शाखा मंत्री ने कर्मचारियों के ग्रिवांश को लेकर विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि संगठन के कारण अनेक पेंशनर्स लाभान्वित हुए और आगे भी इसी तरह से पेंशनर्स की समस्याओं को दूर किया जाएगा। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी अनेक नियमो कि जानकारी दी। श्री मुन्द्रीका प्रसाद ने न्यूनतम वेतन 69000 रुपए मान कर तदनुसार पेंशन निर्धारण कि मांग किया।

मन की बात के 135वें संस्करण को भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सुना

छपरा।भारतीय जनता पार्टी सारण जिला इकाई के तत्वावधान में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 135वें संस्करण का बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में देश की उपलब्धियों, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और जनभागीदारी की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा हाल ही में संपन्न अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक सफलता का उल्लेख करते हुए देशवासियों का उत्साहवर्धन किया।

बिहार में पंचायत विकास की नई पहल का आगाज, प्रतापपुर से उपमुख्यमंत्री ने किया पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ

● महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम पर गूंजी ग्राम सभा, उपमुख्यमंत्री बोले-महिलाओं की भागीदारी से गांव बनेंगे आत्मनिर्भर

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। बिहार सरकार की अभिनव पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ रविवार को पूरे राज्य के साथ-साथ सारण जिले में भी उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। जिले के दरियापुर प्रखंड अंतर्गत प्रतापपुर ग्राम पंचायत इस ऐतिहासिक पहल का साक्षी बनी, जहां बिहार के उपमुख्यमंत्री-सह-सारण जिला प्रभारी मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का सामूहिक लाइव प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने एक साथ सुनकर प्रेरणा प्राप्त की। इस बार पंचायत विकास दिवस की थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत रही। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया और पंचायत स्तर पर महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार रखे। स्थानीय मुखिया किशोर कुमार सिंह ने पंचायत में अब तक हुए विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए भविष्य की विकास योजनाओं और पंचायत की कार्ययोजना से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता, ग्राम पंचायतों के अधिकार, दायित्व तथा जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से पंचायत को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर बिहार ने पूरे देश के सामने एक मिसाल कायम की है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत विकास दिवस जनभागीदारी आधारित सुशासन और समावेशी ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल है।

सारण में पल्स पोलियो अभियान का आगाज, डीएम वैभव श्रीवास्तव ने बच्चों को दो बूंद पिलाकर दिया स्वस्थ भविष्य का संदेश

छपरा। सारण जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को दरियापुर प्रखंड के प्रतापपुर पंचायत में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम के दौरान किया गया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने एक नन्हे बच्चे को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर पांच दिवसीय विशेष अभियान की औपचारिक शुरुआत की और जिलेवासियों से अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर और आजीवन दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना है। उन्होंने अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान घर-घर जाकर सभी पात्र बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हृएक भी बच्चा छूटेगा, तो अभियान अधूरा माना जाएगाह्न इसलिए माइक्रो प्लान के अनुरूप शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य किया जाए। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने बताया कि 28 जून से 2 जुलाई 2026 तक संचालित होने वाले इस विशेष राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, पोलियो बूथों तथा घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी।

30 जून तक हर हाल में पूरा करें कटाव निरोधक कार्य : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। संभावित बाढ़ और नदी कटाव से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने मकेर प्रखंड के हैजलपुर में जल संसाधन विभाग द्वारा कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को 30 जून तक शेष कार्य हर हाल में पूरा करने तथा सभी बाढ़ सुरक्षा कार्यों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता ने बताया कि कटाव निरोधक कार्य का लगभग 92 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस पर जिलाधिकारी ने शेष कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद भी स्थल पर पर्याप्त मात्रा में कटाव निरोधी सामग्री उपलब्ध रखी जाए, ताकि नदी के जलस्तर में वृद्धि या किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सुरक्षा कार्य शुरू किया जा सके। जिलाधिकारी ने आसपास के संभावित संवेदनशील एवं कटावग्रस्त क्षेत्रों में भी पहले से पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी तैयारियां पहले से सुनिश्चित रहनी चाहिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने नाव से नदी के अपस्ट्रीम क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां नई जलधारा विकसित करने के उद्देश्य से सिल्ट हटाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदी से निकाली गई सिल्ट एवं मिट्टी को तटबंध से पर्याप्त दूरी पर सुरक्षित रखा जाए, ताकि बारिश या जलस्तर बढ़ने की स्थिति में वह दोबारा नदी में न समा जाए।

20वें मिड टर्म कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। मस्तिचक स्थित अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में ग्लूकोमा एवं न्यूरो ऑप्थमोलॉजी विषय पर बिहार ऑप्थमोलॉजी सोसायटी के 20वें मिड टर्म कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, डॉ. एस.के. पांडे, डॉ. रंजन राय, डॉ. अजित पोद्दार, डॉ. कुमारी श्वेता एवं डॉ. अफरोज आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में लगातार हो रहे शोध और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से नेत्र रोगों के उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे वैज्ञानिक सम्मेलन चिकित्सकों के ज्ञान एवं अनुभव को समृद्ध करने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की।अस्पताल के ट्रस्टी डॉ. अतुल कुमार ने कहा कि ग्लूकोमा (काला मोतिया) आंखों की ऐसी गंभीर बीमारी है, जो शुरूआती चरण में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के दृष्टि को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, नियमित स्क्रीनिंग और उचित उपचार से इस बीमारी के कारण होने वाले अंधत्व को काफी हद तक रोका जा सकता है।कॉन्फ्रेंस में बिहार सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए नेत्र रोग विशेषज्ञों ने ग्लूकोमा एवं न्यूरो ऑप्थमोलॉजी से जुड़े आधुनिक उपचार, नई तकनीकों और जटिल मामलों पर अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम शोध, अत्याधुनिक उपकरणों तथा उपचार पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की।इस दौरान डॉ. कुमारी श्वेता ने बताया कि ग्लूकोमा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश मरीजों में बीमारी का पता तब चलता है जब दृष्टि को काफी नुकसान पहुंच चुका होता है। उन्होंने नियमित नेत्र जांच कराने पर विशेष जोर दिया।डॉ. एस. के. पांडे ने कहा कि न्यूरो ऑप्थमोलॉजी के क्षेत्र में नई तकनीकों और शोध के कारण जटिल नेत्र एवं तंत्रिका संबंधी बीमारियों की पहचान और उपचार पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हो गया है। ऐसे शैक्षणिक सम्मेलन चिकित्सकों के लिए ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण मंच हैं।कार्यक्रम के अंत में डॉ. अजित पोद्दार ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन चिकित्सा जगत में ज्ञान के आदान-प्रदान, शोध को बढ़ावा देने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य नेत्र रोग विशेषज्ञों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से अवगत कराना तथा मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में ज्ञान और अनुभव का आदान-प्रदान करना रहा।

पीकअप की ठोकर से एक युवक की हुई मौत, तीन घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के सियरभुक्का गांव के पास एसएच 73 मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार पीकअप की ठोकर से एक बाइक सवार युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार को दोपहर 11:30 बजे के करीब की है। मृतक इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोईला गांव निवासी मुस्लिम मियां उर्फ कलू मियां का पुत्र 20 वर्षीय हुसैन अली है। जबकि घायलो मे युवक डोइला गांव निवासी ताज मोहम्मद का पुत्र आरिफ अली, ईद मोहम्मद का पुत्र शमशाद अली और आजाद अली शामिल है। घायल युवको मे शामिल आसिफ अली की हालत काफी गंभीर बतायी जा रही है, जिसका एक हाथ शरीर से अलग हो गया है। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां तीनो घायल युवको की गंभीर हालत देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। घटना स्थल से पुलिस ने फर्नीचर लोड पीकअप को अपने कब्जे मे लेकर थाना लायी। परिजनो ने बताया कि चारो युवक बाइक से मलमलिया किसी के यहां पेंट का काम करने जा रहे थे। इसी दौरान सियरभुक्का गांव के पास एसएच 73 मुख्य मार्ग पर टर्निंग प्वाइंट के पास तेज रफ्तार पीकअप के पिछले हिस्से से बाइक की टक्कर हो गयी।घटना की खबर मिलते ही गांव मे मातमी सन्नाटा पसर गया। रोते बिलखते परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। परिजनो के चित्कार से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया।

भारत विकास परिषद की शाखा कार्यशाला संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारत विकास परिषद, छपरा शाखा द्वारा रविवार को श्री दावत रेस्टोरेंट में शाखा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ शाखा सचिव डॉ. आशुतोष दीपक द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री ईश्वर प्रसाद जी ने भारत विकास परिषद के संस्थापक महामंत्री स्वर्गीय डॉ. सूरज प्रकाश जी के प्रेरणादायी जीवन, व्यक्तित्व एवं संगठन के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समन्वय शाखा अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा ह्यसंकल्पह्न ने किया। कार्यशाला में शाखा के मुख्य संरक्षक डॉ. सी. एन. गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं शाखा के कोषाध्यक्ष श्री जयंत सरावगी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। प्रथम सत्र में श्री सुधीर कुमार सिंह (प्रांत महासचिव) ने परिषद की कार्यप्रणाली, दायित्व ग्रहण, सदस्य संकल्प तथा संगठन की विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात श्री विनीत गर्ग, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव ने परिषद की विचारधारा, उद्देश्य एवं सेवा कार्यों पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए कार्यकताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, संस्कार एवं संगठन के मूल्यों को पहुँचाने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में डॉ. वाल्मीकि कुमार, रीजनल सेक्रेटरी (ईस्ट) ने भारत विकास परिषद के प्रोटोकॉल, कार्यक्रम संचालन की व्यवस्था एवं बैठकों की कार्यपद्धति पर विस्तार से जानकारी देते हुए संगठनात्मक अनुशासन के महत्व पर बल दिया। इसके उपरांत डॉ. नवनीत शांडिल्य ने संगठन विषय पर अपने विचार रखे। श्री भरत भूषण पांडेय ने संस्कार विषय पर भारतीय जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं श्री अमरनाथ प्रसाद ने संपर्क विषय पर समाज के विभिन्न वर्गों से प्रभावी संवाद एवं जनसंपर्क स्थापित करने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के दौरान आगामी सेवा एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सदस्यों ने परिषद की गतिविधियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

करिंगा पंचायत बूथ-159 पर विधायक ने कार्यकताओं संग सुनी पीएम मोदी की 135वीं मन की बात

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत करिंगा पंचायत के बूथ संख्याझ्र159 पर छपरा की विधायक छोटी कुमारी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 135वें ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत के संकल्प, आत्मनिर्भरता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रेरणादायी विचार साझा किए। इस अवसर पर विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनसेवा, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के विचार ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्ल की भावना को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। विधायक ने उपस्थित सभी कार्यकताओं एवं नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने तथा विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह मुखिया रूपेश शर्मा,सदर मंडल अध्यक्ष रिंकू सिंह कमल सिंह राज किशोर सिंह, सोनू शैनी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा: 6 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू), छपरा ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक स्तर के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इससे सारण, सिवान और गोपालगंज के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं कौशल आधारित शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थी 24 जून से 6 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रथम मेरिट सूची 9 जुलाई को प्रकाशित होगी, जबकि चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन एवं नामांकन 10 से 14 जुलाई 2026 तक संबंधित महाविद्यालयों में कराया जाएगा। इस नामांकन प्रक्रिया के तहत बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन), बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन), बीएमसी (बैचलर ऑफ मास कम्युनिकेशन), बीटी (बायोटेक्नोलॉजी) तथा आईएफएफ (इंडस्ट्रियल फिश एंड फिशरीज) जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। इन पाठ्यक्रमों का संचालन राजेंद्र कॉलेज, गंगा सिंह कॉलेज, डी.आर.बी. कॉलेज, जयप्रकाश कॉलेज, राजा सिंह कॉलेज (सिवान), एम. आर. कॉलेज (महाराजगंज) तथा महेंद्र महिला कॉलेज, गोपालगंज सहित विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में किया जाएगा।

सीवान स्टेशन पर बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर भीड़ का सफल प्रबंधन

सीवान /बिहार पुलिस विशेष शाखा भर्ती परीक्षा के मद्देनजर रविवार को सीवान रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क रहीं और सुरक्षा व यात्री सुविधा के व्यापक इंतजाम किए गए। स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन अधीक्षक एवं डीसीआई ने संयुक्त रूप से भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। अधिकारियों की निगरानी में अभ्यर्थियों को व्यवस्थित ढंग से प्लेटफॉर्म तक पहुंचाया गया तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। इस दौरान गाड़ी संख्या 05106 सीवानझ्रहाजीपुर परीक्षा स्पेशल ट्रेन से अपराह्न 3:10 बजे परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य के लिए सुरक्षित एवं सुचारु रूप से रवाना किया गया। रेलवे प्रशासन की तत्परता और सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से स्टेशन परिसर में व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही। प्रभारी निरीक्षक, आरपीएफ सिवान ने बताया कि परीक्षा के दौरान यात्रियों एवं अभ्यर्थियों की सुविधा तथा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई और पूरे अभियान के दौरान स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी रही।

पंचायत विकास दिवस पर विकास योजनाओं की समीक्षा तथा जनभागीदारी पर दिया गया जोर

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में पंचायत के समग्र विकास, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, आवास तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी इंजीनियर सत्यम सिंह ने कहा कि पंचायतों के सर्वांगीण विकास में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने तथा विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही पंचायतों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ एवं समृद्ध बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पंचायत के सतत विकास और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए सामूहिक रूप से सहयोग करने का संकल्प दोहराया। रामपुर अटौली पंचायत में मुखिया धनंजय पांडेय, सरपंच संजय ओझा, पंचायत सचिव समरजीत कुमार ठाकुर,लौवां सरकार भवन में मुखिया संगीता देवी, लेखपाल शैलेश कुमार, इसुआपुर पंचायत भवन में मुखिया शहवार खातून, पंचायत सचिव रविकांत कुमार,डटरा पुरसौली पंचायत भवन में मुखिया अजय राय, डाटा एंट्री ऑपरेटर धीरेंद्र कुमार मिश्रा, आतानगर पंचायत में मुखिया पूनम देवी, तकनीकी सहायक विकास कुमार, कुणाल कुमार सिंह के साथ रामचौरा, सहवां, जयथर, छपियां, केरवां, चकहन, अगौथर सुंदर तथा निपनिया पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

पंचायतों का सर्वांगीण विकास करना ही सरकार का है लक्ष्य: उपमुख्यमंत्री

दरियापुर।सरकार के द्वारा पंचायत स्तर पर भी सभी वर्गों के हितों को देखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है,ताकि सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिकों के घर-घर तक पहुंचाई जा सके।उक्त बातें पंचायत विकास दिवस के अवसर पर प्रतापपुर पंचायत सरकार भवन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूबे के उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कही।उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा अब सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों के समस्या का त्वरित समाधान भी किया जा रहा है।जिसका सभी को लाभ मिलने के साथ ही अपराधिक मामलों में भी बहुत कमी आई है।सभी जनप्रतिनिधियों से भी सभी योजना को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने का आग्रह किया गया।इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री को पुलिस बल के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।जिसके उपरांत उपमुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी सारण के द्वारा भी सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।अधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए।इसके साथ ही एक बच्चा को पोलियो की दवा पिला कर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत भी की गई।विदित हो कि रविवार को प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय पुलिस अधीक्षक सारण विनीत कुमार,उप विकास आयुक्त सारण,सिविल सर्जन सारण,अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर,डीएसपी सोनपुर, बीडीओ दरियापुर दीनबंधु दिवाकर,अंचलाधिकारी जयंत गौतम,स्थानीय मुखिया किशोर सिंह,भाजपा नेता राकेश सिंह,कुमार शैलेश, हरिहरपुर से आशुतोष कुमार समेत दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

भीषण गर्मी के चलते भोजपुर में स्कूलों के समय पर रोक

आरा। जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए भोजपुर जिला प्रशासन ने विद्यालयों के संचालन को लेकर नया आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी तनय सुल्तानिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल सहित) के लिए यह निर्देश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां 30 जून 2026 तक पूर्णतः स्थगित रहेंगी। वहीं कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाओं का संचालन पूर्वाह्न 11 बजे तक ही किया जाएगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित नहीं होगी। डीएम ने कहा है कि बढ़ते तापमान और विशेष रूप से दोपहर में पड़ रही भीषण गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया गया है कि वे जारी आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण करें तथा आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। यह आदेश 29 जून 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।

2027 से पीजी पाठ्यक्रम में बड़े बदलाव, चार वर्षीय स्नातकों के लिए होगा एक वर्षीय मास्टर कोर्स

आरा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर (पीजी) शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की तैयारी तेज हो गई है। प्रस्तावित नई व्यवस्था के अनुसार वर्ष 2027 से चार वर्षीय स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक वर्षीय मास्टर डिग्री कार्यक्रम लागू किया जाएगा। वहीं, पारंपरिक तीन वर्षीय स्नातक करने वाले छात्रों के लिए दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम पहले की तरह जारी रहेगा। इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रम, क्रेडिट फ्रेमवर्क और अन्य आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। नई शिक्षा नीति के अनुरूप पीजी पाठ्यक्रम को अधिक लचीला और रोजगारोन्मुख बनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा तैयार किए गए नए करिकुलम एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर छात्रों को विषय परिवर्तन की भी सुविधा मिलेगी। चार वर्षीय स्नातक में निर्धारित शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले छात्र प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किसी अन्य विषय में भी पीजी में नामांकन ले सकेंगे। इससे विद्यार्थियों को अपनी रुचि और करियर के अनुसार विषय चुनने का बेहतर अवसर मिलेगा। नई व्यवस्था में छात्रों को पहले वर्ष के बाद पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा का विकल्प भी मिलेगा। यदि किसी कारणवश वे पढ़ाई बीच में छोड़ते हैं तो उन्हें अब तक की पढ़ाई का प्रमाणपत्र मिलेगा। साथ ही, राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत कार्यानुभव और अर्जित क्रेडिट का लाभ भी विद्यार्थियों को दिया जाएगा। इसके अलावा छात्र एक साथ दो पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रम भी कर सकेंगे। इनमें दोनों को नियमित मोड में या एक नियमित और दूसरा ऑनलाइन मोड में करने की सुविधा रहेगी।

सिन्हा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः दो मालवाहक टेम्पू से 167.1 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

बड़हरा (भोजपुर): भोजपुर जिले के सिन्हा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मालवाहक टेम्पू से कुल 167.1 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह कार्रवाई सिन्हा थाना प्रभारी राजू कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी राजू कुमार को सूचना मिली थी कि मालवाहक टेम्पू के जरिए अवैध अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप क्षेत्र से होकर गुजरने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान दो संदिग्ध मालवाहक टेम्पू को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से कुल 167.1 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपू कुमार, पिता हरिशरण पासवान, निवासी रामपुर, थाना सहतवार, जिला बलिया (उत्तर प्रदेश) तथा सौरभ कुमार, पिता तारकेश्वर कुअर, निवासी उड़ान टोला, थाना बिहटा, जिला पटना (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों मालवाहक टेम्पू को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

एसपी ने नवादा थाना का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर के पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने रविवार को आरा नवादा थाना का निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवनिर्मित महिला सिपाही बैरक का अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टेशन डायरी, अभिलेखों के संधारण एवं डिजिटल सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता, अनुशासन और बेहतर कार्य संस्कृति बनाए रखने के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाने पर पहुंचे आम फरियादियों एवं नागरिकों की समस्याओं को भी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान और थानों में बेहतर पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को जनसुनवाई के दौरान संवेदनशील एवं जवाबदेह व्यवहार अपनाने का भी

बिहार सरकार की नई पहल के तहत भोजपुर में पंचायत विकास दिवस का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार सरकार की नई पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले “पंचायत विकास दिवस” के अवसर पर रविवार को उदवंतनगर प्रखंड की नवादाबेन पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री-सह-भोजपुर प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने की। इस अवसर पर संदेश विधायक राधाचरण साह, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव-सह-भोजपुर प्रभारी सचिव संतोष कुमार मल्ल, जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक राज सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत पुष्पगुच्छ एवं पुष्पगमला भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस वर्ष पंचायत विकास दिवस का आयोजन “महिला हितैषी ग्राम पंचायत” थीम पर किया गया। आयोजित ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा पंचायत के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण, स्थानीय विकास योजनाओं एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम “मन की बात” का सामूहिक प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना।

चलती बाइक से गिरकर महिला जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के धनगाई थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव के समीप चलती बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला पीरो थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव निवासी रविंद्र प्रसाद सिंह की 45 वषीर्या पत्नी बेबी देवी है। इधर, जख्मी महिला के परिजन ने बताया कि वह शनिवार को बक्सर जिला के गिरधारी बरांव गांव अपने मायके गई थी। रविवार की दोपहर जब वह अपने भाई मुकेश के साथ बाइक द्वारा वापस गांव लौट रही थी। उसी दौरान सोनवर्षा गांव के समीप अचानक ब्रेकर आ जाने के कारण असंतुलित होकर चलती बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

पंचायत विकास दिवस पर प्रखंड की सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित

- महिला हितैषी ग्राम पंचायत पर हुई चर्चा
- मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक प्रसारण

प्रातः किरण संवाददाता

सहार (भोजपुर)। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निदेर्शानुसार प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को पंचायत विकाश दिवस आयोजित करना है जिसके तहत सहार प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों जैसे सहार, बरूही, गुलजारपुर, पेरहाप,कोरनडीहरी सहित अन्य सभी पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। इस माह का मुख्य विषय महिला हितैषी ग्राम पंचायत रहा।बैठक में ग्राम पंचायतों की विभिन्न विकास योजनाओं, आगामी विकास कार्यों, प्राप्त एवं व्यय राशि तथा अवशेष राशि की जानकारी साझा की गई। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, उनकी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने पर विशेष चर्चा हुई।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम “मन की बात” का सामूहिक प्रसारण भी सुना गया। उपस्थित लोगों से पंचायत के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा ग्राम सभा को सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।प्रखंड की सभी पंचायतों में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से पंचायतों को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सशक्त बनाना है।

मारपीट, धमकी व महिला उत्पीड़न मामले में अभियुक्ता गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा थाना पुलिस ने महिला उत्पीड़न एवं मारपीट से जुड़े एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि बड़हरा थाना कांड संख्या 146/26, दिनांक 28 जून 2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) (हत्या के प्रयास से संबंधित प्रावधान), 126(2) (गलत तरीके से रोकने या बंधक बनाने से संबंधित अपराध), 115(2) (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 352 (जानबूझकर अपमान कर शांति भंग करने के उद्देश्य से हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 351(2) (आपराधिक धमकी), 74 (महिला की लज्जा भंग करने या उसकी गरिमा के विरुद्ध कृत्य) तथा 3(5) (साझा आपराधिक मंशा के तहत किया गया अपराध) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में नामजद अभियुक्ता पुतुल देवी, पति कृष्णा ततवा, निवासी कुइयां, थाना बड़हरा, जिला भोजपुर को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है।

मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से टीनएजर्स बच्चों में हो रहा नेकपेन

- नि:शुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन
- 40 मरीजो का किया गया नि:शुल्क जांच और दिया गया परामर्श

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप “फिजियोहील” एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में रविवार को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान 40 मरीजों का आधुनिक तकनीक से निःशुल्क जांच कर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। वही 15 रेगुलर मरीजों का भी प्राइमरी फिजियोथेरेपी दिया गया। वहीं निःशुल्क ब्लड प्रेशर, वजन, ब्लड टेस्ट इंदिरा पैथो लैब के सौजन्य से किया गया। कैंप में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को ईलाज में विशेष लाभ दिया गया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि फिजियोहिल-एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर शहर का एकमात्र स्पेशलाइज्ड इन आथोर्पेडिक एंड न्यूरोलॉजिकल रिहैबिलिटेशन सेंटर है। उन्होंने बताया कि आज मरीज पोस्ट स्पाइन सर्जरी, घूटना सर्जरी, एंकल सर्जरी के बाद फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन और स्ट्रोक पेशेंट्स, बैक पेन में डिस्क प्रोलैप्स, साइटिका, एसआई ज्वाइंटस, थिस्फंक्शन के केस देखे। उन्होंने बताया गया कि अब यहां एडवांस इक्विपमेंट से आर्थो केस जैसे एसीएल/पीसीएल, लिगामेंट की सर्जरी के बाद के रिहैबिलिटेशन, साइंटिफिक एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट और सीपीएम जैसे इक्विपमेंट और स्पोर्ट्स तक ट्रेनिंग के लिए रिहैब किया जाता है। स्ट्रोक यानी लकवा के मरीज की रिहैबिलिटेशन के लिए स्पेशलाइज्ड सेटअप जैसे स्टैंडिंग फ्रेम, हैंड रिहैब और एडवांस्ड एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट किया जाता है, जिससे मरीजों की रिकवरी फास्ट हो जाती है। लकवा पीड़ित मरीजों को अब पटना या बाहर नहीं जाने कि जरुरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि आज होमगार्ड, बिहार पुलिस और आर्मी की ट्रेनिंग करने वाले लड़के-लड़कियों ने भी परामर्श लिया। गतिहीन लाइफस्टाइल एवं डेस्क जॉब की वजह से नेक और बैक पेन मरीज ज्यादा आ रहे हैं। मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से भी टीनएजर्स में भी नेक पेन हो रहा है। जिसे नेक पेन सिंड्रोम नाम की बीमारी कहते हैं। वह हो रहा है। इससे बचाव और इलाज के लिए फिजियोथेरेपी जरूरी है। डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया अब अगामी 26 जुलाई को निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप को सफल बनाने में आभा, रेशमा एवं संगीता का सक्रीय योगदान रहा है।

गीधा थाना पुलिस ने दो शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

कोईलवर। गीधा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए नशे की हालत में हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गीधा थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव निवासी रहमत अली के पुत्र सोहबज हुसैन तथा डुमरिया गांव निवासी श्री भगवान राय के पुत्र दिनेश कुमार उर्फ बरमेश्वर राम के रूप में हुई है। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि मोखलिसा गांव के समीप दो लोगों द्वारा नशे की हालत में हंगामा किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया। इसके बाद ब्रेथ एनलाइजर से जांच कराने पर शराब सेवन की पुष्टि हुई।उन्होंने बताया कि दोनों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में शराब के कारोबारियों और शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीएड काउंसिलिंग पंजीकरण समाप्त, 60 हजार अभ्यर्थियों ने कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

आरा। दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी-बीएड 2026) में सफल अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग पंजीकरण की समय सीमा समाप्त हो गई है। अंतिम तिथि तक करीब 60 हजार अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर काउंसिलिंग प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित की। अब कॉलेज आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी और पहली आवंटन सूची तीन जुलाई को जारी की जाएगी। राज्य नोडल पदाधिकारी ने पहले ही सफल अभ्यर्थियों से निर्धारित समय के भीतर पंजीकरण और महाविद्यालय विकल्प भरने की अपील की थी। अभ्यर्थियों को आधिकारिक पोर्टल पर अपने लॉग-इन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से प्रवेश कर काउंसिलिंग शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना था। इसके बाद उन्हें अपनी प्राथमिकता के अनुसार कॉलेज और विषय का चयन करने का अवसर दिया गया। काउंसिलिंग प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों को न्यूनतम तीन तथा अधिकतम दस महाविद्यालयों या विभागों का विकल्प भरने की सुविधा दी गई। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को सलाह दी थी कि वे अपनी पसंद और उपलब्ध विकल्पों को ध्यान में रखते हुए सोच-समझकर कॉलेजों का चयन करें, ताकि सीट आवंटन के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो।शुल्क के संबंध में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 1000 रुपये, पिछड़ा वर्ग (बीसी/ईबीसी) के लिए 750 रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये काउंसिलिंग शुल्क निर्धारित किया गया था। शुल्क जमा करने के बाद ही अभ्यर्थियों का पंजीकरण पूर्ण माना गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार का नया पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए जिन अभ्यर्थियों ने समय रहते प्रक्रिया पूरी कर ली है, केवल वही कॉलेज आवंटन की प्रक्रिया में शामिल होंगे। विभाग का कहना है कि प्रवेश प्रक्रिया को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरा करने के लिए सभी चरणों का पालन किया जा रहा है। काउंसिलिंग के आधार पर पहली कॉलेज आवंटन सूची तीन जुलाई को जारी होगी। जिन अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित होगा, उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित संस्थान में आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के साथ नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। समय पर नामांकन नहीं कराने की स्थिति में उनकी सीट अगले चरण की काउंसिलिंग में अन्य अभ्यर्थियों को आवंटित की जा सकती है।शिक्षा विभाग का उद्देश्य बीएड सत्र 2026 की प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा कर सभी चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुनिश्चित करना है।

महिला हितैषी ग्राम पंचायत की अवधारणा पर हुई चर्चा

- दौलतपुर में शराबबंदी के समर्थन में निकली जागरूकता रैली

प्रातः किरण संवाददाता

कोईलवर। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के निदेर्शानुसार कोईलवर प्रखंड की सभी 17 ग्राम पंचायतों में रविवार को पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। विभाग के निर्देश के अनुसार अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस आयोजित किया जाएगा। इस माह का विषय “महिला हितैषी ग्राम पंचायत” रखा गया था। प्रखंड की धनडीहा, मथुरापुर, राजापुर, भदवर, कायमनगर, नरबीरपुर, बीरमपुर, जलपुरा (तापा), गीधा, सकड्डी, दौलतपुर, खनगांव, चंदा, जोगता, गोपालपुर, खेसरहियां एवं कुल्हड़िया पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकताओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रत्येक पंचायत में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। बैठकों में ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं, प्राप्त एवं व्यय राशि तथा शेष राशि की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम “मन की बात” का सामूहिक प्रसारण भी सुना गया। इसके अलावा वीडियो फिल्म के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने और ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कुणाल राज ने बताया कि इस बार की थीम “महिला हितैषी ग्राम पंचायत” है। इसका उद्देश्य ऐसी ग्राम पंचायतों का निर्माण करना है, जहां महिलाओं और बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं समान अवसरों के साथ उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, समानता एवं सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा असमान वेतन जैसी सामाजिक चुनौतियों के समाधान की दिशा में पंचायतों की भूमिका को और मजबूत किया जाएगा।इस अवसर पर दौलतपुर पंचायत में महिलाओं ने जन-जागरूकता रैली निकालकर शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंचायत सचिव चंदन कुमार, गौतम कुमार पाल, मिथिलेश कुमार, अनिता कुमारी एवं सुमन कुमार, तकनीकी सहायक प्रकाश कुमार, मोहम्मद नौशाद आलम, लेखपाल शाह तथा आईटी सहायक अर्चना कुमारी, ममता कुमारी, कंचन कुमारी, पुनीता कुमारी, कार्यपालक सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक कुमार, साकेत कुमार, दिव्या कुमारी, निशांत कुमार और ऋषभ कुमार सहित अन्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

पिता और बेटी ने एक साथ जीता मेडल, बेटी ने जीता तीन तो पिता ने जीता एक मैडल

आरा। जगदीशपुर 1857 के महान योद्धा जगदीशपुर नगर के वार्ड नंबर 18 गढ़ निवासी वीर कुंवर सिंह के वंशज कुंवर अभिजीत सिंह उर्फ अंशी सिंह और उनकी पुत्री पलक सिंह ने एक साथ पदक जीत कर जगदीशपुर का नाम रोशन किया। पलक सिंह 25 मीटर स्टैंडर पिस्टल में गोल्ड मेडल, 25 मीटर स्पोर्ट पिस्टल में सिल्वर मेडल, 10 मीटर पिस्टल वूमेन में सिल्वर मेडल जीता, वही उनके पिता कुंवर अभिजीत ने 10 मीटर पिस्टल मेन में सिल्वर मेडल जीतकर जगदीशपुर का नाम रोशन किया। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पलक सिंह का नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में चयन भी हो चुका है। पलक सिंह के पिता कुंवर अभिजीत सिंह 2003 में भी दिल्ली स्टेट राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। कुंवर अभिजीत सिंह ने बताया कि निशानेबाजी एक ऐसा खेल है। जिसमें शारीरिक शक्ति से अधिक मानसिक एकाग्रता और धैर्य की आवश्यकता होती है। वह अपनी बेटी को अपने घर पर ही ट्रेनिंग दे रहे हैं। और पिछले साल मार्च से ही अपनी बेटी को ट्रेनिंग देने की शुरूआत किया था। उन्होंने बताया कि कभी सोचा भी नहीं था। कि इतनी कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि मेरी बेटी हासिल कर लेगी। केवल 15 महीने की कड़ी मेहनत से नेशनल क्वालीफाई के साथ अब तक पांच मेडल जीत चुकी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अपनी बेटी को मेहनत कर कर इंडिया टीम में क्वालीफाई के साथ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर आए यही मेरी ख्वाहिश है। वही पलक सिंह ने बताया कि मेरी ट्रेनिंग मेरे पिताजी घर पर ही दिलाते हैं। अपने पिता के सपनों को साकार करना और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना मेरा मुख्य टारगेट है। पढ़ाई के साथ सुबह और शाम पिताजी के द्वारा ट्रेनिंग हासिल करती हूं। बीते दिन पहले बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा पलक के घर पहुंच उन्हें अंग वस्त्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने का साथ 25 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की बात कही थी। पलक सिंह और कुंवर अभिजीत सिंह मेडल जीतकर आने के बाद कई लोग उनके घर पहुंच उनकी जीत की बधाई के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ में सम्मानित भी कर रहे हैं।

जिले की 226 ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्वक मनाया गया पंचायत विकास दिवस

आरा। बिहार सरकार की नई पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किए जाने वाले पंचायत विकास दिवस के अवसर पर जिले की सभी 226 ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष पंचायत विकास दिवस का आयोजन महिला हितैषी ग्राम पंचायत” थीम पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रमों के दौरान ग्राम सभाओं का आयोजन कर पंचायतों के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, जनभागीदारी, स्थानीय विकास योजनाओं तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम “मन की बात” का भी सामूहिक प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सुना।

पल्स पोलियो अभियान शुरू, घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

प्रातः किरण संवाददाता

सहार (भोजपुर)। सहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से रविवार को प्रखंड क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई है।यह अभियान 28 जून से 2 जुलाई तक चलाई जाएगी।जिस के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।इस अभियान के सफल संचालन के लिए कुल 55 टीमें गठित की गई हैं। इनमें 49 डोर-टू-डोर टीमें, 6 ट्रांजिट टीमें तथा 6 डिपो टीमों को लगाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं आशा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का कार्य कर रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मी पूरे प्रखंड में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

वीकेएसयू में शोधार्थियों की बैठक,असिस्टेंट प्रोफेसर बहाली में पुरानी API E केडमिक स्कोर प्रणाली बहाल करने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में विभिन्न विभागों के पीएचडी शोधार्थियों, रिसर्च स्कॉलर्स, नेट एवं पीएचडी अभ्यर्थियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए प्रस्तावित परीक्षा आधारित नई चयन प्रणाली का विरोध करते हुए यूजीसी की पूर्व प्रचलित अढक (अूंप्रि ढीशङ्क१ंल्लीू क्ल्ल्र्ू३ङ्क१) एवं अूंप्रि रूङ्क१ आधारित बहाली व्यवस्था को पुनः लागू करने की मांग उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से शोध कर रहे पीएचडी धारकों एवं नेट अभ्यर्थियों ने अपनी तैयारी पुरानी चयन प्रक्रिया को ध्यान में रखकर की है। उन्होंने शोध-पत्र प्रकाशन, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में भागीदारी, पुस्तक अध्याय लेखन, अध्यापन अनुभव तथा अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर अपना अकादमिक प्रोफाइल तैयार किया है। ऐसे में वर्तमान भर्ती प्रक्रिया के बीच परीक्षा आधारित नई व्यवस्था लागू करना उनके साथ अन्याय होगा। शोधार्थियों ने कहा कि पीएचडी केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि वर्षों की शोध-साधना, मौलिक अनुसंधान, थीसिस लेखन, बाह्य मूल्यांकन और वाइवा-वोसे जैसी कठिन शैक्षणिक प्रक्रिया का परिणाम है। इसलिए असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में शोध एवं अकादमिक उपलब्धियों को पर्याप्त महत्व मिलना चाहिए। उनका कहना था कि अढक एवं एकेडमिक स्कोर प्रणाली अभ्यर्थियों के समग्र शैक्षणिक योगदान का बेहतर मूल्यांकन करती है। बैठक में बिहार में लंबे समय से नियमित शिक्षक बहाली नहीं होने पर भी चिंता व्यक्त की गई। शोधार्थियों ने अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 55 वर्ष करने, बिहार के अभ्यर्थियों के हित में डोमिसाइल नीति लागू करने तथा शोधार्थियों के लिए फेलोशिप, रिसर्च ग्रांट और शोध-पत्र प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही सरकार, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, विश्वविद्यालयों, विषय एवं विधि विशेषज्ञों तथा शोधार्थी प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति गठित कर पूरी भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, राज्यपाल-सह-कुलाधिपति एवं बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग को 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। शोधार्थियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता, तब तक नई परीक्षा आधारित बहाली प्रक्रिया को स्थगित रखा जाए। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें किसी विशेष सुविधा के लिए नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा में पारदर्शी, न्यायसंगत एवं गुणवत्तापूर्ण नियुक्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाई गई हैं।बैठक में प्रमुख रूप से डॉ संदीप ठाकुर, डॉ चंदन तिवारी, छोटू सिंह, अनीश कुमार,के डी यादव, आलोक रंजन, डॉ अमिताभ कुमार, रंजन ओझा, ज्योति कुमार ,पंकज सिंह, भीम यादव, कृष्णा तिवारी, सदानंद राय सहित विभिन्न विभागों के शोधार्थी अभ्यर्थी उपस्थित थे।

समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाना प्राथमिकता : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने मदनपुर के बनिया पंचायत में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। रानी कुआं परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री रमा निषाद के साथ जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, डीआरडीए निदेशक डॉ. अनूपम कुमार, वरीय उपसमाहर्ता श्वेता कुमारी, बीडीओ डॉ. अतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान और राज्य गीत के गायन से हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्मन की बातह्न कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण भी सुना गया कार्यक्रम के दौरान

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने प्रभारी मंत्री रमा निषाद को पौधा और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वरीय उपसमाहर्ता श्वेता कुमारी ने डीएम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बनिया पंचायत की मुखिया सीता देवी को भी जिला पदाधिकारी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डीआरडीए निदेशक डॉ. अनूप कुमार ने किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव अक्षरा कुमारी ने पंचायत की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाना है। पंचायत विकास दिवस का आयोजन इसी उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में पात्र लोग योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इस साल पंचायत विकास दिवस की थीम ह्ममहिला हितैषी पंचायतह्न रखी गई है, जिससे महिलाओं को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और मानसिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। साथ ही उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं और विकास की नई इबारत लिख रही हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीओ, पीओ योगेंद्र प्रसाद सिंह, बीपीआरओ विनोद कुमार वर्मा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य उमेश कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, कांग्रेस नेता संजीव कुमार सिंह, जीविका बीपीएम ममता कुमारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

भारत की शक्ति उसकी एकता, विविधता और सामूहिक प्रयासों में निहित: पीएम मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार के नेतृत्व में रामराज नगर अवस्थित भाजपा नेता अरविंद सिंह के आवास पर पीएम मोदी के मन की बात की 135 वी कड़ी को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के नागरिकों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं, किसानों और समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत की प्रगति में हर नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनभागीदारी, सकारात्मक सोच और समाजहित में किए जा रहे प्रयासों को देश की ताकत बताया। उन्होंने देशवासियों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और प्रेरणादायक प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के कोने-कोने में ऐसे अनेक लोग हैं, जो बिना किसी अपेक्षा के समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से नए

अवसरों का लाभ उठाने, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी एकता, विविधता और सामूहिक प्रयासों में निहित है। इस कार्यक्रम में सुनील सिंह, रामरूप सिंह, शत्रुध्न सिंह मुन्ना, दुन्ना गुप्ता, हरिओम जी, संजय राय, अविनाश कुमार, रामजन्म सिंह, कंमल कुमार, उपेंद्र सिंह, कमलेश शर्मा, अनिल कुमार सिंह, दीपक सिंह, ई वीरेंद्र पाठक, धीरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, डॉ मधेश्वर चंद्रवंशी, सत्यम कुमार, मनीष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

खुखड़ी गांव में नाला निर्माण की मांग, जिला पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

नीमचक बथानी प्रखंड अंतर्गत खुखरी पंचायत के ग्राम खुखड़ी में राजीव चौधरी के घर से संजय दास के घर होते हुए अनमोल लाल के घर तक नाला निर्माण कराने की मांग को लेकर गुलिस्ता खातून ने जिला पदाधिकारी, गया को आवेदन सौंपा। उन्होंने कहा कि नाला नहीं होने से बरसात के दिनों में जलजमाव और गंदगी की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र नाला निर्माण कराने की मांग की है।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

मुजफ्फरपुर ।दिघरा रामपुर साह के नन्द भवन में माँ कृष्णा देवी नंदकिशोर मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के तत्त्वाधान में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वरीय चिकत्सक डॉ आयुष कुमार ने सौ से अधिक रोगियों का इलाज एवं जाँच निःशुल्क किया. संस्था के द्वारा रोगियों को दवाइयां मुफ्त दी गई. संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर के इस आयोजन से रोगियों एवं ग्रामीणों में काफी उत्साह है ऐसे आयोजन से ही समाज को स्वस्थ्य एवं सशक्त बनाया जा सकता है.इस मौके पर संस्था के संरक्षक नवीन कुमार मिश्र, भाग्यनारायण मिश्र, संजय पाण्डेय, लालित कुमार सिंह, सुधाकर कुमार, पियूष मिश्रा एवं अन्य मौजूद थे।

तीन ट्रैक्टरों की बैटरी चोरी

मुजफ्फरपुर। जिले के मुसहरी थाना क्षेत्र के रोहुआ चौक स्थित विश्वकर्मा ट्रेडर्स में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर परिसर में खड़े तीन ट्रैक्टरों की बैटरियां खोलकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह जब प्रतिष्ठान के संचालक और कर्मचारी पहुंचे तो ट्रैक्टरों से बैटरियां गायब मिलीं। इसके बाद चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। मुसहरी थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

एक जुलाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ देव में होगा प्रदर्शन

औरंगाबाद।जिला कमेटी के सदस्य कामरेड गुड्डू सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाकपा-माले देव प्रखंड का बैठक प्रखंड सचिव कामरेड सुनील यादव ने किया। महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचारी के खिलाफ 1 जुलाई 2026 को देव सूर्यकुंड तालाब से पैदल मार्च करते हुए अंचल कार्यालय का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें बसगीत परचा से संबंधित और देश में नीट पेपर लीक मामला में धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा का सवाल होगा।

आज से 10:30 बजे से न्यायालय

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रभारी प्रधान जिला जज के आदेशानुसार 29 जून 2026 से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद 10:30 बजे से कोर्ट कार्य शुरू होकर दोपहर 4:30 बजे तक चलेगा। दोपहर 1:30 से 2 बजे तक लंच समय होगा। न्यायालय सुबह 10 बजे से 5:30 बजे तक खुला रहेगा। अब कोर्ट मोर्निंग समाप्त हो गया है।

कुष्ठ आश्रम में विधुत शक्ति उपकेंद्र बनने की योजना तीन साल से चल रही इसे बनाने की मांग,कब तक बनेगी?

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया जी विश्व प्रसिद्ध तिर्थ स्थल एवं ज्ञान स्थली बौध गया एवं मां मंगला गौरी जैसे शहर मे एक ग्रीड से पुरे आधे आबादी का भार से लोगों को हर दिन दिक्कत होती है।इसपर शनिवार को महिला विकास मंच और गया कि महिलाओं ने बिहार सरकार के बिजली विभाग मंत्री एवं प्रमुख सचिव,सभी वरिष्ठ अधिकारी को मेल पर पंचैतिआ अखाड़ा ग्रिड के बारे में जानकारी दी कि कोई भी बढा कार्यक्रम मोहर्रम , छठ पर्व,रामनवमी,तीज, या और कोई पर्व त्यौहार होता है इस ग्रिड को बंद कर दिया जाता है। पंचैतिआ अखाड़ा के लोगों ने बताया कि इस ग्रिड को कुष्ठ आश्रम में विधुत शक्ति उपकेंद्र बनने की योजना तीन साल से चल रही है।इस ग्रिड के निर्माण से पंचायती अखाड़ा का लोड कम किया जा सके। ब्लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सह शहर विधायक ध्यान नही दिये,न देने के कारण आगे समय मे पी एस एस नही बना तो इस शहर के क्षेत्र की समस्या आने वाले समय में इसे भी भव्या हो सकता है।। इसके पहले बिथो शरिफ या कुष्ठ आश्रम में नये ग्रीड का निर्माण अति आवश्यक है गया शहर के महिलाओं एवं आम जनता ने मांग की है हमलोग पुरा भुगतान के बाद भी रात भर दो दो दिन बिना बिजली के कैसे रहे,दो दिन कटने का एक दिन कटनी चाहिए जिस तरह रामनवमी पर्व मनाया जाता है। पंचैतिआ अखाड़ा ग्रिड से ज्यादा लोड नहीं लेने के कारण छः छः घंटे लाइन बाधित होती है।चंदोती ग्रिड में कुछ दिक्कत आती है तो पुरा शहर को आपूर्ति बाधित करने पड़ती है। पूरे शहर की निर्भरता मात्र चांदौती ग्रिड पर होने के कारण किसी भी परिस्थित में यदि चंदौती ग्रिड में कोई भी दिक्कत आती है तो पावर अपने आप बंद हो जाता है। *लोगों की मांग अति आवश्यक है कि बिथो ,कंडी साइड में एक नए ग्रिड का बनाना अति आवश्यक है नहीं तो आने वाले भविष्य में शहर में बिजली को घोर समस्या उत्पन्न होगी,इसके लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने पटना और गया प्रशासन को अवगत कराया गया था। लेकिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह राज्यपाल नंद किशोर यादव के क्षेत्र की तरह गया शहर में बिहार विधानसभा अध्यक्ष लोगों के मत से जितते आ रहे हैं। लेकिन उनकी सहुलियत का कोई ध्यान नहीं,दो दिन बारह से अठारह घंटे लाईट बंद होना पुरे शहर का यह पचीस साल के विधायक के श्रेत्र के लिए बहुत ही निंदनीय बात है।

'आजादी के दशकों बाद भी प्यासा गोविंदपुर टोला: नल-जल योजना फेल, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

वजीरगंज। प्रखंड अंतर्गत घुरियांवा ग्राम पंचायत के गोविंदपुर टोला में इन दिनों भीषण पेयजल संकट ने ग्रामीणों का जीवन कठिन बना दिया है। गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना यहां पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि टोला में रहने वाले अधिकांश लोग गरीब और असहाय परिवारों से हैं। पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता है। भीषण गर्मी के बीच यह समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों का कहना है कि कई बार पानी की तलाश में घंटों भटकना पड़ता है, जिससे दैनिक जीवन और रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस समस्या की शिकायत

कई बार ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य तथा प्रखंड स्तर के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने आरोप लगाया कि पीएचईडी विभाग की लापरवाही के कारण नल-जल योजना बंद पड़ी है और इसकी मरम्मत या नियमित संचालन की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गोविंदपुर टोला में पेयजल संकट का शीघ्र स्थायी समाधान किया जाए, नल-जल योजना को अविलंब चालू कराया जाए तथा दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

70वीं बीपीएससी में डीएसपी बनकर कुर्था के बेटा ने किया नाम रोशन

प्रात : किरण संवाददाता

कुर्था। बिहार लोक सेवा आयोग ने 70 वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया जिसमे कुर्था बाजार निबासी नरेश पासवान के पुत्र नलिन सुभम ने बेहतर रैंक 989 लाकर डीएसपी बना हालाकि साधारण परिवार में जन्मे नलिन शुभम ने अथक मेहनत कर पहले ही प्रयास में बेहतर सफलता पाया है हालांकि बेटे की सफलता पर उनके माता-पिता ब उनके चाचा चाची का खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा हालांकि जैसे ही बेटे की सफलता का सूचना मिली कि घर में खुशी का माहौल छा गया एक दूसरे को मिठाई खिलाना और बच्चे खुशी के मारे जमकर आतिशबाजी भी किया इस संबंध में नलिन शुभम के चाचा उमेश पासवान ने बताया कि नलिन बचपन से ही प्रतिभावान था और लगातार मेहनत कर रहा था जिसका प्रतिफल है कि उसके अथक प्रयास के बाद आज डीएसपी के पद पर उन्होंने अपना बेहतर रिजल्ट

लाकर यह साबित कर दिया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है हालांकि साधारण परिवार में जन्मे नालिन शुभम जिनके पिता नरेश पासवान झारखंड के गिरिडीह में ग्रामीण कार्य विभाग के प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी के पद पर तैनात हैं उन्होंने अपने बेटे को बेहतर लालन पालन कर एक बेहतर शिक्षा की ओर अग्रसर किया जिसका प्रतिफल है कि आज उन्होंने बेहतर रैंक लाकर आज डीएसपी के परीक्षा पास हालाकि रविवार को जैसे ही नलिन शुभम कुर्था पहुंचा तो उनके स्वागत में कुर्था के लोगों ने पलके बिछा दी जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

ग्रामीण चिकित्सकों की बैठक , स्वास्थ्य मित्र में बहाली की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता

कुर्था। कुर्था डाक बंगला में रविवार को ग्रामीण चिकित्सकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले चिकित्सकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य मित्र के पद पर बहाली की मांग उठाई इस अवसर पर जदयू नेता एवं मगध विश्वविद्यालय छात्र अध्यक्ष यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया बैठक के दौरान ग्रामीण चिकित्सकों ने यश वर्मा को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वर्षों से प्रशिक्षण प्राप्त करने लाइसेंस हासिल करने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद उन्हें सरकारी व्यवस्था में उचित स्थान नहीं मिल सका है उन्होंने सरकार से स्वास्थ्य मित्र के पद पर बहाली कर उन्हें सम्मानजनक अवसर देने की मांग की ज्ञापन प्राप्त करने के बाद जदयू नेता यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने ग्रामीण चिकित्सकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस मांग को गंभीरता से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के समक्ष रखेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी ग्रामीण चिकित्सकों की मुलाकात कराने का प्रयास करेंगे ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान निकल सके उन्होंने कहा कि ग्रामीण चिकित्सक वर्षों से दूर-दराज के गांवों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है ऐसे में सरकार को उनकी सेवाओं का सम्मान करते हुए उन्हें उचित अवसर प्रदान करना चाहिए बैठक में डॉ. युगल किशोर पाठक, डॉ. राजमणि, डॉ. निरंजन प्रसाद, डॉ. अभय तिवारी, डॉ. गिरजेश कुमार, डॉ. रंजू कुमार, डॉ. राम विनय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे।

पंचायत विकास दिवस का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के ओबरा प्रखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएसडीजी थीम-9 ह्ममहिला हितैषी ग्राम पंचायतह्न पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। ओबरा पंचायत में मुखिया सीमा अग्रवाल, रतनपुर पंचायत में मुखिया मंजू देवी और सरसौली पंचायत में मुखिया रेखा देवी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रखंड की अन्य पंचायतों में भी महिला सशक्तिकरण और समावेशी ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इन कार्यक्रमों में ह्ममहिला हितैषी ग्राम पंचायतह्न की अवधारणा को साकार करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, शिक्षा, कौशल विकास को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रभावी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी बल दिया गया। चर्चा के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की उपलब्धता पर भी विचार किया गया। महिला अनुकूल आधारभूत सुविधाओं का विकास, बालिकाओं के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण का निर्माण, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन जैसे विषयों पर भी विस्तार से बात हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पंचायत स्तर पर इन लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार, पंचायत सचिव सुनील पटवारी, तकनीकी सहायक अक्षयलाल सिंह और कार्यपालक सहायक धर्मवीर मौर्या सहित सभी पंचायत कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

जमीन 'मैडम' की और 'भगत जी' के साथ शोले के एक किरदार 'बीरू' के साथ 'ओझा जी' पानी की कर रहे 'ओझाई'

प्रात किरण संवाददाता

गया जंक्शन पर अवैध कारोबार करने वाले लोगों की जड़ें इतनी गहराई तक चली गई है कि अब यहां पानी के धंधे में शोले फिल्म के एक किरदार की भूमिका निभा रहे बीरू पानी की टंकी पर चढ़कर वसंती के लिए नहीं बल्कि यात्रियों के लिए एक ओझा जी के साथ मिलकर ओझाई कर रहे हैं। जी हाँ! यह किसी फिल्म की पटकथा नहीं, बल्कि गया जंक्शन पर चल रहे पानी के बोतल बेचने और बेचवाने के अवैध धंधे से जुड़ी कहानी है। गया जी में गर्मी चरम पर है। लाजिमी है कि प्यास बुझाने के यात्रियों को ठंडे पानी की आवश्यकता होती है। यात्रियों को पानी चाहिए ताकि वे अपनी प्यास बुझा सकें। यात्रियों के लिए जरूरी नहीं कि उनकी प्यास रेल नीर से ही बुझे, उन्हें तो पानी से मतलब। गया जंक्शन पर इन दिनों पानी के बोतल अधिकृत एजेंसी के द्वारा विभिन्न स्टालों पर उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन यह जरूरी नहीं है कि हर एक यात्री स्टॉल तक आकर इसे खरीदे। इसी का लाभ अवैध पानी के बोतल बेचने वाले उठा रहे हैं। हरेक प्लेटफार्म पर अवैध वेंडर द्वारा पानी के बोतल बेचे जा रहे हैं। जिसके पीछे कई लोग लगे हुए हैं। जो इस धंधे में एकसाथ हैं। या कह लें एक संगठित गिरोह इस अवैध कारोबार में संलिप्त हैं। जो जानकारियां हासिल हुई है, उसके अनुसार गया जंक्शन के डिपार्चर बिल्डिंग जिसे डेल्हा साइड भी कहा जाता है। उस हिस्से में रहने वाली एक मैडम की अपनी जमीन है। इस भूखंड को किराए पर ले लिया गया है। जिसमें एक भगत नामक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस भगत नामक व्यक्ति ने कमरे का निर्माण कराकर इसमें कई डीप फ्रीजर रख दिया है। जिसमें पानी के बोतल ठंडा किया जा रहा है। यही से एक ओझा जी के मदद से बीरू आदि कुछ लोग मिलकर ठंडे पानी के बोतलों को अवैध वेंडर प्लेटफॉर्म पर लाते हैं और उन्हीं से यात्रियों के बीच ट्रेन में तथा प्लेटफॉर्म पर बेच रहे हैं। कहें तो पानी के बोतल की भूत की ओझाई की जा रही है।

गया जंक्शन पर कई स्टॉल संचालित हैं। जिन्हें किराया और बिजली का बिल रेल प्रशासन को देना पड़ रहा है लेकिन पानी बहुत कम यहां से बिक्री होते हैं। एक स्टॉल संचालक ने बताया कि उनके पास से रेल नीर उतना नहीं यात्री खरीदा करते हैं जितना कि अवैध वेंडरों द्वारा बेच दिया जा रहा है। कुल मिलाकर कहें तो गया जंक्शन पर पेय पदार्थों की बिक्री के नाम पर एक फलता फूलता अवैध धंधा बेरोकटोक चल रहा है। इसके पीछे एक सिपाही की भूमिका भी सामने आने की बात अधिकृत स्टॉल संचालक बताते हैं। सबसे बड़ी बात है कि इस अवैध धंधे को रोकने वाले वाणिज्य विभाग के एक पर्यवेक्षक स्तर के रेलकर्मी की भूमिका पर शक की सुई घूम रही है।

आईडब्ल्यूसी सनराइज द्वारा डॉक्टर्स डे समारोह का भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। आईडब्ल्यूसी सनराइज द्वारा डॉक्टर्स डे के अवसर पर ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल, गया में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया हू। यह कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष मधु प्रिया एवं सचिव स्नेहा शाही के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ है। दीप प्रज्ज्वलन माननीय त्रिविक्रम नारायण विधायक, औरंगाबाद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष, रोमित कुमार विधायक, अतरी, डॉ.

ए. एन. राय हृदय रोग विशेषज्ञ एवं चेयरपर्सन, एम्स), धरम शाही जी निदेशक, जी.डी. पब्लिक स्कूल, मधु प्रिया एवं स्नेहा शाही द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इस अवसर पर समाज एवं चिकित्सा क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही है। इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लगभग 51 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज के प्रति डॉक्टरों की समर्पित सेवा, मानवीय योगदान एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने में उनकी भूमिका का अभिनंदन करना था। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में चिकित्सकों की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टर समाज के सच्चे संरक्षक हैं और उनका योगदान हर परिस्थिति में अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आईडब्ल्यूसी सनराइज परिवार की ओर से ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या श्रीमती मधु प्रिया एवं उनकी पूरी टीम का विशेष आभार व्यक्त किया गया है। इसके साथ ही जी.डी. पब्लिक स्कूल के निदेशक धरम शाही जी एवं प्राचार्या स्नेहा शाही जी के सहयोग एवं सहभागिता के लिए भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन एक विशेष सम्मान भाव के साथ किया गया, जिसमें जी.डी. पब्लिक स्कुल की ओर से सभी सम्मानित चिकित्सकों को स्मृति-चिह्न,उपहार भेंट कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई है। अंत में सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जिला परिषद अध्यक्ष ने पंचायत की विकास योजनाओं एवं आगामी विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर द्वारा नगर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय, चाकंद में आयोजित ह्लपंचायत विकास दिवसह्व कार्यक्रम में सहभागिता की गई है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी एवं उपाध्यक्ष, प्रखण्ड प्रमुख, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे हैं। पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायत में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा करना है, ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को सुनना तथा जनभागीदारी के माध्यम से पंचायत के सर्वांगीण विकास को गति देना है। इस कार्यक्रम में ग्राम सभा के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही तथा पंचायत की विकास योजनाओं एवं आगामी विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई है। इस कार्यक्रम के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), हर घर नल का जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई है। इसके साथ ही स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों एल सी डी जी एस की चयनित थीमों पर विचार-विमर्श किया गया है।

विशेष रूप से एल एस डी जी थीम-9 महिला हितैषी पंचायत पर विस्तृत चर्चा करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आजीविका संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट पंचायतों द्वारा किए गए विकास कार्यों का वीडियो प्रदर्शन किया गया है। इसके साथ ही म प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम ह्लमन की बातह्व के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई है ।जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सुना है।

शेरघाटी में प्रसूता की मौत के बाद निजी अस्पताल में हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के नयाबाजार स्थित सानवी हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार परैया थाना क्षेत्र के अमुखर गांव निवासी ममता कुमारी, पति विकास कुमार को शुक्रवार देर रात प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों द्वारा पहले सामान्य प्रसव कराने को लेकर इलाज किया जा रहा था, लेकिन बाद में अचानक ऑपरेशन करने की बात कही गई।

ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान मुख्य नस कट जाने के कारण अधिक रक्तस्त्राव होने लगा। स्थिति गंभीर होने पर मरीज को दो यूनिट ब्लड भी चढ़ाया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद चिकित्सकों ने मरीज को जवाब दे दिया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के कारण महिला की जान गई। परिजनों ने बताया कि जब वे मरीज से मिलने पहुंचे तो वहां ब्लड बिखरा हुआ था। मृतका के भाई आशुतोष जैन ने

आरोप लगाया कि घटना की तस्वीर और वीडियो बनाने पर अस्पताल संचालक डॉ. संजय यादव और उनकी पत्नी डॉ. सुलेखा यादव ने कहा कि अस्पताल रजिस्ट्रेशन आधारित है, जहां जाना है जाओ। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि वीडियो में चिकित्सकों द्वारा धमकी देने की बात सामने आ रही है। घटना को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

40 लाख की एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। रोटरी गया सिटी की ओर से लगभग 40 लाख रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक एडवांस लाइफ सपोर्ट ए ल एस एंबुलेंस का शुभारंभ कर इसे आम जनता को समर्पित कर दिया गया है। एंबुलेंस का उद्घाटन रोटरी 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नर्मता नाथ एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एस.पी. बागरिया ने फीता काटकर किया गया है। इस अवसर पर शहर के कई वरिष्ठ चिकित्सक, रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नर्मता नाथ ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीज भी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें इसके लिए यह सेवा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी गंभीर मरीज के लिए अस्पताल पहुंचने तक का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में यह एंबुलेंस रास्ते में ही मरीज को आवश्यक जीवनरक्षक चिकित्सा उपलब्ध कराएगी। डॉ. रतन ने कहा कि इस एंबुलेंस का संचालन ह्मनो प्रॉफिट, नो लॉसह्न के आधार पर किया जाएगा। यह एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इसमें वेंटिलेटर, मल्टीपैरामीटर पेशेंट मॉनिटर, डिफिब्रिलेटर (हार्ट शॉक मशीन), ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम, सक्शन मशीन, इंफ्यूजन पंप, नेबुलाइजर, स्पाइन बोर्ड, स्ट्रेचर तथा आवश्यक आपातकालीन दवाइयों और उपकरणों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन भी मरीज की निगरानी करते हुए अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने का कार्य करेंगे।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की एक दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक संपन्न, नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

- डॉ. अरविंद नाथ तिवारी बने प्रदेश अध्यक्ष, शैलेश कुमार को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी; कई राज्यों व जिलों से पहुंचे पत्रकार प्रतिनिधि

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित वाल्मीकि बिहार सभागार में रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, बिहार प्रदेश की एक दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक सह विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित कई स्थानों से पत्रकार संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बतादें, बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों एवं संगठन के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए संगठन को और सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक के दौरान नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से डॉ. अरविंद नाथ तिवारी को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, बिहार प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष तथा शैलेश कुमार को प्रदेश सचिव की नई जिम्मेदारी सौंपी गई। पदाधिकारियों के मनोनयन पर उपस्थित सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त, राष्ट्रीय सचिव नरेश सक्सेना, वाल्मीकिनगर विधायक ऋषेश प्रसाद, बिहार प्रभारी ओम प्रकाश द्विवेदी, कुशीनगर जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय सहित मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, बगहा, रामनगर, खड्डा, कुशीनगर, लखनऊ और दिल्ली से आए पत्रकार संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

विधायक ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, दो बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। ग्रामीण पत्रकारों के साथ बैठक के बाद वाल्मीकिनगर के विधायक सुरेंद्र कुशवाह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) पहुंचे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने पल्स पोलियो अभियान के तहत दो बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की खुराक पिलाई और अभियान की सफलता की कामना की। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से अभियान को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संचालित करने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इस अवसर पर विधायक ने दो बच्चियों को अंगवस्त्र खरीदने के लिए 500-500 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना उनका दायित्व है और क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

2 किलो अफीम जैसे सामान के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले की पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। महुआवा थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नेपाल से भारत मादक पदार्थ ला रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 2 किलोग्राम अफीम जैसा नशीला पदार्थ और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक महुआवा थाना अंतर्गत वाहन जाँच के दौरान पुलिस को एक पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के मुताबिक, नेपाल से कोरैया गाँव होते हुए सैनिक रोड के रास्ते तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर अफीम की खेप लेकर आ रहे थे। इस इनपुट पर बिना वक्त गंवाए महुआवा थाना पुलिस और एसएसबी की टीम ने एक संयुक्त जाल बिछाया और संदिग्धों को दबोच लिया। पकड़े गए तस्करों में दो आरोपी पड़ोसी देश नेपाल के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा स्थानीय निवासी है। जिनकी पहचान सोनेलामा पासवान, पिता- खेदु पासवान, धांगड़ सुखी चौक, थाना- धांगड़ चौकी, जिला- बारा, नेपाल। दिनेश राम, पिता- विष्णु राम, धांगड़ सुखी चौक, थाना- धांगड़ चौकी, जिला- बारा, नेपाल।

21.6 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना क्षेत्र में एंटी लिकर टास्क फोर्स (एएलटीएफ) एवं नौरंगिया थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक शराब तस्कर को 21.6 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत नौरंगिया थाना कांड संख्या 69/26 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से विदेशी शराब की खेप बिहार लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद एएलटीएफ टीम एवं स्थानीय पुलिस ने नौरंगिया छठ घाट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे जवानों ने पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से विभिन्न ब्रांड की कुल 21.6 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम जाकिर आलम (लगभग 35 वर्ष), निवासी शिकारपुर थाना क्षेत्र, जिला पश्चिम चंपारण बताया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया है। मामले की जांच नौरंगिया थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

भालू के हमले में घायल महिला को मिला 24 हजार का मुआवजा, वन विभाग ने सौंपा चेक

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के संतपुर वन क्षेत्र अंतर्गत संतपुर सोहरिया गांव की निवासी लीलावती देवी, जो खेत में काम करने के दौरान भालू के हमले में घायल हो गई थीं, उन्हें वन विभाग द्वारा 24 हजार की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर वन विभाग की टीम ने ईडीसी (इको डेवलपमेंट कमेटी) संतपुर के सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर वन एवं वन्यजीव संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की। बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष (ह्यूमन वाइल्डलाइफ इंटरैक्शन) को कम करने, वन्यजीवों से सतर्क रहने तथा किसी भी घटना की तत्काल सूचना वन विभाग को देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि भालू के हमले में घायल लीलावती देवी को विभागीय प्रावधानों के तहत 24 हजार की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि वन विभाग मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है और ग्रामीणों से वन एवं वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय सहयोग की अपील की गई है।

पंचायत विकास दिवस पर जीविका दीदियों की पहल नशे के विरुद्ध गांव-गांव जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मनाए जाने वाले पंचायत विकास दिवस के प्रथम आयोजन को सफल बनाने में जीविका दीदियों ने अहम एवं प्रेरणादायी भूमिका निभाई। इस माह की थीम ह्लमहिला हितैषी ग्राम पंचायतह्व के अनुरूप जीविका दीदियों ने सामाजिक जागरूकता एवं नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। जिले के प्रत्येक पंचायत में आयोजित विकास दिवस के अवसर पर जीविका दीदियों ने मद्यनिषेध एवं नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सुबह-सुबह प्रभात फेरी, रैली, रंगोली निर्माण, शपथ कार्यक्रम एवं जनसंवाद गतिविधियों का आयोजन किया। दीदियों ने गांव-गांव घूमकर शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। प्रमुख चौक-चौराहों पर नशामुक्ति से जुड़े संदेशों वाले पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शित किए गए। ह्लनशे का जो हुआ शिकार, उसका उजड़ा घर-परिवारह्व, नशा छोड़ो, परिवार जोड़ो तथा स्वस्थ समाज की यही पहचान, नशामुक्त हो हर इंसानह्व जैसे प्रेरक संदेशों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। जीविका दीदियों ने आमजन को यह भी बताया कि शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन, उत्पादन अथवा अवैध व्यापार से संबंधित किसी भी जानकारी को साझा करने के लिए सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर का उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, युवाओं एवं समुदाय के अन्य सदस्यों ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु अपना संकल्प दोहराया। पंचायत विकास दिवस के सफल आयोजन में जीविका दीदियों की सक्रिय सहभागिता ने यह सिद्ध किया है कि वे केवल आर्थिक सशक्तिकरण की वाहक नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन एवं नशामुक्त बिहार के निर्माण की भी सशक्त आधारशिला हैं। उनके निरंतर प्रयास पंचायतों को अधिक जागरूक, समावेशी एवं महिला हितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

फरार आरोपी के खिलाफ न्यायालय ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

बगहा। बगहा व्यवहार न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (जेएम-1) ने वर्ष 2011 से जुड़े एक आपराधिक मामले में फरार चल रहे आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वारंट नौरंगिया थाना को भेजते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। जारी वारंट के अनुसार, नौरंगिया थाना कांड संख्या 26/11 एवं जी.आर. संख्या 865/11 से संबंधित मामले में बाबूनंद बिंद, पिता भोभी बिंद, निवासी नरकटहिया सिरिसिया, थाना- नौरंगिया, जिला पश्चिम चंपारण के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। न्यायालय ने नौरंगिया थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। पुलिस अब वारंट के तामील की कार्रवाई में जुट गई है।

भेलाही में भीषण अगलगी में दुकान जलकर राख, दो ई-रिक्शा भी जले, लाखों का नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। सीमावर्ती क्षेत्र के भेलाही बाजार में बीती रात भीषण आगजनी की एक दर्दनाक घटना सामने आई है। भेलाही मुख्य बाजार स्थित उदय पटेल की प्रसिद्ध ह्य99 बाजारह्न दुकान में अचानक आग लग जाने से पूरी दुकान जलकर राख हो गई। इस हादसे में दुकान के अंदर खड़े दो ई-रिक्शा भी पूरी तरह जल गए हैं, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। वहीं, घटना के बाद दमकल गाड़ी के करीब दो घंटे की देरी से पहुंचने को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका, मची अफरा-तफरी: मिली जानकारी के अनुसार, रात को लगभग साढ़े 8 बजे उदय पटेल की 99 बाजार नामक दुकान से धुएं और आग की तेज लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान से उठती आग की ऊंची लपटों को देख स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। आस-पास के लोग तुरंत मौके पर जुटे और अपने स्तर से पानी डाल कर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए। पीड़ित दुकानदार उदय पटेल के मुताबिक, इस अगलगी में दुकान के भीतर रखा सारा कीमती सामान, काउंटर और अन्य सामग्रियां जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इसके अलावा दुकान के बाहर खड़े दो ई-रिक्शा भी आग की भेंट चढ़ गए। पीड़ित ने बताया कि इस घटना में उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है और उनका व्यवसाय पूरी तरह चौपट हो गया है।

थाना में शराब पीकर हंगामा करना युवक को पड़ा महंगा, हुआ गिरफ्तार

बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना परिसर में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत नौरंगिया थाना कांड संख्या 68/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को हरेंद्र चौधरी अपने परिजनों के साथ एक पुराने मामले में न्यायालय द्वारा निर्गत कुर्की संबंधी आदेश लेकर नौरंगिया थाना पहुंचे थे। इसी दौरान वह थाना परिसर में गाली-गलौज और हंगामा करने लगे। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन उनके व्यवहार से शराब के नशे की आशंका हुई। इसके बाद पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर से जांच कराई, जिसमें उनके शरीर में 211 एमएल/100 एमएल अल्कोहल की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी का हैंडओवर और पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल / बीरगंज। लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी का साल 2025-26 के लिए ऑफिस हैंडओवर और साल 2026-27 के लिए पदभार ग्रहण समारोह शनिवार को बीरगंज के होटल मकालू में बड़े पैमाने पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष लायन उमेश कुमार गुप्ता ने की और लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 325 एस के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-डिजीई एमजेएफ इलेक्ट लायन राम बिहारी पांडे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। प्रोग्राम में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 325 के मल्टीपल कोऑर्डिनेटर, पीडीजी, पीएमजीएफ लायन डी.एन. अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव चीफ एमजेएफ लायन बसु तिमलसीना, डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव को-चीफ और लायंस क्लब ऑफ बीरगंज मेट्रो सिटी के चार्टर प्रेसिडेंट एमजेएफ लायन अशोक कुमार बेरीवाल, एरिया चीफ लायन रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, जोनल चेयरपर्सन लायन डॉ. लक्ष्मी थापा, रक्सौल लायंस क्लब ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट लायन बिमल सराफ और उनकी पत्नी लायन पूनम सराफ, गाइडिंग लायन नरोत्तम पांडे और अलग-अलग लायंस क्लब के दूसरे ऑफिस बेयरर्स और मेंबर्स मौजूद थे। क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट एमजेएफ लायन अशोक कुमार बेरीवाल ने वेलकम एड्रेस दिया और कहा कि क्लब ने कम समय में समाज सेवा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। प्रोग्राम का मुख्य आकर्षण आउटगोइंग प्रेसिडेंट लायन उमेश कुमार गुप्ता और प्रेसिडेंट-इलेक्ट लायन पिया सिंह के बीच क्लब की मिनट बुक और जरूरी डॉक्यूमेंट्स सौंपकर ऑफिस का फॉर्मल हैंडओवर था। नए चुने गए प्रेसिडेंट लायन पिया सिंह ने क्लब का सालाना प्रोजेक्ट और आने वाले टर्म के लिए एक्शन प्लान पेश किया और एजुकेशन, हेल्थ, एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन, यूथ लीडरशिप डेवलपमेंट और ह्यूमन सर्विस को प्रायोरिटी देकर असरदार प्रोग्राम चलाने का अपना कमिटमेंट जताया।

उन्होंने नए मेंबर्स को जोड़कर बहुत ही अट्रैक्टिव तरीके से एक नई टीम भी बनाई। नए मेंबर्स के लिए सब्सक्रिप्शन में प्रेसिडेंट लायन पिया सिंह, पहला वीपी लायन अंकित चौरसिया, दूसरा वीपी लायन प्रभात आनंद सिंह, तीसरा वीपी, लायन राबिन श्रेष्ठ, सेक्रेटरी लायन नेल्सन भंडारी, जॉइंट सेक्रेटरी आनंद सिंह ऑफ लायन फेम, ट्रेजरर लायन खुशबू गुप्ता, प्रिय मेंबर्स में लायन श्वेता गुप्ता, लायन कोमल गुप्ता, लायन श्रुति गुप्ता, लायन नवनीता सिंह, लायन संजना बरनवाल। जोनल चेयरपर्सन लायन डॉ. लक्ष्मी थापा, डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव चीफ एमजेएफ लायन बसु तिमलसीना, मल्टीपल कोऑर्डिनेटर पीडीजी पीएमजेएफ लायन डी.एन. अग्रवाल और चीफ गेस्ट डिजीई एमजेएफ लायन राम बिहारी पांडे ने बधाई दी और विश्वास जताया कि क्लब समाज सेवा में और भी असरदार भूमिका निभाएगा। इस मौके पर, प्रेसिडेंट-इलेक्ट लायन पिया सिंह ने निवर्तमान प्रेसिडेंट लायन उमेश कुमार गुप्ता को उनके सफल कार्यकाल के लिए टोकन ऑफ लव दिया। प्रोग्राम के आखिर में, निवर्तमान प्रेसिडेंट लायन उमेश कुमार गुप्ता ने मौजूद सभी मेहमानों, लायन मेंबर्स, शुभचिंतकों और सपोर्टर्स को धन्यवाद दिया और उन सभी का आभार जताया जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान उनका साथ दिया, मदद की और उन पर भरोसा किया। माना गया कि इस प्रोग्राम ने, क्लब की लीडरशिप सौंपने के साथ, आने वाले टर्म के लिए समाज सेवा के प्रति नई एनर्जी, जोश और कमिटमेंट को और मजबूत किया है।

गोल चौक परिसर में बकरी के शव से फैल रही दुर्गंध, स्थानीय लोग परेशान

बगहा। वाल्मीकिनगर के गोल चौक परिसर में पिछले दो दिनों से सड़क किनारे पड़ी एक बकरी के शव से उठ रही दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों, दुकानदारों और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बकरी की मौत हो गई थी, लेकिन अब तक शव को हटाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव सड़ने से पूरे इलाके में बदबू फैल रही है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो गया है। लोगों ने पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सूचना के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गौरतलब है कि वाल्मीकिनगर का गोल चौक परिसर प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर दो दिनों से शव पड़े रहने से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने पंचायत प्रशासन से तत्काल बकरी के शव को हटाकर परिसर की साफ-सफाई कराने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है।

डीआईजी भूपेंद्र खत्री के नेतृत्व में लुम्बिनी प्रदेश पुलिस देशभर में फिर बनी नंबर-1

- लगातार दूसरे महीने कार्यसम्पादन मूल्यांकन में प्रथम स्थान, अपराध नियंत्रण और नागरिकमैत्री पुलिसिंग को मिली सफलता

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। लुम्बिनी प्रदेश प्रहरी कार्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यसम्पादन का परिचय देते हुए नेपाल प्रहरी के आंतरिक कार्यसम्पादन मूल्यांकन में देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। डीआईजी भूपेंद्र बहादुर खत्री के नेतृत्व में लुम्बिनी प्रदेश पुलिस ने लगातार दूसरे महीने यह उपलब्धि हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

प्रदेश प्रहरी कार्यालय के अनुसार, परिणाममुखी, नागरिकमैत्री एवं प्रविधिमैत्री (तकनीक आधारित) पुलिस सेवा, अधीनस्थ इकाइयों की नियमित निगरानी, अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध अभियान, अवैध तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई तथा समुदायझ्रपुलिस साझेदारी को मजबूत बनाने के कारण यह सफलता मिली है।

डीआईजी भूपेंद्र बहादुर खत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के सभी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की टीम भावना, अनुशासन और समर्पित कार्यशैली को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनता को प्रभावी, पारदर्शी और भरोसेमंद पुलिस सेवा उपलब्ध कराने तथा शांति-सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

‘30 हजार सीड बॉल’ से हरित क्रांति की ओर पश्चिम चंपारण

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चंपारण में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभिनव जनअभियान की शुरूआत की गई है। जिला पदाधिकारी तरन जोत सिंह एवं उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन के मार्गदर्शन एवं पीओ मनरेगा अजय सहाय के सहयोग से सिकटा प्रखंड में ह्यजल जीवन हरियालीह्न अभियान के तहत 30 हजार सीड बॉल तैयार किए जा रहे हैं। इन सीड बॉल में 10 हजार नीम, 10 हजार पीपल और 10 हजार बरगद के बीज शामिल हैं, जिन्हें मानसून के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिखेरा जाएगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि प्रकृति आधारित समाधान के माध्यम से बढ़ते तापमान, भूजल संकट, जैव विविधता के संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में जनभागीदारी को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि मानसून की पहली बारिश के साथ ये सीड बॉल नदियों, तालाबों, आर्द्रभूमियों, वन क्षेत्रों और सड़कों के किनारे अंकुरित होकर हजारों नए वृक्षों का रूप लेंगे। यह कम लागत में अधिक क्षेत्र को हरित बनाने का प्रभावी और टिकाऊ मॉडल माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीपल, बरगद और नीम जैसे देशी वृक्ष स्थानीय तापमान को कम करने, स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने, वर्षा जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण तथा मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही ये हजारों पक्षियों, तितलियों, मधुमक्खियों एवं अन्य परागण करने वाले जीवों के लिए आश्रय और भोजन का स्रोत भी बनते हैं।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि ह्लपानी बोओझ्रपानी उगाओह्व और ह्लप्रकृति बचाओझ्रभविष्य बचाओह्व की सोच को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास है। यदि पंचायतों, विद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, युवा मंडलों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है, तो पश्चिम चंपारण आने वाले वर्षों में हरित, जल-समृद्ध और जलवायु-सहिष्णु जिले के रूप में नई पहचान स्थापित कर सकता है। आज तैयार हो रहे 30 हजार सीड बॉल भविष्य में लाखों पेड़ों का आधार बनेंगे और पश्चिम चंपारण की नदियों, तालाबों, जंगलों तथा गांवों को हरित सुरक्षा कवच प्रदान करेंगे।

मयतिघर में दृष्टिहीनों का छठे दिन भी धरना जारी, योग्यता अनुसार रोजगार की मांग तेज

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित मयतिघर मण्डला में दृष्टिहीन नागरिकों का धरना-प्रदर्शन रविवार को लगातार छठे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से योग्यता और क्षमता के आधार पर स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की मांग दोहराई। धरने में शामिल दृष्टिहीन युवाओं ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के बावजूद उन्हें रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकार दिव्यांगों के अधिकारों और समावेशी रोजगार संबंधी नीतियों का प्रभावी ढंग से पालन नहीं कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार से दिव्यांग-अनुकूल भर्ती प्रक्रिया लागू करने, रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा और आंदोलनकारियों ने सरकार से शीघ्र वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने की अपील की।

रामनगर के जुलाहा टोली में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, पथराव में दो पुलिसकर्मी समेत छह घायल

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत रामनगर नगर परिषद के वार्ड संख्या-11 स्थित जुलाहा टोली में रविवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चलने लगे, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर भी पथराव कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना में तुलसी कुमार, प्रिंस कुमार, राहुल साह और अक्सीर खान घायल हो गए। वहीं रामनगर थाना में पदस्थापित सिपाही गोपी चंद्र और गणेश कुमार राम भी पथराव की चपेट में आकर जख्मी हो गए। सभी घायलों को तत्काल रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. डी.एस. आर्या ने बताया कि मारपीट और पथराव में घायल चार-पांच लोगों को अस्पताल लाया गया था। इनमें से दो की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। घायल दोनों पुलिसकर्मियों का इलाज भी अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही बगहा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार और रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव : लखेन्द्र

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले में आज पंचायत विकास दिवस उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया गया। जिले के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मझौलिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमवा मझार में किया गया, जिसमें पश्चिम चम्पारण के प्रभारी मंत्री सह बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, जीविका दीदियों, आशा कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने पंचायत सरकार भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर माननीय पूर्व विधायक चनपटिया, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया, विशेष कार्य पदाधिकारी, मुखिया, सरपंच, पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने का सबसे प्रभावी माध्यम ग्राम पंचायतें हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के 73वें संशोधन ने पंचायतों को संवैधानिक अधिकार और जिम्मेदारियां प्रदान कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दी है। आज ग्राम पंचायतें केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाई नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य विकास की रोशनी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए पंचायतों में पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को लगातार मजबूत किया जा रहा है। पंचायत विकास दिवस इसी सोच का परिणाम है, जहां ग्रामीण स्वयं अपनी आवश्यकताओं, समस्याओं और विकास योजनाओं पर खुलकर चर्चा करते हैं तथा उनके समाधान की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि जून माह का विषय महिला हितैषी पंचायत अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज और गांव के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी जितनी मजबूत होगी, विकास उतना ही स्थायी और प्रभावी होगा। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है और इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाना पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर महिला उद्यमी हीना गुलशन अनवरी ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से प्राप्त सहायता और उससे अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का अनुभव साझा किया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, सोमवार, 29 जून, 2026

पंचायत विकास दिवस का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया शुभारंभ

● हर माह के अंतिम रविवार को होगा आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर/हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुंगेर जिले के टेटिया बंबर प्रखंड अंतर्गत तारापुर विधानसभा क्षेत्र के जगन्नाथ उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित ह्यपंचायत विकास दिवसह्न कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूरे बिहार में ह्यपंचायत विकास दिवसह्न मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र एवं सतत विकास को नई गति देना है। सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर, पारदर्शी और विकासोन्मुख बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) पर आधारित नौ विषयगत स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और उनकी उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी ली। स्टॉलों में गरीबी मुक्त एवं आजीविका उन्नत पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक न्याय एवं सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त गांव तथा महिला हितैषी पंचायत से संबंधित योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया। मुख्य समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से हुई तथा उपमुख्यमंत्री का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात स्वागत भाषण हुए। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं जीविका दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए। पंचायती राज विभाग द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें पंचायत सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की दिशा में सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् और राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायक, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, जीविका दीदियां तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक और कड़े प्रबंध किए गए थे

हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और चोरी के मामलों में आरोपियों समेत 7 गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय रक्सौल थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार व निरुद्ध किया है, जिनमें हत्या के प्रयास, शराब पीकर मारपीट, चोरी और आर्म्स एक्ट के आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, बाइक और भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 150/26 (हत्या के प्रयास) के प्राथमिक अभियुक्त छटु यादव को पुलिस ने धर दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी छटु यादव (उम्र करीब 45 वर्ष), स्वर्गीय योगेन्द्र यादव का पुत्र है और वह रक्सौल थाने के कौड़िहार (जिला पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी) का रहने वाला है। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने कांड संख्या 294/26 (शराब पीकर मारपीट करने) के प्राथमिक अभियुक्त साबिर खलीफ को गिरफ्तार किया है। साबिर खलीफ, स्वर्गीय अब्दुल हकिम का पुत्र है और वह रक्सौल के इस्लामपुर का निवासी है। रक्सौल पुलिस ने चोरी के मामले (कांड संख्या 294/26) का उद्भेदन करते हुए एक मुख्य आरोपी समेत 4 लोगों को दबोचा है। मुख्य आरोपी की पहचान विराट कुमार उर्फ बब्लू (उम्र करीब 24 वर्ष), पिता जयप्रकाश गुप्ता, निवासी नागा रोड (वार्ड नंबर 11, रक्सौल) के रूप में हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने 03 अन्य विधि-विरुद्ध किशोरों को भी निरुद्ध किया है। इन सभी के पास से पुलिस ने 109 किलोग्राम जला हुआ तांबे का तार और एक एक्साइड कंपनी की बैटरी बरामद की है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस को आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 295/26) के तहत भी एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने सिसवा (थाना रक्सौल, जिला पूर्वी चम्पारण) के रहने वाले मुन्ना यादव (उम्र 38 वर्ष), पिता गोपाल यादव को गिरफ्तार किया है। मुन्ना यादव के पास से पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

जीजा ने दोस्त से साले को मरवाई गोली, हालत नाजुक

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। शामपुर थाना क्षेत्र के जोगबनी स्थान के समीप शनिवार देर शाम रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक रंजिश के कारण एक जीजा द्वारा अपने ही साले पर दोस्त से गोली चलवाने का मामला सामने आया है। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान :- घायल की पहचान शामपुर थाना क्षेत्र के विषणपुर गांव निवासी विनोद कुमार यादव के 25 वर्षीय पुत्र सौनिक कुमार यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सौनिक के पिता असम राइफल्स में कार्यरत हैं।

शादी की नीयत से युवती के अपहरण मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। खड़गपुर थाना पुलिस ने शादी की नीयत से युवती के अपहरण के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर गांव निवासी सुधीर यादव के पुत्र सुशांत कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि युवती के पिता ने खड़गपुर थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया है। आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी सुशांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में मुंगेर मंडल कारा भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है तथा कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पंचायत विकास दिवस पर विकास योजनाओं की समीक्षा

सीवान/सिसवन प्रखंड की रामगढ़ पंचायत में रविवार को पंचायत विकास दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री सह सिवान जिले के प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय तथा उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बिहार सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत की विकास योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिले के सभी पंचायत में विकास दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अरवल। पंचायती राज मंत्री-सह- प्रभारी मंत्री ने अमरा पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का किया उद्घाटन पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार के निदेर्शानुसार अरवल जिला के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री, पंचायती राज विभाग सह प्रभारी मंत्री, अरवल दीपक प्रकाश जी ने अरवल प्रखंड अंतर्गत अमरा पंचायत में आयोजित पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया तथा उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

दिव्य ज्योति कलश रथ के आगमन से वायुमंडल हुआ दिव्य ऊर्जा से अनुप्राणित

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड्गपुर (मुंगेर)। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से दिव्य चेतना का को प्रवाहित करते हुए आज ज्योति कलश रथ हवेली खड़गपुर आगमन हुआ। नगर परिषद वार्ड नंबर 20 कच्ची मोर वैष्णो देवी मंदिर के समीप से वार्ड पार्षद अनुवेश कुमार आरती के साथ ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया। गायत्री परिवार के परीजन बाजे गाजे पुष्प गुच्छ से रथ का भव्य स्वागत किया। हम सुधरेंगे युग सुधरेगा ,हम बदलेंगे युग बदलेगा, दहेज प्रथा ,नशा मुक्ति आंदोलन के प्रेरणा पद स्लोगन के साथ नारा लगाते हुए रथ पटेल चौक पुरानी चौक थाना चौक होते हुए गायत्री शक्तिपीठ पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प की वर्षा शर्बत की व्यवस्था की गई थी।इस रथ में युग ऋषि आचार्य श्रीराम शर्मा जी की साधना और प्राण ऊर्जा की ज्योति के साथ ही वंदनीया माताजी की शताब्दी के अवसर पर उनकी भी दिव्य आशीषों से अनुप्राणित चेतना समाई हुई है। दिव्य ज्योति कलश रथ के माध्यम से 28 जून से लेकर 1 जुलाई तक प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गायत्री महायज्ञ ,दीप यज्ञ और ऋषि संदेश के माध्यम से ईश्वरीय चेतना का प्रवाह, दिव्य ऋषि संदेश, सामाजिक चेतना के आध्यात्मिक उन्नयन और गायत्री मिशन के रचनात्मक आंदोलन के प्रति जन चेतना को जागरूक और स्पंदित बनाया जाएगा। ज्योति कलश रथ के साथ एक सारथी के रूप में और शांतिकुंज के प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने बताया कि गायत्री मिशन का लक्ष्य मनुष्य में देवत्व के जागरण, आत्म परिवर्तन से युग परिवर्तन और घर-घर में गायत्री उपासना और सामाजिक स्तर पर यज्ञ भावना के विस्तार और देव संस्कृति की स्थापना के उद्देश्य रथ का परिभ्रमण पूरे देश में हो रहा है। इस रथ के साथ पहुंचे उपजोन प्रतिनिधि मनोज मिश्र ने बताया कि दिव्य रथ के माध्यम से समाज के सर्वांगीण प्रगति के लिए आस्तिकता संवर्धन, पर्यावरण, नारी जागरण, व्यसन मुक्ति, कुरीति उन्मूलन, स्वास्थ्य आंदोलन, स्वावलंबन सद्दश सप्त सूत्री आंदोलन की दिशा में जन जागरण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रथ के साथ पहुंची नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में नीलम भगत जी और सुषमा सिन्हा जी ने यह बताया कि इस रथ के माध्यम से आध्यात्मिकता, दिव्यता , समाज की रचनात्मक ऊर्जा के जागरण और समाज के सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।

आप पार्टी की साप्ताहिक सांगठनिक बैठक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। आम आदमी पार्टी की साप्ताहिक सांगठनिक बैठक 2 नं० गुमटी, पुअर हाउस के सामने स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष गोपाल कुमार तांती की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता संजय केशरी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को संगठन व अरविंद केजरीवाल की नीतियों से जोड़ना है। संस्थापक सदस्य सुनील कुमार सिंह व अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि आप आम आदमी की राजनीति करती है और जाति-धर्म के नाम पर समाज को बांटने वालों की चाल सफल नहीं होने देगी। जिलाध्यक्ष गोपाल तांती ने बताया कि पार्टी पंचायत, नगर निकाय व संसदीय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इसी क्रम में पंचायत से राज्य स्तर तक साप्ताहिक बैठकें हो रही हैं। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष संयुक्ता सिंह चौहान, युवा जिलाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह चन्द्रवंशी, एससी-एसटी जिलाध्यक्ष रतन मांझी, अजय कुमार सिंह, राम विनय मालाकार, सदानंद भारती, सत्यनारायण साह, सखीचंद यादव व ज्योति ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

श्रावणी मेला से पहले जमालपुर स्टेशन का डीसीएम ने किया निरीक्षण

मुंगेर/ जमालपुर (मुंगेर)। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला से पहले मालदा डिवीजन के सीनियर डिवीजनल कमर्शियल मैनेजर कार्तिक सिंह ने रविवार को जमालपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने वेटिंग रूम, स्टॉल, शौचालय, टिकट रूम, पार्किंग व सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। डीसीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं व यात्रियों की हर छोटी-बड़ी सुविधा बेहतर करें। साफ-सफाई को लेकर सीएचआई पंकज कुमार को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ रेलवे राजस्व पर भी गंभीर रहना होगा। प्लेटफॉर्म पर लगातार माइकिंग व ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाते रहें। स्टेशन की लचर व्यवस्था देखकर स्टेशन प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों से भी बात कर समस्याएं पूछीं। मौके पर स्टेशन प्रबंधक मनोरंजन कुमार, सीआईटी जावेद, आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव, सीएचआई पंकज कुमार, मोतीलाल समेत अन्य मौजूद थे।

हवेली खड़गपुर में सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 135वां संस्करण

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर/हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल हवेली खड़गपुर के तत्वावधान में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी के नेतृत्व में नगर मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक सफलता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी के महत्व, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के प्रयासों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कम प्रीमियम पर बीमा सुविधा तथा समुद्र से लेकर आकाश तक भारत की बढ़ती सुरक्षा क्षमता जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। नगर अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने, जनभागीदारी बढ़ाने और देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका को सशक्त बनाने का प्रेरणादाई माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शंकर केशरी, रजनीश कुमार, माधव ठाकुर, अजीत साह, शशि भूषण, संजीव साहा, बबलू मंडल, सुभाष, ओमप्रकाश, संजय, जितेंद्र, अशोक, पूणार्नंद, राजेश, चितरंजन, सोनू, गौतम, सुरेश, ध्रुव, मनोज सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिनदहाड़े सरकारी अस्पताल परिसर में चोरी का प्रयास, महिलाओं की सतर्कता से टली बड़ी वारदात

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। हवेली खड़गपुर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित सरकारी आवासों में शनिवार को दिनदहाड़े चोरी का प्रयास किए जाने से स्वास्थ्यकर्मियों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। चोर ने प्रखंड स्वास्थ्य प्रशिक्षक नवल किशोर के सरकारी आवास को निशाना बनाया, लेकिन घर में मौजूद महिलाओं की सतर्कता और साहस के कारण बड़ी चोरी टल गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सीढ़ी के सहारे छत पर पहुंचा चोर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चोर सीढ़ी के सहारे सरकारी क्वार्टर की छत पर चढ़ गया। वहां उसने सबसे पहले एसी का बिजली का तार काट दिया। इसके बाद वह नीचे उतरकर बरामदे में रखी इनवर्टर बैटरी के तार काटने लगा। वह बैटरी लेकर भागने ही वाला था कि घर में मौजूद महिलाओं की नजर उस पर पड़ गई। महिलाओं के शोर मचाते ही भाग निकला आरोपी महिलाओं ने तुरंत शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग जुटने लगे। लोगों की आहट मिलते ही चोर मौके से फरार हो गया। हालांकि उसकी पूरी गतिविधि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने शुरू की जांच :- घटना की सूचना मिलते ही हवेली खड़गपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। अभी तक पीड़ित की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल :- घटना के बाद अस्पताल परिसर में तैनात सुरक्षा गार्डों की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय निवासी विपिन खिरहरी, ईशु यादव, मनोज कुमार रघु, पंकज यादव और दीपक कुमार ने आरोप लगाया कि सुरक्षा गार्ड अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। कुछ लोगों ने चोरी की घटना में गार्डों की संभावित मिलीभगत की आशंका भी जताई है।

सदर प्रखंड की पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। सदर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित पंचायत के मुखिया ने की। नौवागढ़ी दक्षिणी में मुखिया प्रमिला देवी, शंकरपुर में मुखिया मोना भारती व महुली पंचायत में मुखिया संगीता कुमारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। प्रखंड की सभी पंचायतों में मुखियाओं की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्थानीय कृत सतत विकास के 9 लक्ष्यों- गरीबी मुक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ-हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक न्याय, सुशासन युक्त पंचायत व महिला हितैषी पंचायत पर चर्चा हुई। ग्राम सभा की भागीदारी, विकास कार्यों पर विचार-विमर्श व ह्यमन की बातह्न का सीधा प्रसारण भी किया गया। मौके पर पूर्व उप प्रमुख नवल किशोर सिंह, पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल, पूर्व मुखिया दीपक कुमार मुन्ना, रोजगार सेवक विशाल कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण कुमार, अखिलेश यादव, वार्ड सदस्य, कार्यपालक सहायक शुभम कुमार, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत विकास दिवसह्नका आयोजन किया जाएगा।

गनगनिया पंचायत में पंचायत विकास दिवस मुखिया रजनी देवी की अध्यक्षता में आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर जिले सुल्तानगंज प्रखंड के गनगनिया पंचायत के रंग मंच कार्यशाला में जिला प्रशासन के निर्देश पर बिहार सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा माह के अंत रविवार को पंचायत विकास दिवस मुखिया रजनी देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई/इस कार्यक्रम में मंचासीन मुखिया रजनी देवी,वार्ड प्रतिनिधि रविश यादव, पंचायत सेवक अनिल कुमार सिंह,पुर्व पंचायत समिति सदस्य रामनेपाल मंडल, सरपंच विजय कुमार दास, उपमुखिया मो शिबरत, भाजपा नेता कुमार मंगलम, कार्यपालक सहायक अमरदीप कुमार, वार्ड सदस्य धन्नजय कुमार, समाजसेवी रबिश यादव,नोडल पदाधिकारी सुजित सिन्हा, थे/कार्यक्रम में जीवीका दीदी, जीवीका कर्मी,वार्ड सदस्य, गनगनिया पंचायत के ग्रामवासी मौजूद थे/कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रजनी देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई/कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मन की बात की शुरूआत करते हुए ग्राम सभा का आयोजन किया गया/कार्यक्रम में बिहार सरकार और भारत सरकार के द्वारा मिलनेवाले विभिन्न योजना, के बारे में विस्तार से बताया गया/कार्यक्रम में एसटीजी के तहत समाज की महिलाओं को उत्थान के बारे में बताया गया/जिससे महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आगे बढ़ सके /साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पैंशन, शिक्षा,प्रार्यावरण , स्वास्थ्य सहित अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया गया/ / इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामजी मंडल, हरिचन्द्र मंडल, ओमप्रकाश पासवान,सरिता देवी, प्रियंका देवी, माधुरी देवी,सीमा देवी सहित दर्जनों जीवीका दीदी, कर्मी सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

सुल्तानगंज में कड़ी सुरक्षा के बीच देर रात मोर्हरम पर्व शांति सोहार्द वातावरण में हुआ सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर सुल्तानगंज। मुर्हरम पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विभिन्न दरगाह व मस्जिदों से ताजिया जुलूस निकाला गया/ जो पुरे शहर में ढोल बजा गाजा के साथ या हुसैन,नारे तकदिक के नारे लगाकर खेल खुद करते हुए शाही बड़ी मस्जिद में देर रात पहलाम किया/इसको लेकर थानाध्यक्ष धन्नजय कुमार सभी ताजिया जुलूस में सुरक्षा बलों की तैनाती, मजिस्ट्रेट को लगाते हुए शांति सोहार्द वातावरण में पहलाम का समापन कराया गया /विडियो संजीव कुमार,नगर परिषद सुल्तानगंज के कार्यपालक पदाधिकारी अभीषेक आनंद के द्वारा रात्रि में साफ सफाई होने पर राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम ने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया की शांति सोहार्द वातावरण में पहलाम कराया / खासकर थानाध्यक्ष धन्नजय कुमार के द्वारा महिला सुरक्षा बल, पुलिस बल की तैनाती की गई थी /और देर रात शांति सोहार्द वातावरण में पहलाम समापन कराया गया/इस मौके पर हजारों हिन्दु, मुस्लिम भाई मौजूद देखें गये।

गोरे लाल मंडल ने वास्तविक जेपी सेनानियों के सत्यापन की उठाई मांग

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। जनता दल (यू) की राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य एवं जेपी सेनानी गोरे लाल मंडल ने जेपी आंदोलन (18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977) से जुड़े वास्तविक भूमिगत सेनानियों के सत्यापन में विलंब और कथित अनियमितताओं का मामला उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, जिलाधिकारी मुंगेर, अनुमंडल पदाधिकारी हवेली खड़गपुर तथा जेपी सेनानी सलाहकार परिषद, पटना को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। गोरे लाल मंडल ने कहा कि वर्ष 2009 में जेपी सम्मान पेंशन योजना लागू होने के बाद मंडल कारा मुंगेर से कई लोगों को बंदी प्रमाणपत्र जारी हुए और सत्यापन के बाद उन्हें पेंशन का लाभ मिल रहा है। उनका कहना है कि उनके पास वर्ष 1979 का मूल बंदी प्रमाणपत्र उपलब्ध है, जो उस समय जारी हुआ था जब ऐसी कोई पेंशन योजना नहीं थी। इसलिए उनके अनुसार उनके प्रमाणपत्र की प्रामाणिकता निर्विवाद है। उन्होंने आरोप लगाया कि टेटिया बंबर और हवेली खड़गपुर क्षेत्र के कई वास्तविक भूमिगत सेनानियों का सत्यापन अब तक पटना नहीं भेजा गया है। आवेदन में अशोक मंडल, बिक्रम पासवान, चमेली देवी, अर्जुन मंडल, नरसिंह मंडल, लखन लाल सिंह, हीरा लाल सिंह, महेश सिंह, भरत राही, वकील यादव और श्रीधर यादव सहित 11 लोगों के नाम शामिल कर उनके सत्यापन की मांग की गई है। गोरे लाल मंडल ने कहा कि जेपी सेनानी नियमावली के अनुसार निर्धारित प्रावधानों के आधार पर सभी पात्र आंदोलनकारियों की निष्पक्ष जांच कर सत्यापन रिपोर्ट शीघ्र पटना भेजी जाए।

महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक पर सियासी संग्राम: अभिजीत दीपके ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नीट विवाद के बाद अब महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक ने एक बार फिर परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में विफल रही है।

नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीपके ने दावा किया कि महाराष्ट्र में परीक्षा से ठीक एक दिन पहले टीईटी को रद्द करना पड़ा, जिससे लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि 2017 से शिक्षक और अभ्यर्थी टीईटी घोटालों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार ने परीक्षा प्रणाली में सुधार के बजाय युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। दीपके ने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान करते हुए कहा कि शिक्षा सुधार और पारदर्शिता की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी जंतर-मंतर पर आंदोलन में शामिल होंगे।

दीपके ने केंद्र सरकार पर फिर निशाना साधा

महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 के कथित पेपर लीक मामले को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट विवाद के बाद अब महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक ने यह साबित कर दिया है कि सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में विफल रही है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक दीपके ने कहा कि महाराष्ट्र में परीक्षा शुरु होने से एक दिन पूर्व टीईटी रद्द करनी पड़ी। क्योंकि इसका भी प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया। अब इस पूरे मामले में पुलिस ने भिवंडी से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। तो वहीं एक और अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया गया है। दीपके ने आरोप लगाते हुए कहा कि 2017 से शिक्षक और अभ्यर्थी अ्श्वअ्ञ घोटालों को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन फिर भी सरकार परीक्षा प्रणाली में सुधार करने के बजाय पढ़ने लिखने वाले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि चाहे राज्य स्तर की परीक्षा हो या राष्ट्रीय स्तर की, केंद्र की सरकार निष्पक्ष परीक्षा कराने में नाकाम रही है।

छात्रों को आवाज उठाने की अपील

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और छात्रों से इस मुद्दे पर खुलकर आवाज उठाने की अपील की। साथ ही उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले धन के स्रोत पर भी सवाल खड़े किए। इस बीच अभिजीत दीपके ने घोषणा की कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

बता दें कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले सोनम वांगचुक रविवार से जंतर–मंतर पर सीजेपी के आंदोलन में शामिल होंगे और वहीं अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। इस आंदोलन कि तैयारी को देखते हुए दीपके ने पहले से ही 'प्रधान गो बैक' अभियान की भी शुरुआत कर चुके हैं। इसके साथ ही छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा सामाजिक संगठनों से इस आंदोलन में भाग लेने की अपील की है।

संक्षिप्त समाचार

एमके स्टालिन विधानसभा में लौटेंगे? चुनाव लड़ने की संभावना

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के मुखिया एम के स्टालिन आने वाले विधानसभा उपचुनाव में त्रिची ईस्ट या सिरकाजी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में, तमलिगा वेत्री कझगम ने 108 सीटें जीतीं और कांग्रेस, लेफ्ट पार्टियों, वीसीके और आईयूएमएल के समर्थन से सरकार बनाई. टीवीके नेता जोसेफ विजय ने दो सीटों पेरम्बूर और त्रिची ईस्ट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की.

वहीं, डीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, जो अपने गढ़ कोलाथुर से चौथी बार चुनाव लड़ रहे थे, उन्हें अचानक हार का सामना करना पड़ा. इस हार से डीएमके कैडर में बहुत सदमा और निराशा फैल गई.

इस बीच, मुख्यमंत्री जोसेफ विजय, जिन्होंने त्रिची ईस्ट और पेरम्बूर दोनों सीटें जीती थीं, ने त्रिची ईस्ट विधायक पद से इस्तीफा दे दिया. इसके अलावा, अन्नाद्रमुक के चार विधायक टीवीके में शामिल होने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया. वहीं, एआईएडीएमके के पूर्व मंत्री सी विजयभास्कर ने भी विधायक पद से इस्तीफा दे दिया. ऐसे में छह विधानसभा सीटें खाली घोषित कर दी गईं.

इन खाली सीटों पर जल्द ही उपचुनाव होने की उम्मीद है, इसलिए राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि एम.के. स्टालिन त्रिची ईस्ट सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. हाल ही में त्रिची में हुई एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में, पूर्व मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने एक प्रस्ताव पेश किया जिसमें डीएमके नेता एम.के. स्टालिन से उपचुनाव लड़ने की अपील की गई.

विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय की आलोचना का जवाब देते हुए, जो उन्होंने एक छोटी कहानी के किस्से के जरिए की थी, पूर्व मंत्री के.एन. नेहरू ने कहा कि एम.के. स्टालिन वाकई विधानसभा में वापस आएंगे. हालांकि, स्टालिन ने कहा था कि त्रिची ईस्ट सीट से चुनाव लड़ने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है. तमिलनाडु में, छह विधानसभा सीटें, त्रिची ईस्ट, पेरुंदुरई, मदुरंथकम, धारापुरम, अंबासमुद्रम और विरालीमलाई अभी खाली हैं.

इसके बीच, उम्मीद है कि एम.के. स्टालिन त्रिची ईस्ट विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ेंगे. अटकलें हैं कि उनके वहां से चुनाव लड़ने की बहुत ज्यादा संभावना है, क्योंकि इस चुनाव क्षेत्र में अल्पसंख्यकों की अच्छी-खासी आबादी है और स्थानीय डीएमके सचिव के एन नेहरू और अंबिल महेश डीएमके नेता की जीत पक्की करने के लिए अपने असर का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं.

खीरे की खेती पर केंद्रीय मंत्री को 99 लाख की सब्सिडी, सफाई में बोले-नियमों के तहत मिला लाभ

जयपुर, एजेंसी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सब्सिडी को लेकर राजनीतिक विवादों में घिर गए हैं। विवाद की वजह है राजस्थान में खीरे के पालीहाउस प्रोजेक्ट के लिए 99.60 लाख रुपये की सब्सिडी अपने ही मंत्रालय से हासिल करना है। कांग्रेस ने इसे हितों के टकराव का मामला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि जब भागीरथ चौधरी स्वयं नेशनल हार्टिकल्चर बोर्ड के पदेन उपाध्यक्ष हैं, तब उनके द्वारा उसी बोर्ड की योजना का लाभ लेना निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। जबकि मंत्री ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने नियमों के तहत एक किसान के रूप में सब्सिडी ली है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। बता दें कि चौधरी का यह प्रोजेक्ट राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के पेह गांव में स्थित है।

अमृतसर में बनेगा माता जानकी और लव-कुश का भव्य मंदिर! : अरविंद केजरीवाल

अमृतसर , एजेंसी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने अमृतसर में माता जानकी और लव–कुश के भव्य मंदिर बनाने की घोषणा की है। अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर को वाल्मिकी समाज के लोगों के लिए भव्य आस्था का केंद्र बताया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्होंने अमृतसर में लव, कुश और माता जानकी को समर्पित एक मंदिर बनाने का फैसला किया गया है। अरविंद केजरीवाल ने

अमृतसर को पवित्र भूमि बताते हुए कहा, मैं अमृतसर को दुनिया की सबसे पवित्र जगहों में से एक मानता हूं। यहां हर धर्म के लोग और संस्थाएं मौजूद हैं। दरबार साहिब यहीं स्थित है। सभी धर्मों और दुनिया भर से लोग यहां श्रद्धा और प्रार्थना के लिए आते हैं, अपने दुखों से राहत पाते हैं और शांति का अनुभव करते हैं। अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर को देशभक्तों की भूमि भी बताया। उन्होंने आगे कहा, यहां दुर्गियाना मंदिर भी है। देशभक्त लोगों के लिए यहां जलियावाला बाग और वाघा बॉर्डर है। भगवान वाल्मिकी ने यहां रामायण लिखी थी, माता सीता यही वाल्मिकी आश्रम रही थी। इसी भूमि पर लव–कुश ने जन्म लिया था और श्री राम का अश्वमेध घोड़ा, जिसे दुनिया में कोई नहीं रोक पाया था। उस घोड़े को यहां पेड़ पर बांधकर रखा था। यह वाल्मिकी समाज के लिए यह आस्था का स्थान है।

सीएम भगवंत मान ने दिए निर्देश : इस दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज ने सिख विधायकों को बेअदबी कानून के मामले में 29 जून को अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना है, हमारी सरकार का रुख यह है कि विधायक, कैबिनेट मंत्री और स्पीकर वहां जाएंगे। वे जो भी सुझाव देंगे, हम उन पर विचार करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि यह प्रिंसिपल के तौर पर फैसला लिया गया है।

सोनम को नहीं मिलनी चाहिए थी जमानत, राजा रघुवंशी की मां ने सिया गोयल के लिए मांगी फांसी

इंदौर, एजेंसी। मेघालय में हनीमून के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी का दर्द एक बार फिर छलक उठा है। पुणे के पास लोहगढ़ किले में मंगेतर केतन अग्रवाल की धकेलकर हत्या करने के मामले ने उनके पुराने जख्मों को हरा कर दिया है। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए उमा रघुवंशी ने पुणे हत्याकांड की मुख्य आरोपी सिया गोयल की तुलना अपनी बहू सोनम रघुवंशी से की। उन्होंने आरोप लगाया कि सिया गोयल कुछ और नहीं बल्कि उनकी बहू सोनम का ही छोटा रूप है।

गौरतलब है कि राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हाल ही में एक निचली अदालत ने जांच में कुछ तकनीकी कमियों का हवाला देते हुए सोनम को सशर्त जमानत पर रिहा किया है, जिस पर राजा की मां ने कड़ी आपत्ति जताई है।

अपने बेटे के मर्डर से गिनाई समानता

भावुक होते हुए उमा रघुवंशी ने कहा कि केतन अग्रवाल का मामला बिल्कुल उनके बेटे राजा के मामले जैसा ही है। दोनों मामलों में समानताएं गिनाते हुए उन्होंने कहा, जिस तरह सोनम रघुवंशी ने पूरी प्लानिंग की थी और बाद में एक झूठी कहानी बुनी ठीक उसी तरह सिया गोयल ने भी साजिश रची और अपने ही मंगेतर को पहाड़ी से नीचे धकेल दिया।

मैं उस मां का दर्द बहुत अच्छी तरह समझ सकती हूं, क्योंकि मैं खुद आज तक अपने बेटे को खोने के गम से उबर नहीं पाई हूं।

किसी के बेटे की जान मत लो

सिया गोयल और सोनम रघुवंशी जैसी युवतियों के रवैए पर उन्होंने कहा, अगर लड़कियों को शादी नहीं करनी है तो मत करें, लेकिन किसी के बेटों की जान तो मत लें। कृपया अपने माता-पिता से बात करें, लेकिन किसी की हत्या करने का अधिकार आपको नहीं है। सोनम रघुवंशी को अदालत से जमानत मिलने पर उमा रघुवंशी ने गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों के आरोपियों को बिना किसी देरी के सख्त सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हो रहा है।

सोनम को नहीं मिलनी चाहिए थी जमानत : उन्होंने आरोप लगाया, सोनम को मिली जमानत समाज में एक बहुत गलत संदेश दे रही है। इससे अपराधियों का हौसला बढ़ेगा। अब आरोपियों को लगने लगा है कि वे इतना बड़ा अपराध करने के बाद भी अगर पकड़े गए तो आसानी से जेल से बाहर आ जाएंगे। पहली बात तो उन्हें पकड़े जाने का कोई डर नहीं है और अगर पकड़े भी गए तो वे सोचेंगे कि जब सोनम छूट सकती है तो हम भी छूट जाएंगे। उन्होंने अंदेशा जताया कि शायद सोनम की जमानत से प्रभावित होकर ही सिया गोयल छोटी सोनम बन गई।

2025 में इंदौर के 29 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शादी मई 2025 में सोनम से हुई थी। शादी के महज 9 दिन बाद दोनों हनीमून के लिए मेघालय गए थे, जहां सोहरा (चेरापूंजी) की एक गहरी खाई में राजा का क्षत–विक्षत शव मिला था। मेघालय पुलिस के मुताबिक, सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाहा और तीन भाड़े के हत्यारों के साथ मिलकर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया था।

केतन अग्रवाल मर्डर केस : पुणे के 26 वर्षीय कारोबारी केतन अग्रवाल की उनकी मंगेतर सिया गोयल ने अपने प्रेमी चेतन चौधरी के साथ मिलकर लोहगढ़ किले की पहाड़ी से धकेलकर हत्या कर दी। सिया ने बदनामी के डर से सगाई तोड़ने के बजाय केतन को रास्ते से हटाना बेहतर समझा और इसे एक ट्रेकिंग हादसे का रूप देने की कोशिश की।

उमा रघुवंशी ने केतन अग्रवाल के परिवार ढांढस बंधाते हुए उनसे न्याय की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा, मुझे मेरे बेटे के लिए अभी तक पूरा न्याय नहीं मिला है, लेकिन मैं केतन के परिवार से यही कहूंगी कि जब तक आरोपियों को मौत की सजा न मिल जाए वे अपनी उम्मीद न खोएं। सिया, सोनम और मुस्कान जैसी सभी आरोपियों को सरेआम फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए।

पूर्व पुलिस अधिकारी लांस श्रॉयर संभाल सकते हैं आईसीई की कमान

ट्रंप ने पूरी तरह योग्य और सच्चा देशभक्त बताया

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व ओक्लाहोमा स्टेट ट्रूपर (राज्य पुलिस अधिकारी) लांस श्रॉयर को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आईसीई) का नया निदेशक बनाने के लिए नामित किया है। ट्रंप ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इसकी घोषणा की। ट्रंप ने लांस श्रॉयर को एक सच्चा देशभक्त और अनुभवी कानून प्रवर्तन अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि श्रॉयर के पास अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का लंबा अनुभव है और वे एजेंसी का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह योग्य हैं।

पूर्व निदेशक टॉड लायंस ने मई में दिया था इस्तीफा: यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब आईसीई के पूर्व निदेशक टॉड लायंस ने मई के अंत में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

उनके बाद निजी जेल संचालक कंपनी के पूर्व अधिकारी डेविड वेंचुरेला कार्यवाहक प्रमुख के रूप में एजेंसी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

मार्कवेन मुलिन ने लांस श्रॉयर की नियुक्ति का किया स्वागत: इस बीच, अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) के नए प्रमुख मार्कवेन मुलिन ने भी श्रॉयर की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि लांस श्रॉयर के पास 29 वर्षों से अधिक का कानून प्रवर्तन अनुभव है और वे राष्ट्रपति ट्रंप के उस अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसके तहत अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और देश से बाहर भेजा जाएगा।

अवैध प्रवासियों पर सख्ती की तैयारी: मार्कवेन मुलिन हाल ही में गृह सुरक्षा विभाग के प्रमुख बने हैं। उन्होंने कहा है कि उनका विभाग बिना अनावश्यक विवादों के काम करेगा। हालांकि उन्होंने आव्रजन नीति पर अपेक्षाकृत नरम रुख की बात कही है, लेकिन ट्रंप की बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई और निर्वासन की नीति को लागू करने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेंगे। लांस श्रॉयर की नियुक्ति को ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन नीति को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब उनके नामांकन को आगे की औपचारिक प्रक्रिया से गुजरना होगा।

यूरोप में रिकॉर्डतोड़ हीटवेव: तेजी से बदल रही महाद्वीप की जलवायु

लंदन/पेरिस, एजेंसी। यूरोप इस वर्ष दूसरी बार अभूतपूर्व हीटवेव की चपेट में है। लंदन, पेरिस, बर्लिन और फ्रांस सहित कई देशों में तापमान ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका नेचर की रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिकों का कहना है कि यह केवल एक असामान्य मौसमीय घटना नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहराते प्रभावों का संकेत है। हालांकि इस बात पर मतभेद है कि यूरोप की जलवायु कब और किस हद तक बदली, लेकिन अधिकांश विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं घटा तो भविष्य में ऐसी भीषण गर्मी और अधिक सामान्य होती जाएगी।

यूरोप में इस साल की दूसरी भीषण हीटवेव ने कई देशों में दशकों पुराने तापमान रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फ्रांस के पिसोस शहर में तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश के इतिहास के सबसे गर्म दिनों में शामिल है। भीषण गर्मी और उससे राहत पाने के प्रयासों के दौरान डूबने जैसी घटनाओं सहित कम से कम 54 लोगों की मौत हो चुकी है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी की जलवायु वैज्ञानिक सारा पर्किन्स- किर्कपैट्रिक कहती हैं कि लंदन जैसे शहरों का 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचना असाधारण घटना है, लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाएं और अधिक देखने को मिल सकती हैं। वहीं, चेक गणराज्य, लिथुआनिया और लक्जमबर्ग के सभी अध्ययन किए गए शहरों में अभूतपूर्व गर्मी दर्ज की गई।

कैलाश मानसरोवर यात्रा: एमईए ने जारी की एडवाइजरी, निजी टूर ऑपरेटरों पर भरोसा न करें तीर्थयात्री?

काठमांडू, एजेंसी। पांच साल के लंबे इंतजार के बाद फिर से शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर विदेश मंत्रालय ने तीर्थयात्रियों के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। नेपाल में कई भारतीय श्रद्धालुओं के फंसने की घटनाओं के बाद मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि चीन में प्रवेश के लिए आवश्यक वीजा और परमिट के बिना यात्रा शुरू करना गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। मंत्रालय ने श्रद्धालुओं से केवल अधिकृत टूर ऑपरेटरों के माध्यम से यात्रा करने और सभी जरूरी दस्तावेज मिलने के बाद ही घर से रवाना होने की अपील की है।

नेपाल में फंसे श्रद्धालुओं ने मांगी मदद: विदेश मंत्रालय ने बताया कि उसे नेपाल में फंसे कई भारतीय नागरिकों से सहायता के अनुरोध मिले हैं। ये श्रद्धालु निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए थे, लेकिन उनके पास चीन में प्रवेश के लिए आवश्यक वीजा और परमिट उपलब्ध नहीं थे। दस्तावेजों की कमी के कारण उन्हें आगे की यात्रा जारी रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



बिना पूरे दस्तावेज यात्रा शुरू न करें: मंत्रालय ने साफ कहा है कि श्रद्धालु भारत से अपनी यात्रा तभी शुरू करें, जब पूरी यात्रा के लिए जरूरी सभी दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हों। केवल इस उम्मीद में यात्रा शुरू करना कि वीजा या परमिट बाद में मिल जाएगा, यात्रियों के फंसने का कारण बन सकता है। इसलिए सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही यात्रा आरंभ करें।

अधिकृत टूर ऑपरेटर का ही करें चयन: विदेश मंत्रालय ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा बुक कराने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि उनका टूर ऑपरेटर विधिवत पंजीकृत और अधिकृत है। अधिकृत ऑपरेटर के माध्यम से यात्रा करने से दस्तावेजी प्रक्रिया सही ढंग से पूरी होती है और यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी या अनावश्यक जोखिम से बचा जा सकता है।

पांच साल बाद फिर शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा: कोविड-19 महामारी और भारत-चीन सीमा पर बढ़े तनाव के कारण वर्ष 2020 से बंद पड़ी कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद वर्ष 2025 में दोबारा शुरू हुई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष यात्रा 15 जून से शुरू होकर 25 अगस्त 2025 तक चलेगी। यात्रा का संचालन दो पारंपरिक मार्गों से किया जा रहा है। पहला मार्ग उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और दूसरा सिक्किम के नाथू ला दर्रे से होकर गुजरता है। यात्रा की बहाली को भारत और चीन के बीच संबंधों में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

5,561 आवेदनों में से 750 यात्रियों का चयन : इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए कुल 5,561 लोगों ने आवेदन किया था। विदेश मंत्रालय ने कंप्यूटरीकृत लॉटरी प्रणाली के माध्यम से 750 तीर्थयात्रियों का चयन किया। यात्रा के लिए कुल 15 जत्थे बनाए गए हैं। इनमें पांच जत्थे, प्रत्येक में 50 यात्री, उत्तराखंड के लिपुलेख मार्ग से जाएंगे, जबकि 10 जत्थे, प्रत्येक में 50 यात्री, सिक्किम के नाथू ला मार्ग से यात्रा करेंगे। दोनों मार्गों पर पहले की तुलना में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और पैदल चलने की दूरी भी काफी कम हो गई है।

धार्मिक आस्था के साथ कूटनीतिक महत्व भी : कैलाश मानसरोवर यात्रा हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद गलवान घाटी संघर्ष के चलते भारत–चीन संबंधों में आई तल्खी के कारण भी यात्रा दोबारा शुरू नहीं हो सकी। इस वर्ष यात्रा की बहाली को केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भारत और चीन के बीच विश्वास बहाली तथा सांस्कृतिक संपर्क मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत माध्यमों से ही यात्रा करें और चीन में प्रवेश के लिए आवश्यक सभी वीजा एवं परमिट प्राप्त करने के बाद ही अपनी यात्रा शुरू करें।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496